**lateral** — **पार्श्व**

दाहिनी-बायीं तरफ या बगल में स्थित अथवा उससे संबंधित; जैसे पार्श्व-शिरा, पार्श्व-रेखा आदि।

**laterotergite** — **पार्श्वपृष्ठकांश**

पृष्ठ का पार्श्व दृढ़ीकरण, जो मुख्य मध्य पृष्ठकांश से भिन्न होता है।

**Lc 50 (lethal concentration 50)** — **एल.सी. 50 (घातक सांद्रण 50)**

धूल, कुहासा, गैस या वाष्प के रूप में वायु में उपस्थित यौगिक की आविषालुता को अभिव्यक्त करने का तरीका। धूल तथा कुहासे में यह सामान्यतया माइक्रोग्राम प्रति लीटर और गैस वाष्प में पी.पी.एम. (p.p.m.) में व्यक्त किया जाता है। एल.सी. 50, मात्रा-निर्धारण का सांख्यिकीय आकलन है जो परीक्षण की जा रही जाति की बहुत बड़ी समष्टि के 50 प्रतिशत को मारने के लिए आवश्यक है। इस सांद्रण से उपचारित प्राणियों में 50 प्रतिशत की मृत्यु हो जाने की आशा की जाती है।

**$Ld_{50}$ (lethal dose 50)** — **एल.डी. 50 (घातक मात्रा 50)**

एक यौगिक की आविषालुता को व्यक्त करने की सामान्य पद्धति। यह प्रायः परीक्षण-प्राणी के शरीर-भार के प्रति किलोग्राम रसायन के मिलीग्राम के रूप में व्यक्त की जाती है (मि.ग्रा./कि.ग्रा./शरीर भार)। एल.डी. 50, मात्रा-निर्धारण का सांख्यिकीय आकलन है जो परीक्षण-जाति की बहुत बड़ी समष्टि के 50 प्रतिशत को मारने के लिए आवश्यक है (अर्थात् जलीय घोल की एक ही मुखीय मात्रा) या कानून द्वारा वह मात्रा, जिसके द्वारा इस प्रकार से उपचारित परीक्षण-प्राणियों के 50 प्रतिशत की 14 दिन के अंदर मृत्यु हो जाने की आशा की जा सकती है। यदि एक यौगिक में एल.डी. 50 शरीर भार 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा. है, तो यह मि.ग्रा./कि.ग्रा. वाले एल.डी. 50 की अपेक्षा अधिक आविषालु है।

**leaf hopper** — **पर्ण फुदका**

होमोप्टेरा–गण के पादपचूषक कीट, जो सिकेडिलिडी अथवा जैसिडी कुल के अंतर्गत आते हैं। ये छोटे मगर लंबे फुदकने वाले कीट पादपों में अनेक विषाणु और कवक रोग फैलाते हैं।

**leaf miners** **पर्ण सुरंगक**

ऐसे कीट जो अधिचर्म स्तरों के बीच सुरंग बना लेते हैं। उदा. –धब्बेदार पर्ण-सुरंगक, सर्पिल पर्ण-सुरंगक।

**leaf roller** **पर्ण लपेटक**

वे कीट, जिनके डिंभक पत्तियों को आपस में लपेटकर नीड बनाते हैं।

**lectotype** **चयन प्ररूप**

मूल विवरण के प्रकाशन के बाद सह–प्ररूपों की शृंखला में से प्ररूप का स्थान ग्रहण कर लेने वाला कोई सह-प्ररूप।

**Lepidoptera** **लेपिडॉप्टेरा, शल्कपंखी गण**

दो जोड़ी झिल्लीमय पंख वाले कीट, जिनके पंखों में अनुप्रस्थ शिराएं बहुत कम होती हैं। शरीर, पंख और उपांग चौड़े शल्कों (scales) से ढके हुए; चिबुक अवशेषी या अनुपस्थित और प्रायः जंभिकाओं (maxillae) से बनी चूषक शुंडिका (proboscis) द्वारा निरूपित होता है। डिंभक क्रॉसरूपी, प्रायः आठ जोड़ी टांगों वाला, कोशित आमतौर पर लगभग अबद्ध और सामान्यतः कोया (cocoon) या मृद-कोशिका (earthen cell) में बंद, पंख में पूर्ण वातकन्यास (tracheation)। उदा. तितलियां और शलभ (मॉथ)।

**lethal dose** **घातक मात्रा**

रसायन की वह मात्रा, जो आविषालु पदार्थ के मि.ली. ग्राम (mg.) में परीक्षण-कीट के शारीरिक भार के प्रति किलोग्राम (kg) की दर से मापी जाती है।

**lethal factor** **घातक कारक**

एक या अनेक ऐसे कारक, जिनकी अभिव्यक्ति जीव की मृत्यु में होती है।

**lethal gene** **घातक जीन**

वह जीन, जो अपने धारक को भ्रूण अथवा आरंभिक अवस्था में ही मार देता है अथवा वंशागत होने पर समयुग्मजी व्यष्टियों को मार देता है।

**leuckaemia (leukemia)** — **श्वेताणुरक्तता**

श्वेताणुओं का कैन्सर जिसमें इनके पूर्वगामियों का बहुगुणन होकर विभेदन नहीं होता। यह अवस्था विषाणुओं या कैन्सरजनी कर्मकों द्वारा प्रेरित होती है। इसमें श्वेताणुओं की संख्या बहुत बढ़ जाती है। (दे. cancer cell)

**leucocyte** — **श्वेताणु**

रूधिर, लसीका और शरीर के ऊतकों में उपस्थित श्वेत कोशिकाएँ। ये हीमोग्लोबिन रहित रूधिर कोशिकाएं जीनों की आंतरिक रक्षा विधियों से संबंधित हैं जैसे भक्षकोशिकता, प्रतिरक्षा अनुक्रिया आदि। उदा. लसीकाणु, एकलाणु, महाभक्षकाणु।

**leucopenia** — **श्वेताणु अल्पता**

रूधिर में श्वेताणुओं की संख्या में कमी होने की दशा।

**leukocytosis** — **श्वेताणुता**

रक्त में श्वेतणुओं की संख्या का बढ़ना।

**Leyding's cell** — **लीडिग कोशिका**

वृषण के अंतराली ऊतक में पाई जाने वाली कोशिकाएँ जिनसे टेस्टास्टेरॉन का स्रवण होता है।

**life table** — **आयु सारणी**

किसी कीट-समष्टि के प्रमुख मर्त्यता-कारकों सहित उसके जन्म-मरण आंकड़ों का संक्षिप्त सार।

**ligand** — **संलग्नी**

रसायन जो दूसरे अणुओं के पूरक स्थलों पर आबंधित होते हैं। कोशिका संकेतन में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

**ligase (synthetase)** — **लाइगेज**

ऐसा एन्जाइम जो द्वि-रज्जु डी.एन.ए. के एक रज्जुक में खांचिका द्वारा विलगित समीपस्थ न्युक्लिटाइड्रों को फॉस्फोडाइएस्टर आबधों (bonds) द्वारा जोड़ता है।

**ligation** **बंधन**

न्यूक्लीक अम्ल के किसी रज्जुक से अवच्छेदित दो रैखिक खंडों को फॉस्फोडाइएस्टर आबंध द्वारा परस्पर जोड़ना। प्रकिण्व द्वारा उत्प्रेरित इस प्रक्रिया का ऊर्जा–स्रोत ए.टी.पी. होती है।

**light trap** **प्रकाश पाश, प्रकाशजाल**

प्रकाशानुवर्ती कीटों को आकृष्ट करने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली एक यांत्रिक युक्ति, जिसमें प्रकाश का उपयोग आकर्षक स्रोत के रूप में किया जाता है।

**lignification** **काष्ठायन**

काष्ठीकृत होने अथवा हो जाने की दशा अथवा स्थिति; किसी कोशिका भित्ति का लकड़ी में परिवर्तित होना।

**ligula** **जिह्विका, लिगुला**

अधरोष्ठ की अंत्य-पालियां या उनके जुड़ जाने से बना अधरोष्ठ का अंत्य-भाग।

**limiting factor** **सीमाकारी कारक**

किसी जीव की सक्रियता और जनन-शक्ति को सीमाबद्ध करने वाले एक या अनेक कारक अथवा व्यवरोधक। उदा. परजीवी, परभक्षी, रोगाणु आदि।

**linkage group** **सहलग्न समूह**

जीनों का समूह जिनके विस्थल एक ही गुणसूत्र में विद्यमान हों।

**linkage** **सहलग्नता**

जीनों के एक ही गुणसूत्र में होने के कारण लक्षण विसंयोजन (segregation) न हो पाना।

**lipase** **लाइपेज**

वह एन्ज़ाइम जो वसा को ग्लिसरॉल और वसीय अम्लों में परिवर्तित कर देता है।

**lipid** **लिपिड**

कार्बनिक यौगिकों का एक वर्ग, जिसमें वसा, तेल, मोम और स्टेरॉल आदि सम्मिलित हैं।

**lipids** **वसा**

रासायनिक यौगिकों का एक विषमांगी समूह जो जल में अविलेय है परन्तु अध्रुवीय विलायकों में विलेय है। ये कोशिकाओं और विशेष रूप से झिल्लियों के महत्वपूर्ण संघटक हैं और इनमें वसा अम्ल पाये जाते हैं। ये हमारे दैनिक आहार का एक हिस्सा हैं और इनके उपचय से पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा मिलती है।

**lipolytic** **वसा-अपघटनी**

वसा को पचाने अथवा तोड़ने वाला।

**liposome** **लिपोसोम, वसाकाय**

द्विपरत लिपिड झिल्ली/झिल्लियों से बने कृत्रिम आशय जो सजीव कोशिकाओं में सहज रूप से अवशोषित हो जाते हैं। इनके माध्यम से कोशिका के भीतर बाहरी पदार्थ पहुंचाये जाते हैं।

**liquid (solution) hybridization** **द्रव (विलयन) संकरण**

विलयन में न्यूक्लीक अम्ल की संपूरक लड़ियों के बीच होने वाली अभिक्रिया।

**littoral** **वेलावासी, वेलांचली**

झील के किनारे या समुद्र तट के आस–पास तली में रहने वाले जीवों के लिए प्रयुक्त। तु. pelagic वेलापवर्ती।

**liver** **यकृत्, जिगर**

ऐसी पाचक ग्रंथि जिसकी वाहिनी आंत्र में खुलती है। कशेरुकियों की यह सबसे बड़ी ग्रंथि पित्त उत्पन्न करने तथा ग्लाइकोजन का भंडारण करने का काम करती है।

**living fossil** **जीवित जीवाश्म**

ऐसे जीवधारी, जो प्रारंभिक काल से अब तक अपरिवर्तित ही चले आ रहे हैं और जिनके निकट संबंधी विलुप्त हो गए हैं। उदा. **स्फीनोडॉन, सीलाकैन्थ**।

**loa-loa** **लोआ-लोआ**

पश्चिमी अफ्रीका और विषुवतीय सूडान के वर्षा-वनों का स्थानिक नेत्र-रोग, जो फाइलेरियाई सूत्रकृमि से होता है।

**locomotion** **संचलन, चलन**

प्राणियों की एक स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने की क्रिया।

**locus** **विस्थल**

वह स्थान, जहाँ पर गुणसूत्र में विशेष लक्षण वाली जीन स्थित होती है।

**locust** **टिड्डी**

टिड्डों (ग्रासहॉपरों) का सबसे अधिक विनाशकारी प्रकार (ऐक्रिडिडीः ऑर्थोप्टेरा), जो दो सुस्पष्ट भिन्न प्रावस्थाओं में पाया जाता हैः 1. एकल और 2. यूथी प्रावस्था। एकल प्रावस्था के दौरान वे अपेक्षाकृत निष्क्रिय, कम हानिकारक और अलग–अलग व्यष्टियों के रूप में रहती हैं। परंतु यूथी प्रावस्था के दौरान ये बहुत सक्रिय हो जाती हैं और एक ही स्थान पर इकट्ठी होकर दल बना लेती हैं तथा वनस्पतियों को खाती हैं और वृन्द (swarm) के रूप में आगे बढ़ती हैं। ये मरुस्थलों, पर्वतों और समुद्रों जैसे अवरोधी को पार करते हुए एक देश से दूसरे देश में पहुंच जाते हैं। उदा. मरुस्थलीय टिड्डी, प्रवासी टिड्डी आदि।

**longitudinal section** **अनुदैर्घ्य काट**

ऐसा काट, जो शरीर की पूरी लंबाई से होकर यानी अग्रपश्च अक्ष से गुजरता है।

तु. transverse section अनुप्रस्थ काट।

**loop** **पाश**

आर.एन.ए. (या एकल लड़ी डी.एन.ए.) के सिरे की कुंडलित रचना। यह द्विक डी.एन.ए. में प्रतीप पुनरावृत्ति के बीच वाले अनुक्रम से संगति रखती है।

louse — **जूं, यूका**

ऐनॉप्लूरा (साइफनकुलेटा) और मैलोफेगा नामक गणों से संबंधित रुधिर-चूषक, पक्षहीन, बाह्य परजीवी कीट। ऐनोप्लूरा में वेधन और चूषण- मुखांग तथा मैलोफेगा में आदंश-मुखांग होते हैं।

luciferin — **ल्यूसिफरिन**

जुगनुओं के प्रकाशोत्पादक अंगों में स्थित कार्यद्रव (सबस्ट्रेट), जो 'ल्यूसीफरेज' एन्जाइम की उपस्थिति में अपचयित (reduce) होकर प्रकाशजनक अंग से प्रकाश उत्पन्न करता है।

lumbar — **कटि**

पीठ यानी रीढ़ के निचले भाग का या उससे संबंधित, जैसे कटि-कशेरुक, कटि-धमनी आदि।

lumen — **अवकाशिका**

किसी नलिकाकार भाग या अंग (जैसे आंत्र, रक्तवाहिका, आदि) में बीच का खोखला स्थान।

lunate — **नवचंद्राकार**

कीट की बाल-चंद्राकार या अर्धचंद्राकार रुधिर कोशिका (रुधिराणु)।

lura — **प्रलोभक**

कीटों को आहार, मैथुन/अंड निक्षेपण-स्थल और समुच्चयन के लिए निर्देशित करने वाला कोई कारक। उदा. मेथिल यूजिनोल, फूलों की गंध, कार्बन डाईऑक्साइड, लैक्टिक अम्ल, शर्करा और प्रोपियोनाइट्राइड आदि।

lymph heart — **लसीका हृदय**

कई कशेरुकियों में लसीका वाहिका का फूला हुआ भाग, जिसके स्पंदन से लसीका रुधिर वाहिका में जाती है।

lymph — **लसीका**

वह तरल जो शरीर की ऊतक कोशिका बाह्य गुहाओं में उन्हें तर करते हुए प्रवाहित होता है। यह लसीका वाहिनियों में बहता है तथा

लसीका ऊतकों में रक्त के साथ कोशिका भित्ति के माध्यम से विनिमय बनाये रखता है। यह उपापचयी विनिमय और अवशिष्ट पदार्थों के निष्कासन के लिये एक माध्यम प्रदान करता है।

**lymphatic system** **लसीका तंत्र**

कशेरुकियों में लसीका ले जाने वाली नलिकाओं की व्यवस्था, जो हृदय के निकट शिरा-तंत्र में मिल जाती है। इसके द्वारा लसीका ऊतक से निकलकर रुधिर में पहुंचती है और जीवाणुओं को नष्ट करने में सहायक होती है।

**lymphocyte** **लसीकाणु, लिम्फोसाइट**

प्रतिरक्षात्मक अनुक्रिया से संबद्ध केन्द्रकीय श्वेत रूधिर कोशिका।

**lymphocytosis** **लसीकाणुता**

रूधिर में लसीकाणुओं की बढ़ती हुई इतनी संख्या जो किसी संक्रामक रोग की सूचक हों।

**lymphoid tissue (lymphatic tissue)** **लसीका ऊतक**

वे ऊतक या अंग जहाँ लसीकाणु बनते हैं जैसे थाइमस ग्रंथि, अस्थि मज्जा या फेब्रिसी प्रपुटी (पक्षियों में)।

**lymphoma** **लसीकार्बुद**

लसीका ऊतक का कैन्सर जैसे बर्किट लसीकार्बुद। (दे. cancer cell)

**lysis of cell** **कोशिका लयन**

कोशिका झिल्ली विदरित होकर अंतर्वस्तु बाहर आना। विभोजी संक्रामक चक्र के अंत में पोषी जीवाणुओं की कोशिका झिल्ली फटकर संक्रामक विभोजियों की संतति बाहर निकल जाती हैं। यह प्रक्रिया रासायनिक अथवा भौतिक कर्मकों द्वारा भी हो सकती है।

**lysogen** **लयजन**

ऐसा जीवाणु जिसमें दमित प्रविभोजी उसके संजीन के अंश के रूप में होता है।

**lysosome** **लाइसोसोम, लयनकाय**

कोशिका में झिल्लिका बद्ध जलअपघटनीय प्रकिण्वों से युक्त छोटे-छोटे काय।

**lysozyme** **लाइसोजाइम**

ऐसा प्रकिण्व जो एन-एसिटाइलग्लूकोन ऐमीन और एन-ऐसिटिल म्यूरेमिक अम्ल के आबंध को निर्जलीकृत करता है।

# M

**macrofauna** **बृहत्प्राणिजात**

स्थलचर और जलचर समुदायों में बृहत्तर प्राणी, जैसे—पक्षी, सरीसृप, जलस्थलचर, मत्स्य, अनेक संधिपाद, केंचुआ, सीपी आदि।

**macrogamete** **बृहत्युग्मक**

संयुग्मन करने वाले दो युग्मकों में बड़ा युग्मक, जो प्रायः मादा युग्मक होता है।

**macromere** **बृहत्खंड**

विषम कोशिका विभाजन से बनने वाली दो कोशिकाओं में से बड़ी कोशिका।

**macromolecule** **महाअणु**

शरीर के अनेक ऊतकों में पाया जाने वाला बड़े आकार का एक भक्षकाणु जो आगत सूक्ष्मजीवों का अंतर्ग्रहण करता है और क्षतिग्रस्त कोशिकाओं तथा कोशिकीय अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकाल देता है।

**macronucleus** **बृहत्केन्द्रक**

पक्ष्माभी प्रोटोजोआ प्राणियों में पाए जाने वाले दो केंद्रकों में से बड़ा केंद्रक, जिसका जनन-क्रिया से कोई संबंध नहीं होता और जो संभवतः प्रोटीन-संश्लेषण में योगदान देता है।

**macropterous** **बृहत्पंखी, दीर्घपंखी**

वे कीट जिनके अग्रपंख असामान्य रूप से बड़े होते हैं तथा जो पूरे उदर को ढके रहते हैं, कभी-कभी उसके पीछे तक भी चले जाते हैं। उदा.—दीमक आदि।

**macrotaxonomy** **वृहद्वर्गिकी**

उच्च कोटि वर्गकों का वर्गीकरण।

**maggot** **मैगट, अपादक**

द्विपंखी (डिप्टेरा) कीटों का पादविहीन लार्वा जिसका शिर-संपुट स्पष्ट नहीं होता। उदा.– गुंजनमक्खी, घरेलू मक्खी आदि।

**malacology** **शुक्तिविज्ञान, मैलाकोलॉजी**

मोलस्कों के अध्ययन से संबंधित प्राणिविज्ञान की शाखा।

**malarial parasite** **मलेरिया परजीवी**

प्रोटोजोआ संघ के स्पोरोजोआ वर्ग में प्लाज़्मोडियम वंश के रोगाणु का सामान्य नाम। वयस्क अवस्था में यह मादा एनोफलीज मच्छर के शरीर में रहता है और मच्छर के काटने पर मानव के रुधिर में पहुंच कर मलेरिया रोग उत्पन्न करता है।

**male intersex** **नर मध्यलिंगी**

ऐसा नर जिसमें अविकसित मादा अंग भी होते हैं।

**male reproductive organ** **नर जननांग**

एक या दो वृषण, शुक्राशय, शुक्रवाहक, अवस्कर और उसकी कंटिका तथा प्रनिदेशक-जैसी सहायक संरचनाओं से बना नर जननांग।

**malformation** **कुरचना**

किसी संरचना का असामान्य परिवर्धन या निर्माण।

**malignancy** **दुर्दमता**

अर्बुद कोशिकाओं की और अधिक घातक बन जाने की प्रवृति जिसके कारण मृत्यु हो जाती है।

**Malignant tumour** **दुर्दम अर्बुद**

अर्बुद का वह प्रकार जिसके कारण प्रायः मृत्यु हो जाती है। तु॰ **benign tumour**

**Mallophaga** **मैलोफेगा**

पंखविहीन कीट, जो मुख्यतः पक्षियों और कभी कभार स्तनियों पर बाह्यपरजीवी के रूप में रहते हैं। नेत्र ह्रासित (reduced) होते हैं और नेत्रक (ocelli) नहीं होते। मुखांग रूपांतरित कर्तन प्रकार के, अग्रवक्ष सुस्पष्ट और मुक्त (अयुक्त), गुल्फ (tarsi) एक या दो खंडीय जिनके अंत में एक या दो नखर (claws) होते हैं। वक्षीय श्वासरंध्र और अधरीय (ventral) लूम नहीं होते और कायांतरण नहीं होता। उदा.–कर्तनी जूएं या पक्षी जूएं।

**malpighian tubules** **मैलपीगी नलिकाएं**

उत्सर्जन नलिकाएं, जो कीट के गुदपथ अथवा अग्रांत के अगले सिरे में खुलती हैं। ये नलिकाएं उनके खोजकर्ता मैलपीगी के नाम से जानी जाती हैं।

**Malpighian corpuscle** **मैलपीगी कणिका**

कशेरुकियों के वृक्क में अनेक छोटी निस्यंदक संरचाएं, जो केशिकागुच्छ और बोमन संपुट से मिलकर बनती हैं।
दे. वृक्क कणिका **renal corpuscle**।

**mammal** **स्तनी**

अपने बच्चों को स्तनग्रंथियों का स्राव यानी दूध पिलाने वाले कशेरुकी प्राणियों का सामूहिक नाम, जिसमें मानव, बंदर, शेर, हाथी, चूहा आदि आते हैं।

**Mammalia** **मैमेलिया**

कपालीय (क्रेनिएट) कशेरुकियों का एक वर्ग, जिसमें मानव तथा अन्य सभी समतापी चतुष्पाद आते हैं। त्वचा के ऊपर रोम (बाल), दुग्धस्रावी ग्रंथियां, दांतों में प्रकार-भेद, बाह्य कर्ण-पल्लव (उभरे हुए कान), उदरबाह्य वृषण, सात ग्रीवा कशेरुकाएं, वक्ष तथा उदर के बीच पेशीय मध्यपट (डायफ्राम) का होना और परिपक्व लाल रुधिर कणिकाओं (रक्ताणुओं) में केंद्रक का न होना इनके विशिष्ट लक्षण हैं।

**mammalogy** **स्तनिकी**

प्राणिविज्ञान की वह शाखा, जिसमें स्तनियों का अध्ययन होता है।

**mammary gland** **स्तन-ग्रंथि**

स्तनियों के अधर तल पर स्थित ग्रंथि, जो मादा में शिशुओं के पोषण के लिए दूध उत्पन्न करती है। इसकी वृद्धि तथा क्रिया हार्मोनों पर निर्भर होती है।

**mandible** **1. चिबुक 2. मैंडिबल**

1. कशेरुकियों में निचला जबड़ा जो एक या कई हड्डियों का बना होता है।

2. संधिपादों में मुंह के एक जोड़ी उपांग, जो आहार-पदार्थों को काटने-पीसने का काम करते हैं।

**mandibular gland** **चिबुक ग्रंथि**

प्रायः कीटों के मुख में चिबुक के मूल में स्थित ग्रंथि-युगल।

**mantis** **मैन्टिस**

डिक्टियोप्टेरा गण के मध्यम या बृहदाकार परभक्षी कीट। ये मैंटोडिया उपगण के अंतर्गत आते हैं। इनकी श्रृंगिकाएं तंतुरूप और कई खंड वाली होती हैं। इनका शिरोभाग प्रवक्ष पृष्ठक से ढका हुआ नहीं होता, मुखभाग चिबुकित होते हैं। इनके अग्रपादों में काफी बड़े प्रग्राही (रैप्टर) होते हैं जो शिकार को पकड़ने के अनुकूल होते हैं और जिन्हें आसानी से पीछे की ओर मोड़ा जा सकता है। उदा. –प्रेइंग मैन्टिस।

**mantle** **प्रावार, मैंटल**

मोलस्कों में त्वचा की एक तह या वलन (फोल्ड), जो शरीर को कुछ-कुछ या पूरी तरह घेरे रहती है और जिससे निकले स्राव से बाहरी कवच बनता है। ब्रैकियोपोड़ों में इससे मिलती-जुलती संरचना।

**marine biology** **समुद्री जीवविज्ञान**

समुद्र में रहने वाले जीवों के अध्ययन से संबंधित जीवविज्ञान की शाखा।

marrow — **मज्जा**

हड्डियों के बीच की गुहा को भरने वाला वाहिकीय ऊतक, जिसमें रक्ताणु तथा कुछ श्वेताणु उत्पन्न और परिवर्धित होते हैं।

marsupial — **मार्सूपियल, शिशुधानी स्तनी**

मार्सूपिएलिया उपवर्ग का शिशुधानी वाला स्तनी। यह शिशुधानी उदर में बाहर एक थैली के रूप में रहती है जिसमें अपरिपक्व बच्चों का पालन-पोषण होता है। उदा. कंगारू।

Marsupialia (Metatheria) — **मार्सूपिएलिया (मेटाथीरिया)**

मैमेलिया का एक उपवर्ग, जिसमें औपोसम, कंगारू जैसे आद्य स्तनी आते हैं और जो मुख्यतः आस्ट्रेलिया, दक्षिणी तथा उत्तरी अमरीका में पाए जाते हैं। अपरिपक्व शिशु के आश्रय के लिए मादा में शिशुधानी का होना इनका विशिष्ट लक्षण हैं।

marsupium — **शिशुधानी**

बाहरी त्वचा की थैली-जैसी संरचना, जिसमें स्तन ग्रंथियां रहती हैं और जहां नवजात शिशु (एकिडना में अंडे) अपनी परिवर्धन क्रिया पूरी करते हैं।

mast cell — **मास्ट कोशिका**

योजी ऊतकों में पाई जाने वाली एक ऐसी कोशिका जिसकी क्षारकरंजी कोशिकाद्रव्यी कणिकाएँ, रुधिर के क्षारकरंजी लसीकाणुओं के समान होते हुए आकार में उनसे छोटी होती हैं। ये प्रमुखतः हिस्टैमीन, सेरेटोनिन और हेपैरिन प्रोटीनों का स्राव करती हैं।

mastication — **चर्वण**

चिबुक दंत द्वारा भोजन को बहुत छोटे-छोटे टुकड़ों या लुगदी में बदल देने की क्रिया।

maternal inheritance — **मातृ वंशागति**

मातृक-क्रम के माध्यम से आनुवंशिक प्रभाव। सामान्यतः ये प्रभाव सूत्रकणिकाओं तथा हरितलवकों में पाए जाने वाले जीनों के कारण होते हैं।

**mating (copulation)** **संगम (मैथुन), सहवास**

(क) जनन के लिए दो व्यष्टियों के नर तथा मादा जननांगों का मिलना। (ख) लैंगिक जनन के दौरान वह क्रिया जिसमें नर कीट अपने शुक्राणुओं को मादा के जननांग पथ में अंतरित कर देता है। इस कार्य को सुगम बनाने के लिए नर में सामान्यतः आलिंगकों और युग्मन-प्रवर्धों के रूप में विशिष्ट संचनाएं होती हैं।

**mating type** **संगम प्ररूप**

जीवों में विपरीत संगम प्ररुपों का पाया जाना जिनके युग्मन से द्विगुणित युग्मज बनते हैं।

**matrix** **आधात्री, मैट्रिक्स**

संयोजी ऊतक, उपास्थि आदि का अंतराकोशिक पदार्थ, जिसमें कोशिकाएं रहती हैं।

**maturation** **परिपक्वन**

जनन-कोशिकाओं अर्थात् शुक्राणु तथा अंडाणु के बनने की प्रक्रिया, जिसमें अर्धसूत्रण द्वारा गुणसूत्रों की संख्या आधी हो जाती है।

**mature** **परिपक्व**

लैंगिक दृष्टि से पूरी तरह परिवर्धित अथवा बढ़ा हुआ; जैसे कोई जीव, युग्मक अथवा कोशिका।

**maxilla** **जंभिका**

कीट-शीर्ष के चर्वक क्षेत्र में उपांगों का दूसरा जोड़ा।

**maxillary palp** **जंभिका स्पर्शक, जंभिका पैल्प**

1. कीटों की जंभिका का सर्वाधिक सुस्पष्ट उपांग, जो कि पैल्पिफर से संलग्न होता है।

2. चर्वण प्रकार के मुखांगों वाले कीटों की जंभिका का बाह्य पार्श्व-कठक।

**maxillary plate** **जंभिका पट्टिका**

हेमिप्टेरागण के कीटों के शीर्ष का रूपांतरित कठक, जो तरल आहार के चूषण में काम आता है।

**maxillary pleurite** **जंभिका पार्श्वकांश**

चिबुकास्थि (मैंडिबल) के ठीक पीछे, शीर्ष के पार्श्वकांश क्षेत्र का वह कठक, जिस पर जंभिका-आधार भीतरी पृष्ठ द्वारा रोपित होता है।

**maxillary stylet** **जंभिका शूकिका**

एक छोटी नुकीली शूक-जैसी जंभिका; ''रेतन-चूषण' तथा 'वेधन-चूषण' मुखांग-प्ररूपों का एक रूपांतरण।

**maxillary teeth** **जंभिका दंत**

जंभिका की लैसीनिया के भीतरी किनारे पर स्थित दांत-जैसे प्रवर्ध, जो आहार को पकड़ने, काटने और चबाने में काम आते हैं।

**maxillary tentacle** **जंभिका स्पर्शक**

पराग के संग्रह के लिये उपयुक्त रचना यानी जंभिका पर स्थित दीर्घ कुंचित शूकमय उपांग। उदा.–यक्का शलभ की मादा, गण लेपिडोप्टेरा, कुल इनकर्वेरिडी आदि।

**maxilliped** **जंभपद**

क्रस्टेशिया की द्वीतीय जंभिका के परवर्ती उपांगों के तीन युग्म; कभी–कभी ऐम्फिपॉड-प्राणियों में प्रथम युग्म जुड़कर, शीर्ष से संलग्न अधरोष्ठ जैसी संरचना बनाता है।

**may fly** **मेफ़्लाई**

मृदुकाय सपंखी कीट, जो एफीमेरोप्टेरा गण में आता है।

**meadow brown** **शाद्वल वभ्रु (तितली)**

छोटे से लेकर मध्यम आकार तक की तितलियां, जिनके पंख भूरे रंग के तथा उन पर नेत्र जैसे वलयाकार धब्बे होते हैं और जिनकी संख्या निश्चित नहीं होती। ये तितलियां छायाप्रिय और नीचे की ओर छद्मतः (cryptically) रंगीन होती है। वयस्क तितलियां अग्रपंखों के आधार की फूली हुई शिराओं से पहचानी जा सकती हैं। ये तितलियां लेपिडोप्टेरा गण के निम्फेलिडी कुल और सेटिरिनी उपकुल के अंतर्गत आती हैं। पूर्णकायांतरणीय डिंभक का आहार प्रायः पोएसी (ग्रैमिनी) कुल के पौधे होते हैं।

**meal worm** **चूर्ण भृंग**

कोलियोप्टेरा गण के कुल टेनीब्रियोनिडी का वह भृंग (*टेनीब्रियो मोलीटर*), जो आहार, आटे, अनाज और अन्य भंडारित खाद्य पदार्थों का सामान्य पीड़क कीट है। इसका डिंभक पीले रंग का तथा बेलनाकार होता है।

**mealy bug** **चूर्णी मत्कुण**

होमोप्टेरा गण के कुल कॉक्सिडी में आने वाला छोटे आकार का कीट, जो लैंगिक दृष्टि से द्विरूपी होता है। यह फलों का प्रमुख पीड़क कीट है।

**Mecoptera** **मीकोप्टेरा**

पतले, साधारण या छोटे आकार के सामान्यतः मांसाहारी कीट, जिनकी शृंगिकाएं लंबी और तंतुरूपी तथा शिर प्रायः उदग्रतः विक्षेपित तुंड (vertically deflected rostrum) के रूप में होता है। मुखांग कर्तनी जीभिका (ligula) नहीं होती। पैर लंबे और पतले, पंख एक जैसे और झिल्लीमय जो विश्रामावस्था में अनुदैर्घ्यतः (longitudinally) तथा क्षैतिज (horizontally) रहते हैं। शिराविन्यास आद्य, उदर लंबा और छोटे लूमों (cerci) वाला होता है। नर जननांग सुस्पष्ट, डिंभक क्रॉसरुपी; अकर्तनी मुखांग और तीन जोड़ी वक्ष-पाद वाले कोशित अबद्ध (exarate), पंख ह्रासित वातकन्यास वाले होते हैं। उदा.—वृश्चिक मक्षिकाएं (scorpion flies)।

**medial cell** **मध्यवर्ती कोशिका**

कीट पंख की 'R' (अरीय) और 'M' (मध्य) शिराओं के बीच घिरा क्षेत्र।

**median effective dose** **मध्यम प्रभावी मात्रा**

पीड़कनाशी की वह मात्रा जो परीक्षण-जीवों पर आधी संख्या में ही अनुक्रिया करती है।

**median oviduct** **मध्य अंडवाहिनी**

मादा जनन-तंत्र की मध्य बाह्यचर्मी निर्गम वाहिनी, जो सामान्यतः जनन-कक्ष या योनि में खुलती है।

**medicolegal forensic entomology** — **चिकित्साविधिक कीटविज्ञान**

कीटविज्ञान की वह शाखा, जिसका संबंध आसपास की महापराधी घटनाओं, प्रायः हिंसापूर्ण अपराधों, जैसे हत्या, आत्महत्या और बलात्कार आदि में संधिपादों के किसी प्रकार विद्‌यमान होने से है। इसके अंतर्गत अन्य उग्र शारीरिक दुर्व्यवहार और निषिद्‌ध अवैध व्यापार भी सम्मिलित हैं।

**medulla oblongata** — **मेडुला ऑब्लांगेटा**

कशेरुकियों में मस्तिष्क का सबसे पिछला भाग, जहां मेरुरज्जु आकर मिलती है। संवेदी आवेगों का समन्वय, श्वसन क्रिया और रक्त वाहिकाओं की गति पर नियंत्रण रखना इसका प्रमुख कार्य है। यहीं से ग्लॉसोफेरिंजियल और वेगस तंत्रिकाएं निकलती हैं।

**medulla** — **मध्यांश, मेडुला**

किसी अंग का भीतरी भाग, जो बाहरी भाग यानी वल्कुट (कॉर्टेक्स) से पृथक् होता है।

**medusa** — **मेडुसा**

बहुरूपी (पोलीमॉर्फिक) सीलेन्टेरेटों में चल रूप (मुक्तप्लावी रूप) जो गोल घंटी-जैसा या छतरीनुमा होता है और जिसमें चारों ओर स्पर्शक होते हैं तथा केंद्र में निचली तरफ मुंह होता है। ये लैंगिक जनन करते हैं और निषेचित अंडे पॉलिप में परिवर्धित होते हैं।

**megakaryocyte** — **महाकेंद्रकाणु**

अस्थि-मज्जा की बड़ी कोशिका जिससे बिम्बाणु उत्पन्न होते हैं।

**meganucleus** — **महाकेंद्रक**

दे. macronucleus गुरुकेन्द्रक।

**melanin** — **मेलानिन**

अनेक कीटों की क्यूटिकल अथवा मानवसहित स्तनियों की त्वचा में पाया जाने वाला काला अथवा गहरा भूरा वर्णक।

**melanocyte** — **मेलैनिन कोशिका**

काले वर्णक से युक्त कोशिकाएँ। उदा. वर्णकधर और दृष्टि पटल रेटिना की वर्णकयुक्त परत की कोशिकाएँ।

**melliphagous (mellivorous)** — **मधुभक्षी**

शहद खाने वाला।

**melting temperature** — **विरज्जुकन ताप**

वह ताप जिस पर डी.एन.ए. का विरज्जुकन हो जाता है, अर्थात् उनके दोनों रज्जुक अलग-अलग हो जाते हैं।

**membrane** — **झिल्ली, कला**

किसी अंग के भागों या अन्य संरचनाओं या आवरण या आस्तर को जोड़ने वाली पतली रेशेदार स्तरीय संरचना।

**membranelle** — **कलाभ, मेम्ब्रेनेल**

कुछ प्रोटोजोआ में एक या कई पंक्तियों के पक्ष्माभों के जुड़ जाने से बना अंगक।

**membranous labyrinth** — **कलागहन, कला लेबिरिंथ**

कशेरुकियों के कान का आंतरिक भाग जिसमें तीन अर्धवृत्तीय नलिकाएं, दृति (युट्रिक्युलस) तथा गोणिका (सैक्यूलस) होती हैं। ये संरचनाएं संतुलन तथा श्रवण का कार्य करती हैं।

**memory cell** — **स्मृति कोशिका**

प्रतिरक्षा-तंत्र की वह कोशिका जो विशिष्ट प्रतिजन के कारण प्रतिरक्षा के लिए सक्रिय अवस्था में रहकर प्रतिरक्षात्मक स्मृति को बनाए रखती है और इस प्रकार प्रतिजन का दोबारा अतिक्रमण होने पर जीवों को द्वितीयक प्रतिरक्षा-अनुक्रिया उत्पन्न करने के लिए पहले से अधिक सक्षम कर देती है।

**Mendelian inheritance** — **मेन्डेलीय वंशागति**

वंशागति का वह प्रकार जिसमें मेन्डेल के नियमों के अनुसार आनुवंशिक लक्षण, जनकों एवं पूर्वजों से उनकी संतति तक पहुंचते हैं। मेन्डेल के तीन नियम हैं—प्रभाविता का नियम, लक्षण विसंयोजन का नियम तथा स्वतंत्र अपव्यूहन का नियम।

**Mendelism** — **मेन्डेलवाद**

मेन्डेल द्वारा किए गए प्रजनन प्रयोगों पर आधारित वंशागति-संबंधी तथ्यों या नियमों के लिए सामान्यतः प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

इसमें मुख्य रूप से कारकों या जीनों के अधीन गुणों या लक्षणों का विवेचन किया जाता है—प्रभाविता (डॉमिनेन्स), विसंयोजन (सेग्रिगेशन) तथा स्वतंत्र अपव्यूहन (इंडिपेन्डेन्ट एसॉर्टमेन्ट)।

**mentum** **चिबुकांग**

प्रचिबुकांग (prementum) तथा अधः चिबुकांग (submentum) के बीच पश्च-चिबुकांग (postmentum) की दूरस्थ पट्टिका।

**merdivorous (coprophagous)** **विष्ठाहारी**

शमल खाने वाला प्राणी। उदा.— भृंग, आदि।

**meroblastic division** **अंशभंजी विभाजन**

अंड का ऐसा विभाजन जिसमें केवल केंद्रक और केंद्रकीय कोशिकाद्रव्य का विभाजन होता है।

**merocrine gland** **अंशस्रावी ग्रंथि**

ऐसी ग्रंथि जिसमें स्तंभिकाकार कोशिकाओं की स्तरीय सतह से स्रावी पदार्थ बार-बार बाहर निकलते हैं। इसमें उनकी संरचना और बाहरी रूप में कोई सुस्पष्ट परिवर्तन नहीं होता। उदा.—स्वेद ग्रंथियां, पाचक ग्रंथियां।

**merocrine secretion** **अंशस्रावी स्राव**

ऐसा स्रवण जिसमें एन्जाइम, कोशिका-कला में से विसरित होकर आंत की अवकाशिका (lumen) में पहुंच जाते हैं।

**meroistic egg tube** **पोषी अंडनलिका**

एक प्रकार की अंड नलिकाएं जिसमें अंडक और पोषकाणु दोनों होते हैं। इसमें अग्रपोषी और बहुपोषी दोनों प्रकार की अंडनलिकाएं शामिल हैं।

**meropodite** **खंड पादांश**

सामान्यीकृत ऊर्विका (femur) का चौथा खंड।

**merozoite** **खंडजाणु**

कुछ प्रोटोजोआ प्राणियों के जीवन चक्र में अलैंगिक विभाजन के फलस्वरूप शाइजॉन्ट से उत्पन्न होने वाली अवस्था; जैसे *प्लाज्मोडियम* यानी मलेरिया परजीवी में।

**mesencephalon** **मध्यमस्तिष्क मीसेन्सेफ़ेलॉन**

मध्य मस्तिष्क का वह भाग जो डाइऐनसेफ़ेलॉन और मेटेनसेफ़ेलॉन के बीच होता है।

**mesenteron** **मध्यांत्र, मेसेन्टेरॉन**

आहार-नाल का वह भाग जिसमें अंतश्चर्मी ऊतकों का आस्तर होता है और जहां आम तौर पर पाचन तथा अवशोषण की क्रियाएं होती हैं। ऐक्टिनोजोआ तथा अन्य गुहांत्र प्राणियों (सीलेन्टेरेटों) में यही प्रमुख पाचक गुहा होती है।

**mesentery** **आंत्रयोजनी**

कशेरुकियों में पर्युदर्या (पेरिटोनियम) की दोहरी परत जिसके द्वारा आमाशय, आंत्र, प्लीहा आदि प्रमुख अंतरंग पृष्ठ देहभित्ति से अथवा परस्पर लगे रहते हैं। कुछ अकशेरुकियों में देहभित्ति या आंतरगुहा (सीलेन्टेरोन) से भीतर की ओर निकली हुई अरीय अनुप्रस्थ झिल्लियां या पट जो आंत्र को संभाले रहते हैं; जैसे एक्टिनोज़ोआ में।

**mesoblast** **मध्यकोरक**

भ्रूण का मध्य कोशिका ऊतक जिसमें मध्योतक तथा मध्यजनस्तर शामिल हैं।

**mesoderm** **मध्यजनस्तर**

मध्यजनस्तर कोशिकाओं के सामान्य स्पर्शरेखीय विभाजन द्वारा उत्पन्न मध्य कोरकीय ऊतक जो निश्चित तौर पर मध्य कोशिका स्तर बन जाता है। मध्यजनस्तर से पेशियों, हृदय, रक्त कोशिकाओं, वसाकाय संयोजी ऊतकों तथा जनन अंगों के भागों का निर्माण होता है, जो बाह्यचर्म से निकले हुए नहीं होते।

**mesogloea** **मध्यश्लेषस्तर, मेसोग्लिया**

द्विस्तरीय प्राणियों (यानी स्पंजों तथा सीलेटेरेटों में) बाह्यत्वचा तथा अंतस्त्वचा के बीच स्थित कोशिकाहीन श्लेषी परत।

**mesonephros** **मध्यवृक्क, मेसोनेफ्रॉस**

कशेरुकियों के भ्रूणीय वृक्क का वह भाग जो प्राक्वृक्क (प्रोनेफ्रोस) के पीछे स्थित और बाद में परिवर्धित होता है।

**mesonotum** **मध्यवक्ष पृष्ठक**

कीट वक्ष की मध्य पृष्ठकीय (tergal) पट्टिका जिससे पंखों की पहली जोड़ी लगी रहती है। उदा.–सपक्ष (pterygote) कीट।

**mesopleuron** **मध्यपार्श्वक**

सपक्ष कीटों का मध्यवक्षीय पार्श्व पृष्ठकांश (tergite) जिस पर उपस्थित कक्षांग गुहिका से मध्यवक्षीय टांग लगी होती है।

**mesotergum** **मध्यपृष्ठक**

कीटों का मध्यवक्षीय पृष्ठक जिस पर पंखों की पहली जोड़ी स्थित होती है।

**mesothorax** **मध्यवक्ष**

कीटों के वक्ष के तीन खंडों में से बीच का खंड, पक्षीय कीटों में वक्ष का द्वितीय खंड जिस पर पंखों की पहली जोड़ी लगी होती है।

**Mesozoic era** **मध्यजीवी महाकल्प**

पृथ्वी के कालक्रम में बीस करोड़ वर्ष पूर्व से लेकर 6 करोड़ वर्ष पूर्व तक का समय। पुराजीवी (पेलियोजोइक) महाकल्प के बाद और नूतनजीवी (सीनोजोइक) महाकल्प से पहले आने वाले इस महाकाल में क्रिटेशस, जुरैसिक तथा ट्राइएसिक कल्प आते हैं। डाइनोसॉर जैसे सरीसृपों की प्रधानता होने के कारण इसे "सरीसृपों का काल" कहा जाता है।

**metabola** **कायांतरज**

कीटों में कायांतरण (जीवन-अवस्थाओं के परिवर्तन) का प्रक्रम।

**metabolic water** **उपापचयी जल**

उपापचय की अवधि में भोजन के ऑक्सीकरण से उत्पन्न होने वाला जल। भंडारित अनाज के कीट और रेगिस्तान के कीट अपनी पानी की आवश्यकता की पूर्ति इसी स्रोत से करते हैं।

**metabolism** **उपापचय**

जीवधारियों में लगातार होने वाली समस्त भौतिक और रसायनिक प्रक्रियाएं जिनमें पदार्थ बनते व टूटते हैं और ऊर्जा संचित अथवा

उत्पन्न होती है। इसमें उपचय तथा अपचय दोनों प्रक्रियाएं शामिल हैं। जटिल कार्बनिक पदार्थों के सरल पदार्थों में विघटित होने से जीवन-क्रियाओं के लिए आवश्यक ऊर्जा मिलती है।

**metabolite** **उपापचयज, मेटाबोलाइट**

उपापचयी क्रिया के दौरान बनने वाला कोई रसायनिक यौगिक।

**metabolous** **कायांतरी**

कीटों में एक प्रकार का परिवर्धन जिसमें कायांतरण शामिल है। यह दो प्रकार का होता है: अल्प कायांतरी, जिसमें अंडा, अर्भक (निम्फ) और वयस्क होते हैं, और पूर्णकायांतरी जिसमें अंडा, लार्वा, प्यूपा (pupa) और वयस्क होते हैं।

**metacarpal** **करभिका, मेटाकार्पल**

चतुष्पाद कशेरुकियों के हाथ में करभों (कार्पेल) तथा अंगुलस्थियों के बीच की हड्डियां; जैसे मनुष्य में हथेली की पांच हड्डियां।

**metacentric chromosome** **मध्यकेंद्र गुणसूत्र**

गुणसूत्र जिसमें सूत्रकेंद्र लगभग मध्य स्थान पर होता है। परिणामस्वरूप इन गुणसूत्रों की दोनों भुजाओं की लंबाई लगभग बराबर होती है।

**metamere** **विखंड**

प्राणी शरीर में अनुदैर्घ्य क्रम से लगे हुए समान खंड या भाग।

**metamerism** **विखंडावस्था**

शरीर के क्रमिक खंडों में बंटे होने की दशा; जैसे पोलीकीट एनेलिडों में।

**metamorphosis** **कायांतरण**

प्राणियों में डिंभक या भ्रूणोत्तर अवस्था से लेकर वयस्क बनने तक रूप, रचना, आकार आदि के परिवर्तन का क्रम; जैसे टैडपोल से वयस्क मेंढक और प्यूपा से वयस्क तितली बनते समय होने वाले परिवर्तन।

metanephros **पश्चवृक्क**

सरीसृपों, पक्षियों और स्तनियों में कार्यशील वयस्क वृक्क। भ्रूणीय अवस्था में यह मध्यवृक्क के बाद परिवर्धित और पीछे की ओर स्थित होता है।

metanotum (metatergum) **पश्चवक्ष पृष्ठक (पश्च पृष्ठक)**

कीट के तृतीय वक्ष खंड (पश्चवक्ष) का पृष्ठीय क्यूटिकली आवरण (वक्ष पृष्ठक) या पश्चवक्ष की पृष्ठक पट्टिका (टरगल प्लेट) अथवा कठक (स्क्लेराइट)।

metaphase **मध्यावस्था**

कोशिका विभाजन का वह चरण जिसके दौरान गुणसूत्र तर्कु तंतुओं से संलग्न होते हैं तथा कोशिका के मध्यवर्ती समतल पर व्यवस्थित हो जाते हैं।

metaplasia **अणुरूपातंरण**

कोशिका के एक प्ररूप का ऐसे दूसरे प्ररूप में रूपांतरण जो शारीरीय संरचना या संबंधित ऊतक से सामान्यतया संबद्ध नहीं होता।

metapneustic **पश्च-रंध्री**

कीट का ऐसा श्वसन तंत्र जो विशेषतः कुछ द्विपंखी (डिप्टेरा) डिंभकों में मिलता है जिसमें केवल अंतिम उदरीय श्वसन रंध्र की जोड़ी ही प्रकार्यात्मक होती है।

metaspiracle **पश्चश्वासरंध्र**

कीट के पश्चवक्षीय खंड का श्वास-रंध्र।

metastasis **परास्थापन**

दुर्दम कोशिका का अर्बुद से अलग होकर परपोषी के शरीर में किसी दूसरे स्थान पर पहुंच कर नया अर्बुद बनाना। दे. cancer cell।

metasternum **पश्च-उरोस्थि, मेटास्टर्नम**

कशेरुकियों में वक्ष की हड्डी यानी उरोस्थि का पश्च भाग। कीटों में पश्चअक्ष की अधर पट्टिका।

**metatarsal** **प्रपदिका, मेटाटार्सल**

कशेरुकियों के पाद में गुल्फिका (टॉर्सल) और अंगुलिअस्थियों के बीच की हड्डियां।

**metatarsus** **प्रपद, मेटाटार्सस**

स्थलीय कशेरुकियों के पश्चपाद में अंगुलियों और गुल्फ (टार्सस) के बीच का भाग। कीटों में गुल्फ की समीपस्थ संधि।

**metatergum** **पश्चपृष्ठक**

कीट के पश्चवक्ष को ढकने वाली पृष्ठीय क्यूटिकलीय पट्टिका।

**Metazoa** **मेटाज़ोआ**

एककोशिक प्राणियों यानी प्रोटोज़ोआ को छोड़कर समस्त बहुकोशिक प्राणियों का समूह। शरीर में दो या अधिक परतें, वयस्क अवस्था में ऊतक व अंगों का विभेदन और तंत्रिका-तंत्र तथा आंत्र-गुहा की उपस्थिति इनके प्रमुख लक्षण हैं।

**microbe (micro-organism)** **सूक्ष्मजीव**

वह जीव जो केवल सूक्ष्मदर्शी की सहायता से ही देखा (परखा) जा सकता है। उदा.–कवक, जीवाणु, प्रोटोज़ोआ, आदि।

**microbial control** **सूक्ष्म जैविक नियंत्रण, रोगाणवीय नियंत्रण**

सूक्ष्मजीवों (रोगाणुओं) के प्रयोग से कीटों का नियंत्रण। रोगाणु आक्रमण, गुणधर्मों, आविषों, एंजाइमों तथा अन्य पदार्थों द्वारा अपना नियंत्रणकारी प्रभाव उत्पन्न करता है।

**microbial insecticide** **सूक्ष्मजैविक कीटनाशी, रोगाणवीय कीटनाशी**

रोगजनक सूक्ष्मजीव अथवा उससे उत्पन्न आविष जिसका उपयोग किसी कीट समष्टि के नियंत्रण के लिए किया जाता है।

**microbial pesticide** **सूक्ष्मजैविक पीड़कनाशी, रोगाणवीय पीड़कनाशी**

रोगजन्य समष्टियों अथवा परभक्षी सूक्ष्मजीवों की विरचना जो एक विशेष पीड़क-समष्टि की विरोधी होती है।

**microbial** **सूक्ष्मजैविक**

सूक्ष्मजीवों की क्रिया से जीव में रोगों की उत्पत्ति अथवा उनके द्वारा पारितंत्र में पोषक तत्वों का पुनःचक्रण।

**microbicidal** **रोगाणुनाशी**

वह कर्मक जो सूक्ष्मजीवियों को नष्ट करे, मार दे, अथवा निष्क्रिय कर दे जिससे कि वे प्रतिकृत न हों अथवा संख्या में बढ़ न सकें।

**microbiology** **सूक्ष्मजैविकी, सूक्ष्मजीवविज्ञान**

जीवविज्ञान की वह शाखा जिसमें प्रोटोजोआ, शैवाल, जीवाणु, विषाणु आदि ऐसे जीवों का अध्ययन किया जाता है जो केवल सूक्ष्मदर्शी द्वारा ही देखे जा सकते हैं।

**microbiota** **सूक्ष्मजीवजात**

किसी पर्यावरण में विद्‌यमान समस्त सूक्ष्जीवी।

**microbody** **सूक्ष्मपिंड**

झिल्ली-आबद्‌ध कोशिकाद्रव्यी अंगक जिसमें विविध ऑक्सिडेस होते हैं (यथा कैटालेस तथा यूरेट ऑक्सिडेस)। उदा. पेरॉक्सी काय।

**microconjugant** **लघुसंयुग्मकी**

कुछ प्रोटोजोआ प्राणियों में संयुग्मन करने वाले जोड़ों में छोटा पक्ष्माभी गतिशील युग्मक।

**microenvironment** **सूक्ष्म पर्यावरण**

कृषि पारिस्थितिक तंत्र का सूक्ष्म घटक।

**microfauna** **सूक्ष्मप्राणिजात**

वे सूक्ष्मप्राणी जो सामान्यतया प्रथम परपोषित हैं। उदा.–प्रोटोजोआ, अनेक प्राणिप्लवक (zooplankton), छोटे कीट, डिंभक, क्रस्टेशिया आदि।

**microgamete** **लघुयुग्मक**

संयुग्मन करने वाले युग्मकों के जोड़े में अपेक्षाकृत छोटा चल युग्मक जिसे प्रायः नर युग्मक समझा जाता है।

**microhabitat** **सूक्ष्मावास**

आवास-विशेष, जिसमें जीव अथवा उसका छोटा समूह रहता है।

**microinjection** **सूक्ष्मअंतःक्षेपण**

एक विधि विशेष जिसमें सूक्ष्म सूइयों द्वारा कोशिकाओं या अंगकों के भीतर द्रव निर्मितियों को सीधे प्रविष्ट कराया जाता है। इस विधि से प्रायः आनुवंशिक पदार्थ अंदर पहुँचाये जाते हैं।

**micromere** **लघुखंड**

खंडित हो रहे अंडाणु के ऊपरी आधे भाग में बनने वाली छोटी कोशिका।

**microorganism** **सूक्ष्मजीव**

बहुत ही छोटा जीव (जैसे एककोशिक प्राणी या बैक्टीरिया) जो केवल सूक्ष्मदर्शी (microscope) की सहायता से ही देखा जा सकता है।

**microscope** **सूक्ष्मदर्शी, माइक्रोस्कोप**

ऐसा चाक्षुष यंत्र जो मात्र आंखों से न देखी जा सकने वाली छोटी वस्तुओं का लेन्सों के संयोजन से बना आवर्धित प्रतिबिंब दिखाता है। उदा.–सरल सूक्ष्मदर्शी, संयुक्त सूक्ष्मदर्शी, इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी, एक्स किरण सूक्ष्मदर्शी।

**microsome** **सूक्ष्मकाय**

राइबोसोमों से संबद्ध अंतर्द्रव्यीय जालिका के विखंडित टुकड़े।

**microspore** **लघुबीजाणु**

आवृतबीजियों में परागकणों के और टेरिडोफाइटों में युग्मकोद्भिदी प्रोथैलस के पूर्वगामी।

**microtome** **माइक्रोटोम**

जीवों अथवा ऊतकों को पतला काटने का उपकरण।

**microtrichium** **सूक्ष्मरोमक**

सूक्ष्म रोम जैसी सरचनाएँ जो मेकोप्टेरा तथा कुछेक डिप्टेरा के पंखों पर पाई जाती हैं। ये बहुत छोटे आवश्यक रोमों की तरह होते हैं, परंतु इनमें कोई आधारीय संधि नहीं होती है।

**microtubule organizing center** **सूक्ष्म नलिका संगठन-केंद्र**

ऐसी संरचना जिससे सूक्ष्मनलिकाएँ विस्तरित **(MTOC)** होती हैं।

**microtubule** **सूक्ष्मनलिका**

अनेक पादप और जंतु कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में पाई जाने वाली नलिकाकार संरचनाएँ जो केवल इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी से ही देखी जा सकती हैं। यह कोशिकाओं के भीतर कोशिका कंकाल के रूप में कार्य करती हैं और जटिल संरचनाओं जैसे पश्चमामिकाओं और समसूत्री तर्कु के रूप में व्यवस्थित होती हैं। सूक्ष्म नलिका की भित्ति सामान्यत 13 आदि तन्तुओं से बनी होती है जिसमें ट्यूबलिन अणुओं की लम्बी-लम्बी कतारें होती हैं।

**microvillus (pl. microvilli)** **सूक्ष्मांकुर**

उपकला कोशिका, विशेष रूप से आंत्र और वृक्ककों की सतह से निकली हुई छोटी अँगुली जैसे प्रक्षेप, जो कोशिका की सतह को बहुत अधिक बढ़ा देते हैं।

**mictic egg** **मिश्र अंड**

रॉटिफरों द्वारा अर्धसूत्रण क्रिया से उत्पन्न अगुणित अंडे जो नरों के रूप में परिवर्धित होते हैं।

**midbrain** **मध्यमस्तिष्क**

कशेरुकियों के भ्रूणीय मस्तिष्क के तीन खंडों में से बीच वाला भाग जो देखने-सुनने के संवेदों से संबंधित होता है।

**middle lamella** **मध्य पटलिका**

कोशिकाओं के मध्य सबसे पहले बनने वाली तथा पेक्टिन से बनी सामान्य संयोजी भित्ति।

**migrant species** **प्रवासी जाति**

भोजन तथा अनुकूल जलवायु की खोज में लंबी दूरी तक अभिगमन करने वाली जाति।

**migration** **प्रवास**

भोजन, प्रजनन आदि आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किसी प्राणि जाति (स्पीशीज) का एक विशिष्ट मौसम में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना और एक निश्चित अवधि के बाद फिर वापस लौटना। यह घटना मुख्य रूप से पक्षियों और कुछ मछलियों में देखी जाती है।

**millipede** **मिलीपीड, सहस्रपाद**

दीर्घ बेलनाकार, शरीर वाला स्थलचर संधिपाद जिसके प्रत्येक आभासी कायखंड पर दो पादयुग्म और दो श्वासरंध्र-युग्म होते हैं (वर्ग-मिरियापोडा, उपवर्ग - डिप्लोपोडा)।

**mimic** **अनुहारक**

वह विकासात्मक प्रक्रम जिसके फलस्वरूप परभक्षियों से बचने के लिए कीट अथवा प्राणि पर्यावरण के अनुसार अपना बाह्यस्वरूप बदल लेता है।

**mimicry** **अनुहरण**

एक प्राणी द्वारा किसी अन्य प्राणी या प्राकृतिक वस्तुओं के रंग–रूप, स्वभाव अथवा आकृति को अपनाना ताकि वह अपने आप को शत्रुओं से बचा सके।

**miner** **सुरंगक**

पादप पत्तियों में सुरंग बनाने वाले कीट।

**minicell** **अवकोशिका**

जीवाणु कोशिका जिसमें गुणसूत्र नहीं होता लेकिन इसमें अनुलेखन तथा अंतरण के लिए आवश्यक घटक होते हैं। इस छोटी कोशिका का निर्माण उत्परिवर्ती जनक कोशिका के द्विखंडन के समय असममित पट के बनने से होता है और इसमें डी.एन.ए. नहीं होता।

**minichromosome** **लघसूत्र**

विषाणु के वर्त्तुल डी.एन.ए. के लिए न्यूक्लिओसोमीय संरचना।

**miocene epoch** **मध्यनूतन युग, मायोसीन युग**

पृथ्वी के कालक्रम में अल्पनूतन (ओलिगोसीन) तथा अतिनूतन (प्लायोसीन) युगों के बीच 25 करोड़ वर्ष पूर्व से लेकर 10 करोड़ वर्ष पूर्व तक की अवधि। मानवाभ स्तनियों की उत्पत्ति इस युग की विशेषता है।

**miracidium** **मिरासीडियम**

परजीवी पर्णाभ कृमियों के जीवन चक्र की प्रथम लार्वा अवस्था।

**misnomer** **मिथ्यानाम**

जीवों का गलत नामकरण जिससे इनको समझने में गलती हो सकती है। जैसे, दीपमक्षी (lantern fly), कर्णकीट (earwigs) मखमली बर्र (valvet ant)।

1. दीपमक्षी (lantern fly): फल्गोरिडी कुल के चूषण मुखांग वाले मत्कुण (बग)। भूल से ऐसा समझ लिया जाता है कि ये लालटेन की तरह चमकते हैं।
2. कर्णकीट (ear wig) डर्माप्टेरा गण के सर्वभक्षी कीट। ऐसा अंधविश्वास है कि ये मनुष्यों के कानों पर आक्रमण करते हैं, इसलिए इन्हें यह 'मिथ्या नाम' दिया गया है।
3. मखमली बर्र (valvet ant): इन्हें मखमली चींटियों का नाम दिया गया है, तथापि ये चींटियां नहीं हैं, बल्कि हाइमेनॉप्टेरा गण की परभक्षी बर्रें हैं। ये भूमि में रहती हैं और इनका डंक पीड़ादायक होता है।

**missing link** **अप्राप्त कड़ी**

किसी जीव का परिकल्पित आदिम स्वरूप जो दो वर्गों के बीच की कड़ी का कार्य करता है।

**mite** **बरुथी**

ऐकेरिना गण में ऐरेक्निडा वर्ग के सूक्ष्म या अत्यंत सूक्ष्म संधिपाद जिन्हें बरुथी या चिंचड़ी कहते हैं। इनका शरीर शिरोवक्ष और उदर में बंटा होता है, जिनमें चार पादयुग्म और वेधन-चूषण मुखांग होते हैं। ये अपमार्जक, परभक्षी, पादप-नाशक जीव या परजीवी हो सकते हैं।

**miticide (acaricide)** **बरुथीनाशी**

बरुथियों के नियंत्रण में प्रयुक्त रसायन। उदा.– वीनापेक्रिल, एरामाइट, एथिल आर्थोफार्मेट, केल्थेन, काराथेन आदि।

**mitochondria** **सूत्रकणिका**

सुकेंद्रकियों में पाया जाने वाला दो फॉस्फोलिपिड द्विपरत झिल्लियों से परिबद्ध स्वपुनरुत्पादी चल कोशिकाद्रव्यी अंगक जो वायुजीवी श्वसन द्वारा ए.टी.पी. के रूप में रासायनिक ऊर्जा का संश्लेषण करता है। इसकी भीतरी झिल्ली के अंतःकटकों एवं आधात्री में सिट्रिक अम्ल चक्र, बीटा ऑक्सीकरण, इलेक्ट्रॉन अभिगमन और ऑक्सीकरणी फॉस्फोरिलन से संबद्ध एन्जाइम स्थित होते हैं।

**mitosis** **समसूत्रण (माइटोसिस)**

केंद्रक विभाजन का प्रकार जिसमें प्रत्येक गुणसूत्र के अनुलिपीकरण से दो समान गुणसूत्र बन जाते हैं और बनने वाले दो संतति-केंद्रकों में समान संख्या में चले जाते हैं। इस प्रकार संतति केंद्रक में गुणसूत्र संख्या, जनक-केंद्रक के समान ही होती है। केंद्रक विभाजन के बाद होने वाले कोशिका-विभाजन से दो समान कोशिकाएँ बन जाती हैं।

**mitotic parthenogenesis** **समसूत्री अनिषेकजनन**

ऐसा जनन जिसके परिपक्वन में एक ही समसूत्री विभाजन होता है जिसके फलस्वरूप प्रथम ध्रुवीय काय और द्विगुणित प्राक्केंद्रक बनता है जिससे भ्रूण का परिवर्धन तथा वृद्धि होती है।

**mitotic apparatus** **समसूत्रण-उपकरण**

दे. achromatic figure

**mitotic index** **समसूत्रण सूचकांक**

एक दशमलव संख्या जो कोशिकाओं के किसी प्रतिदर्श में समसूत्रणशील कोशिकाओं की भिन्न को व्यक्त करती है। प्रायः इसका मान 1 से कम होता है।

**moiety** **अर्धांश**

किसी अणु का वह भाग जो विशिष्ट रासायनिक गुण वाला होता है।

**molar** **चर्वणक**

स्तनियों में कई जड़ों वाले दांत जो पीसने-चबाने के काम आते हैं। अर्गचर्वणक के विपरीत इनके स्थान पर पहले कोई दूध के दांत नहीं होते।

**mole cricket** **छछुंद झींगुर**

ऑर्थोप्टेरा गण के कुल ग्राइलोटैल्पिडी का वह कीट जिसका शरीर भूरा और चपटा होता है। इसके अग्रपाद चपटे, अत्यधिक बढ़े हुए तथा दांत खोदने में सहायक होते हैं। ये भूमि में बिल बनाते हैं और पादपों की कोमल जड़ें खाते हैं। उदा.–**ग्राइलोटाल्पा** जाति।

**mole rat** **छछुंदक**

एक मध्यम आकार का चूहा जिसका सिर और शरीर 200 मि.मी. से कम तथा पूंछ जिसकी सिर और शरीर की तुलना में छोटी होती है। इसका प्राणिविज्ञानीय नाम **नेसोकिया इन्डिका** है। यह सामान्यतया पंजाब और हरियाणा के क्षेत्रों में पाया जाता है।

**molluscicide** **मोलस्कनाशी, मृदुकवचीनाशी**

सब्जियों की फसलों के मृदुकवची पीड़कों (घोंघे, स्लग आदि) पर नियंत्रण रखने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला पीड़कनाशी। उदा.– मेटाएल्डिहाइड, मीथियोकार्ब, कॉपर सल्फेट आदि।

**moniliform** **मालाकार**

मनिकाओं की माला के समान या नियमित अंतरालों पर संकीर्ण संरचना वाली शृंगिका।

**monitoring** **मॉनीटरन, मॉनीटरिंग**

कीटों के प्रादुर्भाव का पूर्वानुमान लगाने में आवश्यक परिवर्तों के मापन का एक प्रक्रम। ऐसा पूर्वानुमान कीट-प्रबंधन युक्तियों का एक महत्वपूर्ण घटक होता है क्योंकि कीट के आक्रमण के सही समय और उसके विस्तार के बारे में दी गई चेतावनी नियंत्रण-उपायों की दक्षता को बढ़ा सकती है।

**monocular (uniocular)** **एकनेत्री (यूनीऑकुलर)**

दृष्टि का ऐसा प्रकार जिसमें दोनों आंखों से बनने वाले प्रतिबिंब अलग-अलग रहते हैं, अर्थात् वे एक दूसरे की अतिव्याप्ति नहीं करते। दोनों आंखों के पार्श्वस्थ होने के कारण दृष्टि को किसी वस्तु पर एक साथ फोकस नहीं किया जा सकता। यह द्विनेत्री दृष्टि का विपरीत शब्द है। उदा. कैमीलियॉन।

**monoecious** **उभयलिंगाश्रयी**

ऐसा जीव जिसमें नर और मादा दोनों के जननांग मौजूद हों।

**monogenic** **एकजीनीय**

एक प्रभावी जीन द्वारा नियंत्रित विशेषक।

**monogynic** **एकजायी**

अलैंगिकतः उत्पन्न होने वाला अथवा उत्पन्न करने वाला जीव।

**monohybrid** **एकसंकर**

ऐसे जनकों (माता-पिता) से उत्पन्न संतति जिसमें केवल एक लक्षण की भिन्नता हो।

**monomorphism** **एकरूपता**

एक ही आकृतिक रूप में मिलने या परिवर्धन की विभिन्न अवस्थाओं में उसके रूप में परिवर्तन का न होना अथवा बहुत ही मामूली–सा परिवर्तन होना। यह बहुरूपता का विलोम है। उदा. किसी सामाजिक कीट की एकरूपी कर्मी उपजाति।

**monophagous** **एकभक्षी, एकाहारी**

वह जीव जो केवल एक ही विशिष्ट आहार को खाता है या किसी विशिष्ट परपोषी का परजीवी होता है। उदा.–कपास का वॉल बीविल।

**monophyly** **एकस्रोतोद्भवता**

समान या निम्न कोटि के निकटतम पूर्वज-वर्गक से एक या अधिक वंश परंपराओं के द्वारा किसीं वर्गक की व्युत्पत्ति।

**monoploid** **एकगुणित, मोनोप्लॉइड**

गुणसूत्रों के एकल आधारभूत समुच्चय वाला व्यष्टि (जीव आदि)।

**monosome** **मोनोसोम**

प्रोटीन-संश्लेषण की आधारी इकाई। जिस में एम.आर.एन.ए. अणु के साथ राइबोसोम जुड़ा होता है। एक एम.आर.एन.ए. अणु के साथ एक से अधिक राइबोसोम जुड़ने पर पॉलिसोम बन जाता है।

**monosomy** **एकसूत्रता**

जीव की कायिक कोशिकाओं में गुणसूत्रों की वह दशा जिसमें द्विगुणित गुणसूत्र संख्या से एक गुणसूत्र कम पाया जाता है।

**Monotremata** **मोनोट्रिमैटा**

अंडे देने वाले स्तनियों का एक गण जो कई लक्षणों में सरीसृपों से मिलता–जुलता है। चूचुकहीन स्तन-ग्रंथियां, वयस्क में श्रृंगी चोंच, अवस्कर का होना, और अंडप्रजक मादा, इनके विशिष्ट लक्षण हैं। उदा. कंटकी चींटीखोर और बत्तखचोंची प्लैटीपस (**ऑर्निथोरिंकस**)।

**monotreme** **मोनोट्रीम, एकछिद्र**

जीवित स्तनियों में सबसे आदिम गण के प्राणी जो, अन्य स्तनियों के विपरीत, अंडे देते हैं। बत्तख चोंची प्लैटीपस तथा कंटकी चीटीखोर इनके प्रमुख उदाहरण हैं।

**monotypic species** **एकलप्ररूपी जाति**

वह जाति जो उपजातियों में विभाजित नहीं होती।

**monotypic** **एकलप्ररूपी**

ऐसा वर्गक जिसमें केवल एक ही निकटतम गौण वर्गक हो।

**monoxenic** **एकागंतुकी**

केवल एक ही जीव की उपस्थिति में तैयार संवर्ध के लिए प्रयुक्त।

**monozygotic** **एकयुग्मजी, एकांडजी**

एक ही निषेचित अंडे से उत्पन्न होने वाले यमजों के लिए प्रयुक्त। उदा. अभिन्न यमज।

**morbidity** **अस्वस्थता**

मृतप्रायः अवस्था; समुदाय की कुल समष्टि में रोगी व्यष्टियों की संख्या का अनुपात।

**mordant** **रंगबंधक**

पदार्थ जो अभिरंजक को स्थिर करता है; जैसे ग्राम अभिरंजन में आयोडीन। कशाभ अभिरंजन में रंगबंधक, कशाभ के व्यास को बढ़ा भी देता है, ताकि उसे सूक्ष्मदर्शी की सहायता से सरलता से देखा जा सके।

**moribund** **मृतप्रायः, मरणासन्न**

कीटनाशी की आविषालुता के कारण कीटों अथवा अन्य जीवों का लगभग मृतकवत् हो जाना।

**morph** **रूप**

व्यष्टिगत परिवर्तों में से एक – जिसके कारण बहुरूपता होती है।

**morphogenesis** **संरचना विकास**

जीवों के शरीर के अंगों तथा उनकी आकृति का उद्‌भव और परिवर्धन।

**morphology** **आकारिकी, आकृतिविज्ञान**

जीवविज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवों के रूप और संरचना का अध्ययन किया जाता है।

**morphometry** **आकारमिति**

कीटों अथवा किसी भी जीव के अंगों के मानक मापकों का अध्ययन। यह अध्ययन वर्गीय विश्लेषण, आकारिकीय संरचनाओं और उनके उपांगों के वर्णन में लाभदायक होता है।

**mortality rate** **मृत्यु दर**

किसी नियत अवधि के दौरान परीक्षण–जीव की प्रति इकाई मृत्यु संख्या जिसे प्रतिशत में व्यक्त किया जाता है।

**mortality** **मर्त्यता, मृत्युदर**

किसी जीव की समष्टि में मृत्यु का अनुपात।

**morula** **मोरुला, तूतक**

भ्रूणीय परिवर्धन में कोरक (ब्लास्टुला) से पहले की अवस्था जिसमें विदलन (क्लीवेज) के फलस्वरूप बहुत से कोरकखंड (ब्लास्टोमियर) बन जाते हैं।

**moth** **शलभ (मॉथ)**

मुख्यतः रात को उड़ने वाले लेपिडॉप्टेरा गण के कीट; जिनका शरीर बड़ा और पुष्ट होता है। इनके पंख अपेक्षाकृत छोटे तथा विराम की स्थिति में शरीर पर क्षैतिज रूप में छत सी बनाते हैं अथवा उसे ढके रखते हैं। इनकी शृंगिकाएं तंतुक अथवा परों (पिच्छों) के समान हो सकती हैं, परन्तु अंतिम छोरों पर यदा-कदा ही विवर्धित होती हैं।

**motor nerve** **प्रेरक तंत्रिका**

केंद्रीय तंत्रिका तंत्र या गुच्छिका (गैंग्लिऑन) से आवेग को सीधे पेशी अथवा किसी ग्रंथि में ले जाने वाली तंत्रिका।

**motor neuron** **प्रेरक तंत्रिकोशिका**

केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की तंत्रिका कोशिका जो पेशियों को गति प्रारंभक आवेग (impulse) भेजती है।

**moult** **निर्मोक**

क्यूटिकल का त्याग।

**moulting (ecdysis)** **निर्मोचन**

कीटों अथवा क्रस्टेशियनों में क्यूटिकल के ढीले पड़ने और बाहर निकल जाने का आवर्ती प्रक्रम। इसके साथ-साथ नई क्यूटिकल का निर्माण चलता रहता है और प्रायः कायभित्ति तथा अन्य भागों में सरंचनात्मक परिवर्तन होते हैं।

**moulting gland (exuvial gland)** **निर्मोचन ग्रंथि, निर्मोकी ग्रंथि**

बाह्यत्वचा (अधिचर्म) की ऐसी ग्रंथियां जो संभवतः निर्मोक-द्रव अथवा तरल स्रावित करती हैं।

**moulting** **निर्मोचन**

कुछ प्राणियों द्वारा त्वचा की बाहरी परतों को समय-समय पर उतार फेंकने की क्रिया, जैसे सांप आदि सरीसृपों तथा अनेक कीटों में।

**mouth parts** **मुखांग**

आर्थ्रोपोडा संघ के प्राणियों में मुंह के चारों ओर अशन से संबंधित अनुबंध; जैसे लेब्रम, मैंडिबल, मैक्सिला, लेबियम आदि।

**mucus** **श्लेष्मा**

प्राणियों में गाढ़ा, लसदार या चिकना तरल जो श्लेष्मा ग्रंथि या श्लेष्मा कला से निकलता है।

**mullerian duct** **मुलेरी वाहिनी**

केशरुकियों में भ्रूणीय मध्यवृक्कीय (मीसोनेफ्रिक) वाहिनी जो वयस्क मादा में अंडवाहिनी बन जाती है।

**multicellular** **बहुकोशिक**

एक से अधिक कोशिकाओं वाले जीवों के लिए प्रयुक्त। प्रोटोजोआ संघ को छोड़कर शेष सभी प्राणी इसी कोटि में आते हैं।

**multiline (resistance)** **बहुवंशक्रमी प्रतिरोध**

सामान्य किन्तु जीनप्ररूपतः भिन्न शुद्ध वंशक्रमों के मिलने से उत्पन्न प्रतिरोध।

**multiparasitism** **बहुपरजीविता**

एक परपोषी पर एक से अधिक जाति के परजीव्याभों की उपस्थिति जिसके कारण सामान्यतः कम आक्रामक जाति के परजीव्याम मर जाते हैं। उदा.–परजीवी डिप्टेरा।

**multiple alleles** **बहु विकल्पी**

विशेष जीन विस्थल पर के दो से अधिक विकल्पियी। दे॰ allele

**multivoltine** **बहुप्रज**

एक वर्ष में एक से अधिक बार अंडे या बच्चे देने वाला प्राणी। उदा. –रेशम कीट, कुछ पक्षी।

**muscle cell** **पेशी कोशिका**

संकुंचनशील कोशिका जो रेखित पेशी, अरेखित पेशी और हृद्पेशी में पाई जाती हैं। इस प्रकार की सभी पेशियाँ संकुंचनशील ऐक्टिन और मायोसिन नामक प्रोटीन अणुओं द्वारा संकुचित होती हैं। कंकाल पेशी कोशिकाएँ प्रायः लंबे आकार की होती हैं इसलिए इन्हें पेशी-तंतु भी कहते हैं। इनमें ऐक्टिन और मायोसिन प्रोटीन एकांतर क्रम में व्यवस्थित होते हैं और पेशी को रेखित आकृति प्रदान करते हैं। हृद्पेशी-कोशिकाएँ अपेक्षाकृत छोटी, एककेन्द्रकित तथा रेखित होती हैं। अरेखित पेशी-कोशिकाएँ छोटी और एककेन्द्रकित होती हैं।

**mutability** **उत्परिवर्तनशीलता**

जीन या जीनप्ररूप में ऐसे नूतन लक्षण आने की प्रवृत्रि जो आनुवंशिक विसंयोजन या आनुवंशिक पुनः संयोजन के कारण नहीं होती।

**mutagen** **उत्परिवर्तजन**

रासायनिक अथवा भौतिक कर्मक जो डी.एन.ए. में परिवर्तन उत्पन्न करके उत्परिवर्तन की दर बढ़ा देता है।

**mutant** **उत्परिवर्ती**

जीव या कोशिका जिसमें उत्परिवर्तन हुआ हो; अथवा, जो उत्परिवर्तन के फलस्वरूप उत्पन्न हो; अथवा, जो उत्परिवर्ती जीन का वाहक हो और जिसके लक्षण प्ररूप में उसकी अभिव्यक्ति हो। यह वन्यप्ररुप से भिन्न होता है।

**mutation rate** **उत्परिवर्तन दर**

किसी दिए हुए विस्थल पर उत्परिवर्तन के होने की दर।

**mutation site** **उत्परिवर्तन स्थल**

गुणसूत्र का वह स्थल जहां डी.एन.ए. के क्षारक युग्म में परिवर्तन होते हैं।

**mutation** **उत्परिवर्तन**

संजीनी (जीनोमी) डी.एन.ए. के न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम में होने वाला कोई वंशानुक्रमीय परिवर्तन। पर्यावरण के परिवर्तनों के प्रति जीन समूहों के अनुकूलन का आधार उत्परिवर्तन ही है। सामान्यतः किसी जाति के लिए उत्परिवर्तन का निम्न स्तर बना रहना ही लाभकारी होता है क्योंकि अधिकांश उत्परिवर्तन हानिकारक होते हैं।

**muton** **उत्परिवर्तक**

डी.एन.ए. की लघुतम इकाई जिसमें फेर बदल होकर उत्परिवर्तन पैदा हो सकता है। यह एकल न्यूक्लियोटाइड के तुल्य होता है।

**mutualism** **सहोपकारिता**

विभिन्न जातियों के दो जीवों का साथ-साथ रहना जिससे दोनों को परस्पर लाभ होता है। उदा. दीमक और उसके शरीर के अंदर रहने वाले कशाभी प्रोटोजोआ।

**mycetome** **विपुंज, माइसीटोम**

कोलिय्रोप्टेरा और हेमिप्टेरा गण के अनेक कीटों में पूर्ण विकसित परिवर्ती रूप और आकार के माइसीटोसाइटों से बने अंग।

माइसीटोसाइटों में विभिन्न रूपों के दो या उससे अधिक सूक्ष्मजीव, जैसे—यीस्ट, जीवाणु, प्रोटोजोआ होते हैं, जो अपने परपोषियों को जल में घुलनशील विटामिनों अथवा ऐमीनो—अम्लों की आपूर्ति करते हैं।

**mycetophagous (mycophagous)** **कवकभोजी**

कवकों का अशन करने वाली; मच्छर के समान, कोमल, फीके रंग की मक्खियां जिनके डिंभक अंधेरे और सीलन भरे स्थानों में रहते और कवकों का अशन करते हैं।

**mycoplasma** **माइकोप्लाज्मा**

सूक्ष्मजीव जो प्राक्केन्द्रकी तथा बहुरूपी होता है और जिसमें जीवाणु तथा विषाणु दोनों के लक्षण पाए जाते हैं।

**myelencephalon** **माइलेन्सेफैलॉन**

मस्तिष्क के पांच प्रमुख भागों में सबसे पीछे स्थित भाग जिसमें मेड्यूला ऑब्लांगेटा आता है।

**myelin sheath** **माइलिन आच्छद**

तंत्रिकाक्ष का रोधी आवरण, जो श्वान कोशिका की प्लाज्मा झिल्ली द्वारा बनता है।

**myelin** **माइलिन**

माइलिन-युक्त तंत्रिका तंतु के सफेद आच्छद को बनाने वाली हाइपोप्रोटीन।

**myeloma** **मज्जार्बुद**

प्लाज्मा कोशिकाओं या अस्थिमज्जा कोशिकाओं का कैन्सर।

**myiasis** **माइएसिस, मक्षिकता**

डिप्टेरा गण के डिंभक के ग्रसन से उत्पन्न रोग अथवा क्षति।

**myocyte** **पेशी अणु**

विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं में से एक प्रकार की विशिष्ट संकुचनशील कोशिका, जो पेशी-ऊतक बनाती हैं। स्तनधारियों में इनकी चार किस्में पाई जाती हैं: रेखित पेशी-कोशिका, अरेखित पेशी-कोशिका, हृद्‌पेशी कोशिका और मायोएपीथीलियमी कोशिका।

**myology** **पेशीविज्ञान**

शारीर (anatomy) की वह शाखा जिसमें पेशियों का अध्ययन किया जाता है।

**myomere** **पेशीखंड**

मध्यजनस्तर (मीसोडर्म) का विखंडतः खंडित (मेटामेरिकली सेग्मेन्टेड) भाग जिससे कशेरुकियों की खंडीय पेशियां निकलती हैं। कभी-कभी इस शब्द का प्रयोग वयस्क प्राणि-खंड के लिए भी किया जाता है।

**myoneme** **पेशीसूत्र, मायोनीम**

कई प्रोटोजोआ प्राणियों के बहिर्द्रव्य में सूक्ष्म संकुचनशील तंतुक।

**myosin** **मायोसिन**

पेशी कोशिकाओं के स्थूल तंतुओं का प्रमुख संकुचनशील कोशिका पंजरीय प्रोटीन।

**myotome** **आदिपेशी खंड, मायोटोम**

विखंड के अनुरूप देह-पेशी का एक भाग।

**Myriapoda** **मीरियापोडा**

संधिपाद (आर्थ्रोपोड) प्राणियों का एक वर्ग जिसमें कांतर (सेन्टीपीड) और गिजाइयां (मिलीपीड) आती हैं। अनेक पैरों वाला लंबा-पतला शरीर, सुस्पष्ट सिर और समान खंडों वाला धड़, एक जोड़ी शृंगिका

तथा वातिका (ट्रैकिया) द्वारा वायुश्वसन इनके प्रमुख लक्षण हैं। उदा. स्कोलोपेन्ड्रा (कांतर या कनखजूरा)।

**Myrientometa** **मिरिएन्टोमेटा**

देखें प्रोट्यूरा।

**myrmecophagous** **चींटीभक्षी**

चींटी खाने वाले प्राणी; जैसे अदंती वर्ग के स्तनी।

**myrmecophil** **चींटीरागी**

चींटियों के घोंसलों में प्राकृतिक रूप से निवास करने वाले प्राणी; जैसे कोलिऑप्टेरा गण के कुछ कीट।

# N

**naiad** — **जलार्भक, नायड**

जलीय हेमीमेटाबोला कीट का परिपक्व इन्स्टार। उदा.–ओडोनेटा, एफीमेरोप्टेरा आदि कीटों के जलीय अर्भक।

**nares** — **नासाछिद्र**

कशेरुकियों में नासा-गुहाओं के छिद्र या रंध्र जो प्रायः युग्मित होते हैं। भीतरी या पश्च रंध्र ग्रसनी में खुलते हैं और बाहरी या अग्र रंध्र बाहर की ओर।

**nascent** — **नवजात**

वह जीव अथवा पदार्थ जो अस्तित्व में आ रहा है अथवा जिसके अस्तित्व का प्रारंभ है। उदा. नवजात DNA

**natatorial leg** — **तरणार्थ पाद, तरणपाद**

तैरने के लिये अनुकूलित पाद।

**natural control** — **प्राकृतिक नियंत्रण**

जैविक और अजैविक कारकों की सामूहिक क्रिया द्वारा किसी नाशक कीट-समष्टि के घनत्व को अवधि-विशेष के दौरान वहन-क्षमता की सीमाओं के भीतर बनाए रखना।

**natural enemy** — **प्राकृतिक शत्रु**

ऐसा जीव जो किसी अन्य पादप या प्राणी की समयपूर्व मृत्यु का कारण बन जाता हो।

**natural selection** — **प्राकृतिक वरण**

प्रकृति में स्वतः होने वाली चयन-क्रिया, जिसके फलस्वरूप अनुकूलतम जीव ही जीवन-संघर्ष में सफल होते हैं और कम अनुकूलन-क्षमता वाले जीव क्रमशः लुप्त हो जाते हैं।

**nauplius** **नॉप्लियस**

अनेक क्रस्टेशियनों में अंडों से निकलने के बाद की प्रथम लार्वा अवस्था जिसमें तीन जोड़ी उपांग होते हैं।

**necrophage** **मृतभक्षी**

वे जातियां जो मृत जीवों के ऊतकों पर अशन करती हैं।

**nekton** **तरणक**

सागर में सक्रिय रूप में तैरने वाले जीव।

**nematocyst** **दंशकोशिका**

सीलेन्टेरेटों में शिकार मारने के उपकरण वाली कोशिका जिसमें विषैला तरल भरा होता है और एक लंबी धागे जैसी संरचना मुड़ी अवस्था में रहती है।

**Nematoda** **नेमेटोडा**

गोल, पतले सिलिन्डराकार या धागे-जैसे कृमियों का संघ जिसके कुछ सदस्य प्राणियों तथा पौधों में परजीवी होते हैं किंतु कुछ मिट्टी, पानी आदि में स्वतंत्र रूप में भी रहते हैं। दोनों सिरों पर नोकीला; खंडहीन शरीर तथा कूटप्रगुहा (स्यूडोसील) का पाया जाना इनके विशिष्ट लक्षण हैं। उदा. **ऐस्केरिस, ऐन्काइलोस्टोमा** आदि।

**nematode** **सूत्रकृमि**

त्रिकोरकी, द्विपार्श्व, सममिति वाला, खंडहीन, कूटगुहिक कृमिरूप प्राणी।

**neo-darwinism** **नव-डार्विनवाद**

डार्विन के विकासवाद का नया रूप जिसमें उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) तथा वरण को विकास प्रक्रिया का आधार माना जाता है।

**neontology** **नवजीवविज्ञान**

विज्ञान की वह शाखा, जो जीवधारियों (कीट सहित) की विविधता से संबंधित है।

**neoplasm** **नवद्रव्य**

कोशिकाओं की समष्टि जिनका अपसामान्य दर से प्रचुरोद्भवन हुआ हो जिस कारण यह उन कारकों के बस में नहीं होता जो जीवों में सामान्य रूप से वृद्धि और कोशिका विभाजन का नियंत्रण करते हैं। प्राणियों में यह सुदम अथवा दुर्दम हो सकता है।

**neoteny** **चिरडिंभता, निओटेनी**

किसी प्राणी के स्थायी रूप से अपरिपक्व या डिंभक अवस्था में बने रहते हुए भी जनन क्षमता का आ जाना; जैसे ऐम्बिटोमा का एक्सोलोटल लार्वा।

**nephridium** **वृकक्क**

कई अकशेरुकियों (केंचुओं, चपटे कृमियों आदि) तथा ऐम्फिओक्सस में उत्सर्जन से संबंधित संरचना। केंचुओं में यह कशाभी कीप के रूप में होती है जो अंदर प्रगुहा में खुलती है और एक नली द्वारा शरीर के बाहर चली जाती है।

**nephron** **नेफ्रॉन**

कशेरुकी वृक्क की संरचनात्मक तथा कार्यात्मक इकाई।

**nephrostome** **वृक्ककमुख**

कुछ वृक्ककों का आंतरिक छिद्र जिससे वे प्रगुहा (सीलोम) में खुलते हैं।

**nephrotome** **नेफ्रोटोम**

कशेरुकियों के भ्रूण में मध्यजनस्तर (मेसोडर्म) का भाग जिनसे बाद में वृक्क नलिकाएं निकलती हैं।

**neritic** **नेरिटांचली**

खुले सागर में न होकर समुद्र-तट के आस-पास पाए जाने वाले जीवों के लिए प्रयुक्त। दे. littoral वेलांचली।

**nerve cell** **तंत्रिका कोशिका**

दे. neuron।

| | |
|---|---|
| **nerve trunk** | **तंत्रिका स्तंभ** |
| | परिधीय तंत्र में तंत्रिका रेशों का गुच्छा (सामान्य तंत्रिका)। |
| **nerve** | **तंत्रिका** |
| | तंत्रिका रेशों का बंडल या बंडलों का समूह जो संयोजी ऊतक द्वारा परस्पर आबद्ध एवं एक पूलाच्छद से घिरे होते हैं। इनके माध्यम से मस्तिष्क तथा मेरुरज्जु और शरीर के विभिन्न भागों में आवेग संचार होता है। |
| **nerve-fibre** | **तंत्रिका-तंतु** |
| | तंत्रिकाक्ष अथवा तंत्रिकोशिका की दूसरी शाखाएं। |
| **nervous system** | **तंत्रिका तंत्र** |
| | किसी जीव में पाए जाने वाली ऐसी संरचनाओं का समूह जो विभिन्न संवेदों तथा गतिविधियों में तालमेल बैठाने के उद्देश्य से आवेगों को शरीर के एक भाग से दूसरे भागों में पहुंचाती हैं। |
| **neural arch** | **तंत्रिकीय चाप** |
| | कशेरुक के सेन्ट्रम से पृष्ठतः निकलने वाली युग्मित चाप जो ऊपर की ओर एक दूसरे से जुड़ कर तंत्रिकीय नाल बनाती है। |
| **neural canal** | **तंत्रिकीय नाल** |
| | कशेरुक की तंत्रिकीय चापों के परस्पर मिलने से बनी संरचना या नलिका जिसमें होकर मेरुरज्जु जाती है। |
| **neural groove** | **तंत्रिक खांच** |
| | भ्रूण में तांत्रिक कठकों के बीच मध्यवर्ती अधरीय खांचें। |
| **neural ridge** | **तंत्रिक कटक** |
| | भ्रूण के दो अनुदैर्घ्य-अधर कटक जिनमें तंत्रिकोरकों के पार्श्व-रज्जु बनते हैं। केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की शुरूआत तंत्रिक कठक से होती है और तंत्रिक खांच इस कठक को अलग करती है। |
| **neural spine** | **तंत्रिकीय कंटक** |
| | कशेरुक में तंत्रिकीय चाप के पृष्ठ मध्य भाग से निकला अस्थिल प्रवर्ध। |

**neurilemma** **तंत्रिकाच्छद**

तंत्रिका ऊतक का केंद्रकित आच्छद जो गुच्छिका, तंत्रिकाक्ष और अंतःस्थ शाखाओं को ढकता है।

**neurite** **तंत्रिकावर्ध**

एक तंत्रिकोशिका का प्रधान प्रवर्ध अथवा तंत्रिका रेशा (तंत्रिकाक्ष)।

**neuroblast** **तंत्रिकोरक**

बाह्यजनस्तर (एक्टोडर्म) से विभेदित आद्य तंत्रिका कोशिकाएं जिनसे तंत्रिका ऊतक बनता है।

**neurofilament** **तंत्रिका तंतु**

तंत्रिका कोशिका के भीतर पाया जाने वाला तंतु, जो तीन भिन्न-भिन्न मध्यवर्ती तंतु पॉलिपेप्टाइडों से बना होता है। ऐसा माना जाता है कि तंत्रिकाक्षों को दृढ़ करने में तथा तंत्रिकाक्षीय अभिगमन में इसकी आवश्यक भूमिका होती है।

**neuron** **न्यूरोन, तंत्रिएक**

संकेतों को ग्रहण करने, उनका संवहन तथा प्रेषण करने वाली तंत्रिका कोशिकाएँ। हर न्यूरोन में चार मुख्य भाग होते हैं : कोशिका पिंड, द्रुमिका, तंत्रिकाक्ष टर्मिनल तथा तंत्रिकाक्ष की शाखाएँ।

**neuropile** **तंत्रिका पुंजक**

गुच्छिका में उपस्थित मज्जा-पदार्थ अथवा रेशेदार ऊतकों का पुंज।

**Neuroptera** **न्यूरोप्टेरा**

छोटे से लेकर बड़े आकार के मृदु–शरीरी कीट जिनकी शृंगिकाएं प्रायः लंबी होती हैं। मुखांग कर्तन के लिए अनुकूलित, जीभिका अविभाजित अथवा द्विपालिक अथवा प्रायः क्षीण। एक जैसे दो जोड़ी झिल्लीमय पंख जो विश्राम के समय सामान्यतः उदर पर छत जैसी स्थिति में रहते हैं। शिराविन्यास आद्य लेकिन अनेक सहायक शिराएं। उदर लूम रहित। डिंभक मांसाहारी, रूपांतरित कैम्पोडियारूपी जिसके मुखांग कर्तनी या चूषकीय होते हैं, जलीय रूपों में प्रायः उदरीय क्लोम होते हैं। कोशित अबद्धपंखों में पूर्ण

वातकन्यास (tracheation) । उदा.—पौरमक्षी (alder fly), पिपीलिका सिंह (ant lion), जालपंख (lacewing) और सर्पाभ मक्षी (snake fly)।

**neurosecretary cell** **तंत्रिका-स्रावी कोशिका**

हार्मोन को स्रावित करने वाली ग्रंथि के समान विशिष्ट तंत्रिका-कोशिका।

**neurosecretion** **तंत्रिका-स्राव**

उद्दीपन अनुक्रिया के परिणामस्वरूप तंत्रिका-कोशिकाओं द्वारा स्रावित पदार्थ।

**neurotoxic** **तंत्रिकाविषी**

तंत्रिका तंत्र को क्षति पहुंचाने वाला कारक।

**neutrophil** **उदासीनरंजी**

कोशिकाद्रव्यी कणिकाओं तथा बहुपालि केंद्रक से युक्त एक प्रकार का बहुरूप केंद्रकी श्वेताणु। ये अति भक्षकाणुक होते हैं और बैक्टीरियाई संक्रमण के समय इनकी संख्या बहुत बढ़ जाती है।

**niche** **निकेत**

अधःस्तर तथा सूक्ष्मजलवायु को सम्मिलित करती हुई किसी जाति की पारिस्थितिक स्थिति जो उस जाति की निजी आवश्यकताओं तथा उसकी पारस्परिक क्रियाओं के सर्वाधिक उपयुक्त है अथवा वे पर्यावरणीय कारक जिनमें कोई जाति सर्वथा अनुकूल रहती है या जो उस जाति की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

**nictitating membrane** **निमेषक झिल्ली**

निचली पलक के नीचे पतली पारदर्शी झिल्ली या तीसरी पलक जो आंख को साफ रखने में सहायक होती है। यह कुछ शार्कों तथा उभयचरों, अधिकांश सरीसृपों तथा पक्षियों और कुछेक स्तनियों में सुपरिवर्धित रूप में पाई जाती है।

**nidicolous** **नीडवासी**

ऐसे पक्षियों के लिए प्रयुक्त जो कुछ–कुछ अपरिपक्व अवस्था में अंडे से बाहर निकल कर कुछ समय तक घोंसले में ही रहते हैं।

**nidifugous** — **नीडापाश्रयी**

ऐसे पक्षियों के लिए प्रयुक्त जो परिपक्व अवस्था में अंडे से निकलकर फौरन ही घोंसले से बाहर जा सकते हैं।

**nitrogen-fixation genes (*nif* genes)** — **नाइट्रोजन स्थिरक जीन निफ जीन**

जीवाणुओं में नाइट्रोजन यौगिकीकरण के लिए पाए जाने वाले जीन; विशेषतः फलीदार पौधों की मूल ग्रंथियों में रहने वाले राइजोबियम के जीन।

**nocturnal** — **रात्रिचर**

रात में चलने-फिरने या सक्रिय रहने वाला (प्राणी); उदा. उल्लू, चमगादड़ आदि।

**nomen dubium** — **संदिग्ध नाम**

किसी जाति का वह नाम जिसके पक्ष में इतने पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं कि उस प्राणी जाति की पहचान को मान्यता दी जा सके।

**nomen novum** — **नव नाम**

किसी वर्गक के पूर्व-निर्धारित नाम के स्थान पर दिया गया नया नाम।

**nomen oblitum** — **लुप्त नाम**

ऐसा नाम जिसकी प्रमाणिकता परिसीमन अधिनियम के अनुसार खत्म हो गई है।

**nominal taxon** — **नामीय वर्गक**

अपने प्ररूप से परिभाषित कोई भी नामधारी वर्गक।

**non-disjunction** — **अवियोजन**

अर्धसूत्री विभाजन में समजात गुणसूत्रों का, और सूत्री विभाजन में सहजात अर्धगुणसूत्रों का अलग-अलग न होना।

**nonsense mutation** — **निरर्थक उत्परिवर्तन**

डी.एन.ए. में ऐसा परिवर्तन, जिसमें निरर्थक प्रकूट द्वारा अमीनो अम्ल का निरूपण करने वाले प्रकूट का विस्थापन होता है। इसके

परिणामस्वरूप पॉलिपेप्टाइड शृंखला परिपक्वता से पहले ही समाप्त हो जाती है।

**non-viable** **जीवन-अक्षम**

परिवर्धन तथा उत्तरजीविता में असमर्थ जीव।

**notochord** **पृष्ठरज्जु, नोटोकॉर्ड**

कार्डेटा संघ के प्राणियों में वयस्क या भ्रूण अवस्था में मौजूद शरीर को साधने वाला अक्षीय दंड जो मेरु-रज्जु और आहार-नाल के बीच लंबाई में सिर से पूंछ तक स्थित होता है। अधिकांश कशेरुकियों में यह केवल भ्रूण में ही पाया जाता है। वयस्क में इसकी जगह अनेक कशेरुकाएं बन गई होती हैं।

**notum** **वक्षपृष्ठक**

संधिपादों (आर्थ्रोपोडों) में वक्ष के प्रत्येक खंड का पृष्ठीय भाग।

**nuclear pore** **केंद्रकीय**

केंद्रक आवरण में वह रंध्र, जिसके द्वारा केंद्रक और कोशिका-द्रव्य के बीच पदार्थ का विनिमय होता है।

**nuclease** **न्यूक्लिएज़**

प्रकिण्वों का एक वर्ग, जो फॉस्फोडाइएस्टर आबंधों का या तो एकल रज्जुक अथवा द्विक्-रज्जुक न्यूक्लीक अम्ल अणु में जल अपघटन कर देता है।

**nucleic acid** **न्यूक्लीक अम्ल**

पेन्टोस शर्करा, नाइट्रोजनी क्षारक और फॉस्फोरिक अम्ल की पुनरावृत्त इकाइयों (न्यूक्लिओटाइडों से बना) बृहत् अणु।

**nucleoid** **केंद्रकाभ**

1. प्राक्केंद्रकों की सूत्रकणिका अथवा हरित लवक में डी.एन.ए. का प्रक्षेत्र।

2. आर.एन.ए. अर्बुद विषाणु में आनुवंशिक आर.एन.ए. का क्रोड जो विंशफलकीय प्रोटीन पेटिका से घिरा होता है।

**nucleolar organizer** **केंद्रिक-संगठक**

वे गुणसूत्र-प्रक्षेत्र जिनसे केंद्रिका संबद्ध होती हैं। इनमें राइबोसोमी आर.एन.ए. जीनों की बहुत सी प्रतियाँ पाई जाती हैं। पश्चावस्था गुणसूत्रों में ये पृथक् अभिरंजनीय संकीर्णन के रूप में दिखाई देते हैं।

**nucleolus** **केंद्रिका, न्यूक्लिओलस**

केंद्रक के अंदर छोटी सघन संरचना जिसमें आर एन ए और प्रोटीन होते हैं। ये राइबोसोम के संश्लेषण में योग देती है।

**nucleoplasm** **केंद्रकद्रव्य**

केंद्रक झिल्ली से घिरा, क्रोमैटिन को छोड़कर, शेष समांगी द्रव भाग।

**nucleoprotein** **न्यूक्लिओप्रोटीन**

प्रोटीन और न्यूक्लीक अम्ल के संयोजन से बना यौगिक।

**nucleoside** **न्यूक्लिओसाइड**

यौगिक अणु जो प्यूरीन अथवा पिरीमिडीन क्षारक और पेन्टोस शर्करा के सहसंयोजी आबंधन से बनता है।

**nucleosome** **न्यूक्लिओसोम**

सुकेंद्रकी क्रोमैटिन की संरचनात्मक इकाई। डी.एन.ए. प्रोटीन क्रोड के चारों ओर लिपटा रहता है। क्रोड 4 हिस्टोन एच$_2$ए, एच$_2$बी एच$_3$ तथा एच$_4$ में से प्रत्येक के दो-दो के संयोग से बनता है। हिस्टोनों का सहसंबंध हिस्टोन एच$_1$ के साथ सहयोजित डी.एन.ए. के एक वितान द्वारा होता है।

**nucleotide** **न्यूक्लिओटाइड**

न्यूक्लीक अम्ल की मूल निर्माणकारी इकाई (डी.एन.ए. और आर.एन. ए.)। इसमें प्यूरीन अथवा पिरीमिडीन क्षारक, राइबोज अथवा डीऑक्सीराइबोज शर्करा और फॉस्फेट होते हैं।

**nucleus** **न्यूक्लियस, केंद्रक**

कोशिका का मुख्य घटक, जो लगभग गोलाकार और एक झिल्ली से घिरा होता है। इसमें गुणसूत्र होते हैं जो आनुवंशिक गुणों को अगली पीढ़ी में पहुंचाने के लिए उत्तरदायी होते हैं।

**null allele** **शून्य विकल्पी**

ऐसा उत्परिवर्ती विकल्पी जिसके कारण प्रकार्यात्मक जीन-उत्पाद होता ही नहीं।

**null cell** **शून्यप्रभावी कोशिका**

लसीकाणु जिसमें न तो टी-कोशिका होती है और न ही बी-कोशिका या प्रतिजन।

**null-mutation** **शून्य उत्परिवर्तन**

उत्परिवर्तन जो जीन के प्रकार्य को, सामान्यतया उसके विलोपन के कारण, पूर्ण रूप से विलुप्त कर देता है।

**numerical taxonomy** **संख्यात्मक वर्गिकी**

वह पद्धति जो समरूपताओं और अनेक लक्षणों का उपयोग करके किसी जीव के वर्गिकीय स्थान का निर्धारण करती है, तथा अनजाने संबंधों (पूर्वजता-निर्धारण) वाले जीवों की पहचान, स्थापित वर्गकों के सदस्यों की भांति, व्यावहारिक वर्गिकी-एककों के आधार पर कराती है।

**nuptial flight** **प्रणय उड़ान**

सपंख कीटों का मैथुन के लिए अपने उपयुक्त साथी की खोज में उड़ना। उदा.–दीमक, मधुमक्खी आदि।

**nuptial plumage** **प्रणय पिच्छता**

कुछ पक्षियों में प्रजनन-काल के दौरान विशेषतः नर में अलग प्रायः चटकीले पंख बन जाना।

**nurse cell** **धात्री कोशिका**

अंडाशय अथवा वृषण के पोषकाणु अथवा पोषक कोशिकाएं।

**nutrition** **पोषण**

जीवों द्वारा भोजन के अंतर्ग्रहण, पाचन तथा स्वांगीकरण की प्रक्रिया।

nymph **अर्भक, निम्फ़**

डिंभकहीन अवस्था वाले कीटों के परिवर्धन के दौरान अंडे और वयस्क कीट के बीच की अवस्था। यह अवस्था वयस्क कीट की भांति होती है लेकिन इसमें पंख और जननेंद्रियां पूरी तरह परिवर्धित नहीं होते। उदा.–तिलचट्टा, टिड्डा, ऐफिड और दीमक आदि।

# O

**objective** **अभिदृश्यक**

लेन्सों का वह समुच्चय, जो सूक्ष्मदर्शी में देखे जाने वाली वस्तु के निकटतम होता है।

**obligate dormancy** **अविकल्पी प्रसुप्ति**

कुछ सूत्रकृमियों के जीवन-चक्र में एक अनिवार्य विश्रांत अवस्था।

**obligate** **अविकल्पी**

सीमित पर्यावरणी परिस्थितियों में ही जीवित रह सकने वाले (जीव)। विप. **facultative** विकल्पी।

**obligate** **अविकल्पी**

सीमित पर्यावरणी परिस्थितियों में ही जीवित रह सकने वाले (जीव)।

**obligative parasitism** **अविकल्पी परजीविता**

परजीवी साहचर्य का एक प्रकार जिसमें परजीवी अपने परपोषी से अनाश्रित होकर जीवित नहीं रह सकता।

**obtect pupa** **आबद्ध प्यूपा**

वह प्यूपा–प्ररूप जिसमें पाद और पंख देह के साथ चिपके रहते हैं तथा अधिकांश उदरीय खंड अचल होते हैं।

**obturator foramen** **गवाक्ष रंध्र, श्रोणि रंध्र**

आसनास्थि (इस्कियम) तथा जघनास्थि (प्यूबिस) के बीच स्थित गोल अंडाकार बड़ा छिद्र।

**occipital condyle** **अनुकपाल अस्थिकंद**

करोटि में पीछे की ओर हड्डी की एक या दो घुंडियां जो प्रथम कशेरुक से लगती हैं। अधिकांश मछलियों में यह नहीं पाई जाती।

सरीसृपों तथा पक्षियों में एक, किंतु उभयचरों तथा स्तनियों में दो-दो अस्थिकंद होते हैं।

**occipital ganglion** **अनुकपाल गुच्छिका**

कीटों में मुखपथ-तंत्रिका तंत्र की एकल अथवा युग्मित पश्च प्रमस्तिष्क गुच्छिका। इसे ग्रसिका-गुच्छिका अथवा अधोमस्तिष्क-गुच्छिका भी कहते हैं।

**occipital suture** **अनुकपाल सीवन**

कीटों में सिर के पृष्ठ भाग में कभी-कभी पाई जाने वाली एक अनुप्रस्थ खांच (सीवन) जो चिबुक की पश्च संधियों से पहले नीचे की ओर समाप्त होती है।

**occiput** **अनुकपाल**

1. कपाल का पृष्ठ भाग

2. (कीटों में) पश्चकपोल की पार्श्व पट्टिका।

**oceanography** **समुद्रविज्ञान**

विज्ञान की वह शाखा जिसमें समुद्र का भौतिक, रासायनिक, भूवैज्ञानिक तथा जीववैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन किया जाता है।

**ocellus** **नेत्रक**

कई अकशेरुकियों में नेत्र-जैसा छोटा प्रकाशग्राही दृक् बिंदु या संरचना जिसमें कुछ संवेदी कोशिकाएं और एक उपचर्मी लेन्स होता है; जैसे कीटों में।

**octopod** **अष्टपाद**

आठ पादों या आठ भुजाओं वाला जीव।

**Octopoda** **ऑक्टोपोडा (अष्टपाद)**

मोलस्का संघ में सेफैलोपोडा वर्ग के ऐसे प्राणियों का गण जिनके कवचहीन शरीर में आठ भुजाएं होती हैं। उदा. ऑक्टोपस।

**ocular** **चाक्षुष, अक्षि-**

आंखों से संबंधित किसी संरचना के लिए प्रयुक्त।

**oculomotor** **अक्षिप्रेरक, ऑक्यूलोमोटर**

तीसरी कपाल-तंत्रिका जो मध्यम-मस्तिष्क के अधर तल से निकलकर आंखों की कुछ पेशियों को प्रेरित करती है।

**Odonata** **ओडोनेटा**

परभक्षी कीट जिनके मुखांग कर्तनी होते हैं। दो जोड़ी समान या तुल्यप्राय (sub-equal) लंबे झिल्लीसम पंख जिन पर प्रायः सुस्पष्ट पक्षबिंदु (pterostigma) होता है। आंखें बहुत बड़ी और सुव्यक्त होती हैं। दूसरे और तीसरे उदरीय अधरकों (sterna) पर सुपरिवर्धित नर में सहायक मैथुनांग (accessory genital armature) होते हैं। अर्भक (nymph) अल्परूपांतरी तथा श्वसन मलाशयी (faecal) या पुच्छ-क्लोमों (caudal gills) द्वारा होता है। उदा.-भंभीरी (ड्रैगन फ्लाई)।

**odontophore** **दंतधर**

दंतशूकिका के पीछे की ओर का दृढ़ीकृत नलिकाकार विस्तार। (दे. stylet extension)

**oesophagus** **ग्रसिका, ईसोफैगस**

आहार-नाल में ग्रसनी और आमाशय के बीच का भाग जो क्रमाकुंचन द्वारा भोजन को आमाशय में भेजता है।

**oestrus cycle** **मद चक्र**

कई स्तनियों की, लैंगिक दृष्टि से परिपक्व मादा में प्रायः निश्चित अवधि के बाद होने वाला कामोत्तेजना काल जिसमें नर-मादा का संगम होता है।

**olfactory** **घ्राणीय**

घ्राण-संवेद अर्थात् सूंघने से संबंधित (संरचना)।

**Oligochaeta** **ओलिगोकीटा**

ऐनेलिडों का एक गण जिसमें केंचुए आदि आते हैं। बिना किसी विशिष्ट उपांग वाला सिर, परापादों (पैरापोडिया) का अभाव, थोड़े ही

शूक, पर्याणिका (क्लाइटेलम) का पाया जाना, उभयलिंगता तथा बाह्यनिषेचन इनके प्रमुख लक्षण हैं।

**oligogenic** **अल्पजीनी**

ऐसी वंशागति जो कुछ जीनों द्वारा नियंत्रित होती है।

**oligolecithal** **अल्पपीतकी**

ऐसे अंडों के लिए प्रयुक्त जिनमें पीतक कम होता है। उदा. एकाइनोडर्मेटा के अंडे।

**oligonucleotide** **ऑलिगोन्यूक्लिओटाइड**

ऐसी पॉलिन्यूक्लिओटाइड श्रृंखला, जिसमें न्यूक्लिओटाइडों की संख्या कम होती है।

**oligophagous** **अल्पभक्षी**

एक ऐसा प्राणी अथवा परजीवी जो किसी अकेले गण, कुल अथवा जीनस के पौधों को ही आहार बनाता है।

**oligopneustic** **अल्परंध्री**

उभयरंध्री, अग्ररंध्री अथवा पश्चरंध्री डिंभक। इस प्रकार के डिंभक द्रवी अथवा अर्धद्रवी पर्यावरण में रहने के अनुकूल होते हैं।

**oligopod larva** **अल्पपाद डिंभक**

ऐसा डिंभक जिसमें वक्षी-पाद परिवर्धित होते हैं। उदरीय उपांग के स्थान पर कभी-कभी एक जोड़ी लूम या लूम जैसे पुच्छीय प्रवर्ध होते हैं। शीर्ष-संपुट और उसके उपांग सुपरिवर्धित होते हैं। उदा. –फफोला भृंग (माइलेब्रिस और लिट्टा जातियां), रिपीफोरिडी कुल के परजीवी भृंग तथा कुछ स्टाइलोप्स आदि।

**oligosaccharide** **ओलिगोसैकेराइड**

सम्मिश्र शर्करा-अणु जो 3-10 मोनोसैकेराइडों (समान या भिन्न) के बहुलकन से बनते हैं। ये मोनोसैकेराइड ग्लाइकोसिडिक बंधों के द्वारा परस्पर जुड़े होते हैं।

**ommatidium** **नेत्रांशक**

कीटों या क्रस्टेशियनों के संयुक्त नेत्र की एक संरचनात्मक एवं कार्यात्मक इकाई जिसमें बाहर की ओर क्यूटिकलीय लेन्स, बीच में क्रिस्टलीय शंकु और आधार पर रेटीन्यूली या संवेदी कोशिकाएं होती हैं।

**omnivorous** **सर्वाहारी, सर्वभक्षी**

बिना किसी विशेष पसंद के सब कुछ (पादप अथवा प्राणियों को) खाने वाले जीव।

**omosternum** **अग्र-उरोस्थि, ओमोस्टर्नम**

उभयचरों की उरोस्थि का अग्र भाग। कुछ स्तनियों में उरोस्थि और जत्रुक (क्लेविकल) के नीचे की हड्डी या उपास्थि।

**oncogene** **अर्बुद जीन, ओंकोजीन**

प्राणि कोशिका या विषाणु-जीनोमों में पाए जाने वाली जीन, जो यूकेरिओटा जीवों के ऊतकों में कैंसर वृद्धि के लिए उत्तरदायी होती है। दे- cancer cell

**oncology** **अर्बुद विज्ञान, अर्बुदिकी**

अर्बुदों की उत्पत्ति, वृद्धि, लक्षण तथा चिकित्सा का अध्ययन करने वाला विज्ञान। दे. cancer cell

**ontogenic development** **व्यक्तिवृत्तीय परिवर्धन**

अंडे से प्रौढ़ होने के बीच कायिक परिवर्तनों के क्रमागत प्रकट होने की प्रक्रिया।

**ontogeny** **व्यक्तिवृत्त**

जीव के परिवर्धन और वृद्धि का क्रमिक विवरण।

**Onychophora** **ओनिकोफोरा**

एक ही वंश **पेरिपेटस** में आने वाले कुछ प्राणियों का छोटा समूह जिसे पहले अलग से एक संघ (फाइलम) माना जाता था किंतु अब संधिपादों का एक वर्ग समझा जाता है। कई छोटे बिना जोड़ के

पादों वाला कृमि-जैसा शरीर, शृंगिका, वातक (ट्रैकिया) तथा असंधित उपत्वचा इनके विशिष्ट लक्षण हैं।

**oocyst** — **युग्मकपुटी**

संयुग्मन करने वाले युग्मकों अथवा युग्मज के चारों ओर का आवरण; जैसे मलेरिया परजीवी में।

**oocyte** — **अंडाणु**

परिपक्वन से पूर्व अंड से विभेदित अंड-कोशिका। ऐसी कोशिकाएं जो अर्धसूत्रण (मीयोसिस) की क्रिया के बाद अंडाणु बनाती हैं।

**oogamy** — **विषमयुग्मकता**

लैंगिकतया विभेदित युग्मक (गैमीट) का उत्पादन जिसमें मादा युग्मक, नर युग्मक की अपेक्षा बड़ा किंतु कम गतिशील होता है।

**oogenesis** — **अंडजनन**

अंडाशय में अर्धसूत्रण द्वारा अंडक से अंडाणु का बनना।

**oogonium** — **अंडधानी**

अंडाशय की वह कोशिका जो विभाजित होकर अंडक बनाती है।

**ookinete** — **चलयुग्मज**

मलेरिया-परजीवी आदि कुछ प्रोटोजोआ प्राणियों के जीवन-चक्र में युग्मज से बनने वाली कृमिरूप गतिशील अवस्था।

**oosome** — **अंडविक्षेत्र, ऊसोम**

अंडे का विशिष्टीकृत भाग जो भ्रूण में जनन कोशिकाओं के विभेदन से संबंधित है।

**ootheca** — **अंडप्रावरक**

सहायक जनन-ग्रंथियों या अंडवाहिनियों के स्रावित उत्पादों से निर्मित संरचना।

**ooze** — **निपंक**

सूक्ष्मजीवों के कंकाल तथा कंकालीय भागों के जमा होने से समुद्र तली में पाया जाने वाला निक्षेप या जमाव। उदा. ग्लोबिजेराइना निपंक।

**operculum** **प्रच्छद**

किसी द्वार अथवा रंध्र को ढकने वाला त्वचा का कपाट (फ्लैप) या ढक्कन। उदा. मछलियों का क्लोम छद।

**operon** **ओपेरॉन**

अनुक्रम में स्थित जीन समूह जिसके प्रत्यंकन का नियमन, एकीकृत रीति से एक संकारक और एक दमनकर जीन द्वारा होता है।

**Ophidia** **ओफीडिआ**

सरीसृपों का एक गण (ऑर्डर) जिसमें सांप आते हैं। लंबा पादहीन और शल्कयुक्त शरीर, अचल पलकें, करोटि में गतिशील क्वाड्रेट हड्डियां, अपेक्षाकृत अधिक कशेरुक, गतिशील पसलियों का होना तथा उरोस्थि और कर्णपटह का न होना इनके प्रमुख लक्षण हैं। विषैले सांपों में सीरिक (वोमरीय) दांत परिवर्तित होकर विषदंत बन गए हैं जिनके आधार पर विष-ग्रंथियां होती हैं।

**opisthocoelous** **पश्चगर्ती**

ऐसे कशेरुक के लिए प्रयुक्त जिसका सेन्ट्रम आगे की तरफ उत्तल और पीछे अवतल होता है।

**opisthognathous** **पश्चहनु**

कीटों में पीछे की ओर उन्मुख मुखांगों वाले सिर के लिए प्रयुक्त।

**opisthognathous head** **पश्चहनु शीर्ष**

आनन-क्षेत्र के विक्षेपण के कारण पश्च और अधर की ओर झुके हुए मुखांग वाला सिर।

**opsonin** **ऑप्सोनीन**

जीवाणु कोशिका के साथ संयोजन करने वाला ऐसा प्रतिरक्षी जो उसको भक्षकाणु के लिए अधिक सुग्राही बनाता है।

**optic** **चाक्षुष, दृक्-**

आंख से संबंधित (कोई संरचना); जैसे तंत्रिका, पालि आदि।

**oral toxicity** **मुखीय आविषालुता**

मुख द्वारा प्रविष्ट रासायनिक पदार्थ (जैसे पीड़कनाशी) की आविषालुता। आविषालुता की यह कोटि मुखीय घातक मात्रा "एल. डी. 50' के शब्दों में व्यक्त की जाती है।

**oral** **मुखीय**

मुख का, उससे लगा हुआ या उससे संबंधित (कोई संरचना या क्रिया); जैसे छिद्र, उपांग, चूषक आदि।

**orang utan** **ऑरेंग उटान**

बोर्नियो तथा सुमात्रा के दलदल वाले जंगलों में पाया जाने वाले पोंगो वंश के मानवाभ कपि का सामान्य नाम। शरीर पर भूरी लाल, वर्णकहीन त्वचा और लंबे बिखरे केश इनके प्रकट लक्षण हैं।

**orbit** **अक्षिकोटर, नेत्रकोटर**

कशेरुकियों की करोटि में पाई जाने वाली गुहा जिसमें आंख स्थित होती है।

**order** **गण**

वर्ग एवं कुल के बीच की वर्गीकरण श्रेणी।

**Ordovician period** **आर्डोविशन कल्प**

पृथ्वी के ऐतिहासिक काल-क्रम में कैम्ब्रियन और सिल्यूरिन कल्पों के बीच 40 करोड़ वर्ष पूर्व से लेकर 35 करोड़ वर्ष पहले की अवधि जिसमें अनेक प्रकार के अकशेरुकी प्राणी विकसित हुए। प्रवाल भित्तियां भी इसी कल्प की रचनाएं हैं।

**organ** **अंग**

जीव के शरीर का ऊतक से बना भाग या अवयव जो संरचनात्मक तथा कार्यात्मक इकाई के रूप में विशिष्ट कार्य करता है; जैसे हृदय, वृक्क, यकृत्, नेत्र आदि।

**organelle** **अंगक**

आकारिकीय दृष्टि से सुस्पष्ट कोशिकीय एकक, जिसका अपना विशेष प्रकार्य होता है।

**organic evolution** **जैव विकास**

जीवधारियों के क्रमिक उद्भव की संकल्पना जिसके अनुसार सरलतर जीवों से कालांतर में जटिल जीवों की उत्पत्ति हुई।

**organic** **1. कार्बनिक 2. जैव**

1. कार्बन का या उससे संबंधित; जैसे कार्बनिक यौगिक।

2. जीवधारियों का या उनसे संबंधित; जैसे जैव विकास।

**organochlorine** **ऑर्गेनोक्लोरीन, कार्ब-क्लोरीन**

क्लोरीनित हाइड्रोकार्बन कीटनाशी जिनमें कार्बन, हाइड्रोजन और क्लोरीन मूल आण्विक अवयव होते हैं। कुछ में ऑक्सीजन और गंधक भी हो सकती हैं। उदा.–एल्ड्रिन, डी.डी.टी., ऐण्डोसल्फान।

**organophosphate** **ऑर्गेनोफॉस्फेट**

फॉस्फोरस युक्त कार्बनिक यौगिक, उदा.– मोनोक्रोटोफॉस, मैलाथिऑन आदि।

**orientation** **अभिविन्यास**

किसी उद्दीपन के प्रभाव से जीव या उसके किसी अंग की स्थिति में होने वाला दिशा-परिवर्तन।

**ornithology** **पक्षिविज्ञान**

पक्षियों के अध्ययन से संबधित, जीवविज्ञान की शाखा।

**Orthoptera** **ऑर्थोप्टेरा (ऋजुपंखी गण)**

सामान्यतः मध्यम या बड़े आकार के सपंखी, लघुपंखी या अपंखी कीट जिनके मुखांग चिबुकी, अग्रवक्ष बड़ा; पश्चपाद साधारणतः दीर्घित और कूदने के लिए रूपांतरित तथा अग्रपंख मोटे और उपसीमांत कॉस्टा (शिरा) वाले होते हैं। मादा में अंड निक्षेपक सामान्यतः सुपरिवर्धित, नर बाह्य जननांग असममित, लूम प्रायः छोटे और खंडहीन; विशिष्टीकृत श्रवण-अंग और घर्षणध्वनि अंग प्रायः परिवर्धित होते हैं। कायांतरण प्रायः थोड़ा। उदा.–टिड्डा, टिड्डी, झींगुर आदि।

**osculum** **प्रास्य, ऑस्कुलम**

स्पंजों में बड़े बहिर्वाही छिद्र जिनके द्वारा (आस्यों से होकर अंदर गया हुआ) पानी शरीर से बाहर निकलता है।

**osmoregulation** **परासरणनियमन**

कोशिका में जल तथा विद्युत्-अपघट्यों की सर्वाधिक अनुकूल स्थिति को बनाए रखने के लिए उसके भीतरी परासरणी दाब का नियंत्रण।

**osmosis** **परासरण**

विभेदक रूप से पारगम्य झिल्ली के माध्यम से होने वाला विसरण जिससे दो भिन्न सांद्रता वाले विलयनों की साम्यावस्था बनती है।

**osphradium** **जलेक्षिका**

कई मोलस्कों में अतरंग गुच्छिका से संबद्ध रासायनिक सवेदी अंग।

**ossicle** **अस्थिका**

1. मध्य कर्ण की तीन अस्थियाँ, यथा मैलियसनन्कस एवं स्टैपेस।

2. एकाइनोडर्मेटा की त्वचा में गड़ी हुई कड़ी कैल्शियम पट्टियां।

**ossification** **अस्थीभवन**

उपास्थि (कार्टिलेज) के हड्डी में बदल जाने या शरीर के किसी भाग में हड्डी बनने की प्रक्रिया।

**osteichthyes** **ऑस्टिक्थीइस**

उपास्थि मछलियों से पृथक् अस्थिमय कंकाल वाली मछलियों का समूह। इनमें गिल-छिद्र प्रच्छद (ऑपर्क्यूलम) से ढके रहते हैं और वाज या पखों (फ़िनों) में पख-अरें (fin rays) होती हैं।

**osteoblast** **अस्थिकोरक**

कोशिका जो अस्थिभवन की आंरभिक अवस्थाओं में अस्थि की विभिन्न परतों को बनाती है। आरंभ में ये कोशिकाएँ भ्रूणीय उपास्थि अथवा झिल्ली के बाहर की तरफ होती हैं, लेकिन बाद में जब ये अस्थि भंजकों द्वारा कट-फट जाती हैं तो भीतर की तरफ बढ़ती

हुई रूधिर-कोशिकाओं के साथ-साथ भीतर पहुंच जाती हैं और अस्थियों के अस्थायी संबंधक बना देती हैं।

**osteoclast** **अस्थि भंजक**

बहुकेंद्रकी महाकाय कोशिका जो कोशिका बाह्य एन्ज़ाइमी क्रिया द्वारा अस्थि आधात्री के पुनःशोषण के लिए उत्तरदायी है। अस्थि भंजकों का वंशक्रम अस्थि कोरकों/अस्थि अणुओं से अलग होता है।

**osteocytes** **अस्थ्यणु**

अस्थि कोरक से व्युत्पन्न अन्त्य रूप में विभेदित, आस्रावी अस्थि-कोशिका जिसमें समसूत्रण नहीं होता। यह कोशिका बाह्य कैल्सीकृत आधात्री द्वारा घिरी हुई रिक्तिका में पाई जाती है।

**osteology** **अस्थिविज्ञान**

प्राणिविज्ञान की वह शाखा जिसमें हड्डियों और उससे संबंधित संरचनाओं का अध्ययन किया जाता है।

**ostium bursae** **आस्य प्रपुटी**

लेपिडॉप्टेरा कीटों (lepidoptera) में पाई जाने वाली मैथुन प्रपुटी (bursa copulatrix) का मुख। यह उन मादा कीटों में भग के समान है जिनका जनन-रंध्र आठवें खंड में होता है।

**ostium** **आस्य, ऑस्टियम**

1. स्पंजों में ऐसा रंध्र या छिद्र जिसमें होकर पानी शरीर के अंदर जाता है। प्रास्य (osculum) की तुलना में इनकी संख्या कहीं अधिक होती है।

2. हृदय के युग्मित और सामान्यतया पार्श्व-द्वारों में से एक।

**ostrich** **शुतुरमुर्ग**

अरब तथा अफ्रीका में पाया जाने वाला अपेक्षाकृत बड़े आकार का न उड़ सकने वाला पक्षी। सिर, गर्दन और टांगों में कम परों का होना, अनौतलसम उरोस्थि तथा दो पादांगुलि इसके प्रमुख लक्षण हैं। यह दौड़ने में बहुत तेज और आजकल के पक्षियों में सबसे बड़ा है।

otic — **कर्णीय**

कान का, उसके आस–पास स्थित या उससे संबंधित।

otocyst — **कर्णपुटी**

कई अकशेरुकियों में पाया जाने वाला संवेदी अंग जिसमें तरल से भरी गुहा में एक कर्णाश्म (ऑटोलिथ) और कई संवेदी रोम होते हैं।

outbreeding — **बहिःप्रजनन**

एक ही प्राणि जाति के दो असंबंधित प्रभेदों (स्ट्रेनों) द्वारा संतति उत्पादन। तु. inbreeding अंतःप्रजनन।

ovarial ligament — **अंडाशयी स्नायु**

अंडाशय के अंत्य तंतु (terminal filament) को पृष्ठीय मध्य पट या देहभित्ति से जोड़ने वाला स्नायु-रज्जुक। कभी-कभी यह देहभित्ति के साथ पृष्ठ रक्त वाहिका की अधर भित्ति के मध्य स्नायु में उल्टी ओर से जुड़ जाती है।

ovariole — **अंडाशयक**

कीटों में अंडाशय के द्वितीयक भागों में से एक जो अंत्य तंतु (terminal filament), अंडनलिका (egg tube) और वृंत (pedicel) से बना होता है।

ovary — **अंडाशय**

प्राणियों में प्रमुख मादा जनन-अंग जिससे अंड उत्पन्न होता है। कशेरुकियों में इससे मादा लैंगिक हॉर्मोन भी निकलता है।

ovicide — **अंडनाशी**

अंडों अथवा अंडाणुओं को नष्ट करने वाला आविषालु रसायन।

oviduct — **अंडवाहिनी**

अंडाशय से अंडाणुओं को गर्भाशय में या शरीर के बाहर ले जाने वाली नलिका।

oviparity — **अंडजता, अंडप्रजकता**

मादा द्वारा बच्चे न पैदा कर अंडे देने की दशा।

**oviparous** **अंडप्रजक, अंडज**

उन प्राणियों के लिए प्रयुक्त जो बच्चे न देकर अंडे देते हैं। अधिकांश स्तनियों को छोड़कर लगभग सभी प्राणी इसी श्रेणी में आते हैं। दे. viviparous सजीवप्रजक, जरायुज; ovoviviparous अंडसजीवप्रजक।

**oviporus** **ओवीपोरस**

अधिकांश लेपिडॉप्टेरन कीटों में योनि का पश्चमुख जिसका कार्य केवल अंड–विसर्जन है, विशेषकर उस समय जब दो जनन-रंध्र (genital apperture) हों।

**oviposition** **अंडनिक्षेपण**

अंडा देने की क्रिया।

**ovipositor** **अंडनिक्षेपक**

कई कीटों में पश्च सिरे की तरफ स्थित और उदर के युग्मित उपांगों के रूपांतरित होने से बनी संरचना जो अंडे देने का काम करती है। प्रायः यह काफी लंबी होती है और वेधन-छेदन के काम आती है या फिर डंक बन जाती है।

**ovoviviparity** **अंडसजीवप्रजकता, अंडजरायुजता**

मादा द्वारा ऐसे अंडे देना जिनमें भ्रूण पहले से ही अपने परिवर्धन की अंतिम अवस्था में होते हैं। उदा.– थायसेनोप्टेरा, ब्लैटिडी, कोलियोप्टेरा आदि।

**ovoviviparous** **अंडसजीवप्रजक, अंडजरायुज**

ऐसे प्राणियों के लिए प्रयुक्त जिनमें मादा अंडे को शरीर के अंदर धारण किए रहती है और मातृ-शरीर से पोषण प्राप्त किए बिना ही बच्चे का जन्म होता है। उदा. कुछ वाइपर तथा कुछ डिप्टेरा कीट।

**ovulation** **अंडोत्सर्ग**

अंडाशय पुटक से परिपक्व अंड का बाहर निकलना। यह क्रिया विशिष्ट हॉर्मोनों के प्रभाव से होती है।

**ovum** — **अंड**

परिपक्व मादा युग्मक अथवा मादा जनन-कोशिका, जिसमें अगुणित संख्या में गुणसूत्र और पीतक झिल्ली से घिरा कम-ज्यादा मात्रा में पीतक होता है।

**oxidative phosphorylation** — **ऑक्सीकरणी फास्फोरिल**

ए.डी.पी का ए.टी.पी. में फॉस्फोरिलन; जैसा कि माइटोकॉन्ड्रियमी वायव श्वसन के दौरान इलेक्ट्रॉन अभिगमन श्रृंखला में होता है। दे. phoophorylation.

**oxyaster** — **तारकाभ कंटिका**

स्पंजों में तारे-जैसी आकृति की कंटिका जिसके किनारे तेज नोकीले होते हैं।

**oxydactyl** — **शितांगुलि**

ऐसे पाद, भुजा या प्राणी के लिए प्रयुक्त जिसमें पतली नुकीली अंगुलियां होती हैं।

**oxyluciferin** — **ऑक्सील्यूसिफेरिन**

ल्यूसिफेरिन पर ल्यूसिफेरेज़ की क्रिया से बना पदार्थ जो प्रकाशजनक अंगों में प्रकाश उत्पन्न करता है।

**oyster** — **शुक्ति, सीप**

मोलस्का के पेलेसिपोडा वर्ग के समुद्री द्विकपाटी प्राणी। एक अभिवर्तनी पेशी से बंद होने वाला खुरदरा अनियमित कवच, पाद छोटा या अनुपस्थित और साइफनों का न होना इनके प्रमुख लक्षण हैं।

# P

**pachynema (pachytene)** **स्थूलसूत्र (स्थूलपट्ट अवस्था)**

अर्धसूत्रण की स्थूलपट्ट अवस्था में का मोटे धागे जैसा गुणसूत्र।

**pachytene** **पैकीटीन, स्थूलपट्ट**

मीयोसिस में पूर्वावस्था की एक अवस्था जिसमें समजात जोड़ों के प्रत्येक गुणसूत्र में प्रत्याकर्षण आरंभ हो जाता है और किएज्मा प्रकट होने लगता है। यह द्विपट्ट अवस्था से पहले और युग्मपट्ट अवस्था के बाद की अवस्था है।

**paedogamy** **शावकीयुग्मन, पीडोगैमी**

कुछ प्रोटोजोआ प्राणियों में एक तरह के स्वयुग्मन (ऑटोगैमी) की संकल्पना जिसमें एक ही कोशिका के केंद्रक और कोशिकाद्रव्य के विभाजन से उत्पन्न युग्मकों का संयुग्मन या पारस्परिक निषेचन होता है।

**paedogenesis** **शावकीजनन, पीडोजेनेसिस**

लार्वा या पूर्व–वयस्क अवस्था में ही लैंगिक दृष्टि से परिपक्व हो जाने की अवस्था।

**palaeontology** **जीवाश्मविज्ञान, जीवाश्मिकी**

जीवविज्ञान की वह शाखा जिसमें पुरातन काल के विलुप्त जीवों, उनके अंग या चिह्नों का तथा कालानुसार उनके वितरण का अध्ययन किया जाता है।

**Palaeozoic (era)** **पुराजीवी महाकल्प, पैलियोजोइक महाकल्प**

पृथ्वी के ऐतिहासिक कालक्रम में 51 करोड़ से 18 करोड़ वर्ष पूर्व की अवधि जो प्राग्जीवी (प्रोटीरोजोइक) और मध्यजीवी (मीसोजोइक)

महाकल्पों के बीच है। इसे अकशेरुकियों, मछलियों तथा उभयचरों का काल कहते हैं।

**palate** **तालु**

कशेरुकियों में मुख की ऊपरी सतह या छत जो मुख-गुहा को नासा-गुहा से अलग करती है। स्तनियों में इसके अगले भाग को कठोर तालु और पिछले मुलायम भाग को कोमल तालु कहते हैं।

**paleoentomology** **पुराकीटविज्ञान**

विज्ञान की वह शाखा जिसमें विलुप्त कीटों, कीट–जीवाश्मों का अध्ययन किया जाता है।

**palp** **स्पर्शक**

वह संखड (segmented) संवेदी उपांग जो जंभिका पर और बहुत से अकशेरुकियों में अधरोष्ठ पर भी स्थित होता है।

**palpifer** **पैल्पिफर**

कीटों के मुखांगों में जंभिका के स्टाइप्स की पालि जिस पर पैल्प लगे होते हैं।

**palpiger** **पैल्पिजर**

कीटों के मुखांगों में अधरोष्ठ या प्रचिबुकांग की पालि जिस पर पैल्प लगे होते हैं।

**pancreas** **अग्न्याशय**

कशेरुकयों में ग्रहणी के निक आंत्रयोजनी (मेसेन्टरी) में स्थित पाचन-ग्रंथि जिसमें उत्पन्न पाचक एंजाइमों का क्षारीय मिश्रण वाहिनी द्वारा आंत्र में पहुंचता है। इन्सुलिन पैदा करने वाली लैंगरहेन्स द्विपिकाएं नामक संरचनाएं इसी ग्रंथि में होती हैं।

**panoistic egg tube** **अपोषी अंडनलिका**

ऐसी अंडनलिका जिसमें केवल अंडे ही होते हैं पोषक कोशिकाएं नहीं होतीं।

**papilla** **पिप्पल**

शरीर के विभिन्न भागों, जैसे, शीर्ष, ओष्ठ इत्यादि पर पाए जाने वाले स्पर्श-संवेदी अंग।

**paraglossa** **पार्श्व जिह्विका**

अधरोष्ठ के बगल की जिह्विका पालियां जिनमें से प्रत्येक में प्रचिबुकांग से निकलती हुई एक पेशी होती है।

**parallelism** **समांतरता**

संबंधित विकासात्मक दिशाओं में समान लक्षणों का स्वतंत्र अर्जन।

**paramera (parameres)** **पैरामेरा**

कीटों में शिश्नाधार के पार्श्व प्रवर्ध या पालि।

**Paramoecium** **पैरामीशियम**

प्रोटोज़ोआ संघ में सिलिएटा वर्ग के सूक्ष्मजीवों का वंश। सड़ी-गली वनस्पति से युक्त अलवण जल में पाए जाने वाले स्लीपर–जैसे ये जंतु अग्र सिरे पर नुकीले होते हैं। पक्ष्माभिका, मुख-खांच, दंशिकाभक (ट्राइकोसिस्ट), खाद्य धानी, संकुचनशील धानी, सूक्ष्मकेंद्रक तथा गुरुकेंद्रक इनके प्रमुख अंगक हैं। ये द्विविभाजन और संयुग्मन दोनों प्रकार से जनन करते हैं।

**paranotum** **परावक्षपृष्ठक**

युग्मित, पार्श्विक विस्तारों अथवा वक्षपृष्ठकों या पृष्ठकों में से एक जो कीटों के विकास के दौरान परावक्षपृष्ठक पंखों में विकसित माना जाता है।

**parasite** **परजीवी**

किसी प्राणी या पादप में या उसके ऊपर रहने और अशन (feed) करने वाली प्राणि जातियां जो परपोषी को प्रायः हानि पहुंचाती हैं अथवा उन्हें नष्ट कर देती हैं। परिपक्व होने के लिए परजीवी को एक परपोषी या उसके किसी भाग की आवश्यकता होती है। कीट के संबंध में परजीवी कीट अन्य जाति के कीट अथवा उसकी अरिपक्व अवस्था के भीतर रहकर तथा अशन करके उसे नष्ट कर

देता है। उदा.– **ट्राइकोग्रामा** जातियां और **एपैन्टेलीज फ्लेवीपेस, टीनिया, ऐक्टैरिस** आदि।

**parasitisation** **परजीवीकरण**

परपोषी समष्टि पर परजीवियों के आक्रमण से उत्पन्न होने वाली स्थिति।

**parasitism** **परजीविता**

दो भिन्न जातियों के जीवों का साहचर्य जिसमें एक जीव (परजीवी) दूसरे जीव (परपोषी) से पोषित होता है।

**parasitoid** **परजीव्याभ**

एक विशेष प्रकार का परभक्षी जो लगभग अपने परपोषी के ही आकार का होता है। यह अपने परपोषी को मार देता है। इसे स्वतंत्रजीवी वयस्क के रूप में विकसित होने के लिए केवल एक परपोषी की आवश्यकता होती है। उदा.– ब्रैकोनिड बर्र।

**parasitology** **परजीवीविज्ञान**

जीवविज्ञान की वह शाखा जिसमें परजीवियों की संरचनाओं तथा जीवन-क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है।

**parasympathetic** **परानुकंपी**

कशेरुकियों में स्वायत्त तंत्रिका-तंत्र का एक भाग जो सिर वक्ष तथा उदर में होने वाली अनैच्छिक अनुक्रियाओं पर नियंत्रण रखता है।

**paratergite (laterotergite)** **परापृष्ठकांश**

पृष्ठक के पार्श्व का कठकीकरण जो प्रमुख मध्य पृष्ठकांश से भिन्न होता है।

**parathyroid** **परावटु, पैराथाइरॉइड**

मछलियों के अतिरिक्त अन्य सभी कशेरुकियों में अवटु (थाइरॉइड) के पास स्थित छोटी दो जोड़ी अंतःस्रावी ग्रंथियां जिनसे निकले हार्मोन द्वारा शरीर में कैल्शियम और फॉस्फोरस के उपापचय का नियमन होता है।

**paratype** **अपरप्ररूप, पैराटाइप**

मूल लेखक द्वारा उद्धृत किया जाने वाला कोई नमूना जो नामप्ररूप के अतिरिक्त होता है।

**Parazoa** **पैराज़ोआ**

प्राणियों का एक समूह जिसमें एकमात्र पोरीफेरा संघ (फाइलम) के ही प्राणी आते हैं जो अन्य सभी बहुकोशिक प्राणियों से पृथक् दिशा में विकसित हुए माने जाते हैं।

**parental care** **पैतृक रक्षण**

माता-पिता द्वारा असहाय भ्रूण या भ्रूणोत्तर अवस्थाओं में संतान की सुरक्षा। इसका सबसे अच्छा उदाहरण मानव आदि सजीवप्रजक प्राणियों में देखने को मिलता है, किंतु कुछ मछलियों, मेंढकों और पक्षियों आदि में भी यह वृत्ति काफी विकसित हुई है।

**parthenogenesis** **अनिषेकजनन**

जनन का वह प्रकार जिसमें निषेचन की क्रिया के बिना ही केवल मादा युग्मक से नए जीव उत्पन्न होते हैं, जैसे मधुमक्षिका, बर्र, रोटीफर, एफिड आदि कुछ प्राणियों में नर सेक्स का बनना।

**parthenogenesis** **अनिषेकजनन**

नर युग्मक के सहयोग के बिना मादा युग्मक से भ्रूण का निर्माण। इस प्रक्रिया में यह आवश्यक नहीं है कि अंततः वह वयस्क बनेगा ही।

**Passeriformes** **पेसेरीफॉर्मीज़**

पक्षियों का सबसे बड़ा समूह जिसमें आधे से ज्यादा जीवित पक्षि-जातियां (स्पीशीज) आती हैं। प्रायः छोटा आकार, पहली पादांगुलि का पीछे की ओर और बाकी तीन का आगे की ओर को निकला होना और शल्कयुक्त टांगें इनकी प्रमुख विशेषताएं हैं। उदा. गौरय्या।

**passive immunization** **निष्क्रिय प्रतिरक्षण**

किसी दूसरे प्राणी में पहले से ही निर्मित किए गए प्रतिरक्षियों को पहुँचाने से उत्पन्न प्रतिरक्षण।

**passive suction ventilation** **निश्चेष्ट चूषण संवातन**
वातकों में ऋणात्मक दाब के परिणामस्वरूप लगभग बंद अथवा हिलते श्वास-रंध्रों से वायु का चूषण।

**passive transport** **निष्क्रिय अभिगमन**

प्लाज़्मा झिल्ली से होकर उसके पार जाने वाले किसी पदार्थ के अणुओं या आयनों की ऐसी भौतिक प्रक्रिया, जिसमें ए.टी.पी. ऊर्जा का व्यय न हो। इसमें अणुओं का उनकी उच्च सांद्रता से निम्न सांद्रता की ओर प्रवाह होता है। उदा. - विसरण व परासरण।

**passive ventilation** **निश्चेष्ट संवातन**

वातक और लघुवातकों से होकर बिना पंपन अथवा अन्य गतियों के ही गैसों का सामान्य विनिमय।

**passive immunity** **निष्क्रिय प्रतिरक्षा**
विशिष्ट संक्रमण कारक के विरोध में किसी दूसरे व्यष्टि में विकसित किया गया प्रतिरोध जो बाद में रोगी में अंतरित किया जाता है। इस रोधक्षम अवस्था का अर्जन प्राकृतिक रूप से अथवा कृत्रिम उपायों से भी किया जा सकता है।

**patella** **पटेला**

1. स्तनियों में घुटने के ऊपर पाई जाने वाली कंडरास्थि।

2. ऐरेक्निडों में फीमर तथा टिबिया के बीच का खंड।

**pathogen** **रोगजनक, रोगाणु**

रोग उत्पन्न करने में समर्थ जीव।

**pathogenesis** **रोगजनन**

रोग की उत्पत्ति और उसके विकास में घटनाओं की शृंखला।

**pathosystem** **रोग-तंत्र**

परजीविता के घटना-क्रम से परिभाषित एक पारिस्थितिकीय तंत्र। एक पादप-रोग-तंत्र के अंतर्गत एक या अधिक परपोषी पादप जाति और विविध परजीवी कीट, कवक, जीवाणु आदि आते हैं, जो परपोषी

का लाभ उठाते हैं। शाकाहारी पक्षी तथा स्तनी सामान्यतया परजीवी वर्ग में नहीं आते।

**pathotype** **रोग-किस्म**

वह परजीवी समष्टि जिसकी सभी व्यष्टियों में परजीवी सामर्थ्य होना स्वाभाविक है।

**pebrine disease** **पेब्राइन रोग**

रेशम कीट का भयंकर रोग जो माइक्रोस्पोरीडियम, *नोसीमा बॉम्बाइसिस* जाति द्वारा फैलता है। इससे रेशम कीट के परिपक्व डिंभक की रेशम ग्रंथियों के भयंकर रूप से संक्रमित हो जाने के कारण हल्के किस्म के कोये बनते हैं।

**pectin** **पैक्टिन**

गैलेक्टुरोनिक अम्ल के बहुलक। इनमें पैक्टिन, पैक्टिक अम्ल, पेल्टिनिक अम्ल तथा अन्य पेक्टिन यौगिक सम्मिलित होते हैं।

**pectinate** **कंकताकार**

कंघे के आकार की संरचना या अंग, उदा.– कंकताकार शृंगिका।

**pectoral girdle** **अंसमेखला**

कशेरुकियों के कंकाल का वह भाग जिससे अग्र पाद जुड़े रहते हैं। स्थलीय प्राणियों में यह संरचना सामान्यतया तीन युग्मित अस्थियों से बनती है—अंसतुंड (कोराकॉयड), असंफलक (स्केपुला) और जत्रुक (क्लैविकल)। इन तीनों अस्थियों के संगम स्थल पर अंस-उलूखल (ग्लीनोइड कैविटी) होता है, जिसमें प्रगंडिका (ह्यूमरस) का सिर बैठता है।

**pedicel** **वृंत**

1. अंड नलिकाओं से अंडवाहिनी तक फैली हुई विशेष लघु वाहिनी।
2. कीट शृंगिका का दूसरा खंड। कुछ कीटों में, इस खंड में एक विशेष संवेदी अंग होता है जिसे "जॉन्स्टन अंग' कहते हैं, उदा.– टिड्डा।

**pedipalp (pedipalpus)** **पदस्पर्शक**

वयस्क कीलीसिरेटा के दूसरे उपांग जो मैडिबुलेटा की चिबुकास्थियों के संगत होते हैं।

**pelagic** **वेलापवर्ती, पेलैजिक**

समुद्रतट से दूर खुले सागर में पानी की सतह पर या कुछ गहराई तक पाए जाने वाले जीवों के लिए प्रयुक्त जिसमें प्लवक (प्लैंक्टन) और तरणक (नेक्टन) दोनों को ही शामिल किया जाता है। दे. littoral वेलांचली।

**pelvis** **1. श्रोणि प्रदेश, श्रोणि अस्थि 2. वृक्कद्रोणि**

1. श्रोणि मेखला से घिरा उदर का निचला भाग।
2. मूत्रवाहिनी का कीप-जैसा फैला अग्र भाग, जहां पर वह वृक्क से उसकी अवतल सतह की तरफ से मिलता है।

**penis** **शिश्न**

नर प्राणियों में पाया जाने वाला वह भाग जो मादा की योनि में प्रवेश कर वीर्यसेचन की क्रिया करता है।

**pepsin** **पेप्सिन**

कशेरुकियों के आमाशय में जठर ग्रंथियों द्वारा उत्पन्न एंजाइम जो हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की मौजूदगी में प्रोटीन को पेप्टोन में बदलता है।

**peptide bond** **पेप्टाइड बंध**

ऐमीनो अम्ल के ऐल्फा-ऐमीनों वर्ग के साथ दूसरे ऐमीनो अम्ल के कार्बोक्सिल वर्ग को जोड़ने वाला सहसंयोजी आबंध।

**pericardium** **हृदयावरण, परिहृद्**

कशेरुकियों में हृदय तथा प्रमुख रक्त वाहिकाओं के आधार के चारों ओर की झिल्ली जिसमें हृदयावरणी तरल भरा होता है। इससे हृदय बिना घर्षण के धड़कता रहता है।

**pericentric inversion** **परिकेंद्री प्रतिलोमन**

अंतरागुणसूत्री संरचनात्मक परिवर्तन जिसमें सूत्रकेंद्र शामिल होता है उलटने वाले गुणसूत्र खण्ड में।

**perilymph** **परिलसीका**

आंतरिक कर्ण में कला लेबिरिंथ के चारों ओर भरा लसीका तरल जो उसे कोश से पृथक् रखता है।

**period** **कल्प**

पृथ्वी के ऐतिहासिक काल-क्रम में समय का एक भाग (एक काल खंड या इकाई) जो युग से बड़ा और महाकल्प से छोटा होता है; जैसे क्रिटेशस, डिवोनियन आदि।

**periodic release** **आवर्ती मोचन**

लाभकारी प्राकृतिक शत्रुओं को पर्यावरण में प्रविष्ट कराने की पद्धति, जिसमें देशज जैविक कारकों की उच्च समष्टि के स्तरों को कृत्रिम रूप से बनाए रखने के लिए इन प्राकृतिक शत्रुओं को बार-बार छोड़ा जाता है।

**periphallic organ** **परिशिश्न अंग**

जनन पुंज में नवें खंड या अन्य खंडों के परिधीय जनन प्रवर्ध जिसमें चल आलिंगक या हार्पेगोन्स भी शामिल हैं।

**peripheral nervous system** **परिधीय तंत्रिका तंत्र**

तंत्रिका तंत्र के वे बहिर्वर्ती भाग जो केंद्रीय गुच्छिका, संयोजियों (connectives), संवेदी तंत्रिकाणु (न्यूरोसाइटस) और उनके तंत्रिकाक्षों (axon) तथा प्रेरक तंत्रिकोशिकाओं (neuron) के तंत्रिकाक्षों से भिन्न होते हैं।

**periproct** **परिगुदक**

शरीर का अंतस्थ भाग जिसमें गुदा रहती है और जिसके आगे के हिस्से से खंडीभवन होता है।

**Perissodactyla** **पैरिसोडैक्टाइला**

अपरा स्तनियों का एक गण जिसमें घोड़े, गैंडे आदि ऐसे खुरीय प्राणी आते हैं जिनमें पैर की अंगुलियों की संख्या विषम (सामान्यतः एक या तीन) होती है और सममिति बनाने वाली रेखा केंद्रीय अंगुली से होकर गुजरती है।

**peristalsis** **क्रमाकुंचन**

पेशियों के लयबद्ध संकुचन से उत्पन्न गति द्वारा किसी नली में पदार्थों का आगे की ओर बढ़ना; जैसे आहार-नाल में भोजन का आगे बढ़ना।

**peristaltic contractions** **क्रमाकुंची संकुचन**

नलिकाकार अंग जैसे कि आहार-नाल को घेरे में रखने वाली अनुदैर्घ्य (longitudinal) और वर्तुल (circular) पेशियों का अनैच्छिक आवर्ती संकुचन।

**peritoneum** **परिउदर्या, पेरिटोनियम**

कशेरुकियों में उदर-गुहा का आस्तर बनाने वाली उपकला (एपिथीलियमी) झिल्ली।

**peritrophic membrane** **परिपोषी झिल्ली**

कीटों आदि में पश्च-जठर में भोजन को घेरे हुए एक बेलनाकार कलामय आवरण जो कभी–कभी अग्र जठर तक बढ़ा हो सकता है। यह पश्च जठरीय उपकला की पूर्ण लंबाई अथवा उसके कुछ भाग से बनता है और अग्र सिरे पर विशिष्ट कोशिकाओं का वलय बनाता है।

**Perlaria** **पर्लेरिया**

दे. प्लेकॉप्टेरा।

**permeability** **पारगम्यता**

कोशिका कला से होकर विभिन्न प्रकार के अणुओं की आर पार जा सकने की क्षमता।

**Permian period** **पर्मियन कल्प**

पृथ्वी के ऐतिहासिक काल–क्रम में पेलियोजोइक महाकल्प का एक खंड जिसमें कार्बनी और ट्राइएसिक कल्पों के बीच 22 करोड़ वर्ष से लेकर 20 करोड़ वर्ष पूर्व तक का समय आता है। इस कल्प में कीटों तथा सरीसृपों की प्रधानता थी।

**pernicious** **प्रणाशी**

हानिकारक अथवा क्षतिकारक अवस्था/स्वभाव।

**peroxidase** **परऑक्सीडेज़**

हाइड्रोजन परऑक्साइड के अपचयन की सहायता से क्रियाधार का अपचयन करने वाला एन्ज़ाइम।

**peroxisome** **परऑक्सिसोम**

झिल्लिका परिबद्‌ध कोशिकांग जिसमें हाइड्रोजन पराक्साइड के उपापचय के लिए प्रकिण्व होते हैं।

**persistant** **दीर्घ, स्थायी**

रोगाणु के संदर्भ में--रोगवाहक में प्रायः लंबे समय तक अथवा जीवन-पर्यंत बना रहने वाला। कीटनाशक के संदर्भ में, लंबे समय तक आविषालुता वाला।

**pest control** **पीड़क नियंत्रण**

(दे. nematode control)

**pest management** **पीड़क प्रबंधन**

(दे. nematode management)

**pest resurgence** **नाशकजीव पुनरुत्थान**

कीटनाशी रसायन के उपचार से नियमनकारी प्राकृतिक शत्रुओं के नष्ट हो जाने से लक्षित पीड़क की संख्या का तेजी से बढ़ जाना।

**pest** **पीड़क**

ऐसे जीव जो पादप, प्राणी या अन्य मानवीय संसाधनों की गुणवत्ता या मूल्य में कमी लाते हैं।

**pesticide** **पीड़कनाशी**

वह रासायनिक पदार्थ जो पीड़कों को मारता है।

**pH value** **pH मान**

अम्ल या क्षारीयता की मात्रा का सूचकांक 7.0 से नीचे का pH मान अम्लता को और 7.0 से ऊपर का क्षारता को दर्शाता है।

**pH** **पी.एच.**

किसी विलयन में अम्लता या क्षारता की कोटि का सूचक [pH = log (1/c $H^+$)/µt] जो हाइड्रोजन आयन की सांद्रता का द्योतक है।

**phage (bacteriophage)** **विभोजी (जीवाणुभोजी)**

जीवाणुओं पर आक्रमण करने वाले विशिष्ट विषाणु वर्ग जैसे - लैम्डा विभोजी।

**phagocyte** **भक्षकाणु**

सूक्ष्मजीवों या अन्य बाहरी कणों का अंतर्ग्रहण करने वाली कोशिका।

**phagocytosis** **भक्षकोशिकता**

प्रक्रिया जिसमें श्वेत रूधिर कोशिकाएँ अवांछित पदार्थों या कोशिकाओं को खा जाती है।

**phagolysosome** **भक्षलयनकाय**

भक्षकाय तथा लयनकाय के संलयन से बनने वाला कोशिकाद्रव्यी आशय।

**phagosome** **भक्षकाय**

कोशिकाओं में प्राथमिक लाइसोसोमी पुटिका तथा बाल्य-पदार्थों के अंतर्ग्रहण के संलयन से बनी पाचक रसधानी।

**phalanx** **अंगुल्यस्थि**

कशेरुकियों के अग्रपाद तथा पश्चपाद में करभिका या प्रपदिका के बाद ही दूरस्थ हड्डियां। मानव में हाथ–पैर की अंगुलियों की छोटी–छोटी हड्डियां।

**phallobase** **शिश्नाधार**

कीटों में शिश्न का समीपस्थ भाग जिसके परिवर्धन में बहुत अधिक विभिन्नता दिखाई देती है। कभी-कभी इसकी वृहद् संरचना लिंगाग्रिका को थामे रखती है और उसके आस-पास प्रायः प्रावरक वलन या आच्छद का काम करती है। कभी-कभी यह जनन-कक्ष की भित्ति में केवल आधार शिश्नीय कठक के रूप में पाई जाती है।

**phallocrypt** **शिश्न गुहिका**

शिश्नाधार (phallobase) या जनन-कक्ष भित्ति की कोटरिका (पॉकेट) जिसमें लिंगाग्रिका का आधार भाग स्थित रहता है।

**phallomere** **शिश्नखंड**

कुछ कीटों के व्यक्तिवृत्त (ontogeny) में जनन रंध्र के पार्श्वों में बनी जननांग पालियां। अधिकांश कीटों में ये मिलकर शिश्न का निर्माण करती हैं, लेकिन ब्लैटिडी और मैन्टिडी कुल के वयस्कों में ये सम्मिश्र जननांग के रूप में परिवर्धित होती हैं।

**phallotheca** **शिश्नप्रावरक**

लिंग्राग्रिका के आस-पास शिश्नाधार का वलय या नलिकाकार विस्तार।

**phallotreme** **शिश्न रंध्र**

लिंगाग्रिका के अंत में स्थित अंतःशिश्न का दूरस्थ द्वार।

**phallus** **शिश्न**

अयुग्मित शिश्न या मध्य प्रवेशी अंग जिसमें शिश्नाधार, लिंगाग्रिका, अंतःशिश्न और शिश्नाधार के विभिन्न प्रवर्ध शामिल हैं।

**pharyngeal ganglion** **ग्रसनी गुच्छिका**

मुख पथ-तंत्रिका तंत्र का वह भाग, जिसमें मस्तिष्क के ठीक पीछे स्थित प्ररूप गुच्छिका-युग्म होता है और प्रत्येक गुच्छिका एक छोटी तंत्रिका द्वारा मस्तिष्क के पृष्ठभाग से जुड़ी हुई होती है। इसे 'ग्रसिका गुच्छिका', 'अधोमस्तिष्क गुच्छिका' अथवा 'अनुकपाल गुच्छिका' भी कहते हैं।

**pharynx** **ग्रसनी**

कशेरुकियों की आहार-नाल में मुख-गुहा और ग्रसिका के बीच का भाग, जिसमें मछलियों के गिल-रंध्र और चतुष्पादों की घांटी (ग्लॉटिस) खुलती है। अकशेरुकियों में मुखनाल या ग्रसिका के ठीक पीछे आहार-नाल का मांसल भाग।

**phase** **प्रावस्था**

कीट-विशेष की वह अवस्था जिसमें समष्टि-घनत्व की अनुक्रिया में व्यवहार, क्रिया, रंग और आकार के परिवर्तन की क्षमता होती है। उदा.– टिड्डी की एकल और यूथी प्रावस्था।

**phasmid** **फ़ेस्मिड**

आनुवंशिक इंजीनीयरी में उपयोगी संकर प्लाज़्मिड, जो एक विभोजी $\lambda$–जीनोम और विभोजी $\lambda$–att विस्थल वाले प्लाज़्मिड के बीच पुनर्योजन से बनते हैं।

**Phasmida** **फैस्मिडा**

बड़े, अपंखी या पंखी कीट जो प्रायः लंबे, बेलनाकार और बिरले ही संपीड़ित (compressed) तथा पत्ती जैसे आकार में पाए जाते हैं। मुखांग चिबुकीय; अग्रवक्ष छोटा; गुल्फ हमेशा पांच खंडीय; अग्रपंख हो तो प्रायः छोटे और उपसीमांतीय कॉस्टा वाले; अंडनिक्षेपक छोटा; नर बाह्य जननांग असममितीय; लूम छोटे व अखंडीय होते हैं। विशिष्टीकृत श्रवण और घर्षणध्वनि अंग नहीं होते। कायांतरण थोड़ा। उदा.–यष्टिकीट (स्टिक इन्सेक्ट) और पर्णाभ कीट (लीफ इन्सेक्ट)।

**phenotype** **लक्षणप्ररूप**

किसी जीव का बाहरी रूप या अन्य विशिष्टताएँ जो उसकी आनुवंशिक संरचना और पर्यावरण की पारस्परिक क्रिया से उत्पन्न होती हैं। तु॰ genotype

**phenotypic classification** **लक्षण प्ररूपी वर्गीकरण**

वर्गीकरण की वह पद्धति जो जातिवृत्त का ध्यान रखे बिना केवल दिखाई देने वाले लक्षण प्ररूपी लक्षणों पर ही आधारित होती है।

**pheromone** **फेरोमोन**

किसी जीव द्वारा, दूसरे जीव में रासायनिक संपर्क करने के उद्देश्य से, उत्पन्न पदार्थ; विशेष रूप से किसी जाति के एक प्राणी द्वारा बाहरी वातावरण में छोड़ा जाने वाला वह पदार्थ जो उसी जाति के अन्य प्राणियों के परिवर्धन या व्यवहार को प्रभावित करता है।

**phloem** **पोषवाह**

चालनी अवयवों, सहयोगी कोशिकाओं, रेशों और मृदूतक दीर्घीभूत कोशिकाओं से बना ऊतक जिसके द्वारा शर्कराएँ तथा अन्य कार्बनिक अणु, पौधों में ऊपर-नीचे आते-जाते हैं।

**phonoreceptor** **ध्वनिग्राही**

ध्वनि अनुक्रिया के प्रति संवेदी अंग।

**phoresis (phoresy)** **फोरेसिस**

एक प्रकार का जीव-साहचर्य जिसमें एक जीव दूसरे जीव पर परजीवी न होकर भी उसके द्वारा वाहित होता है।

**phosphatase** **फॉस्फेटेज**

फॉस्फोरस-युक्त कार्बनिक यौगिकों से फॉस्फोरस को अलग करने वाला एन्ज़ाइम।

**phosphorescence** **स्फुरदीप्ति**

ऊष्मा के बिना प्रकाश के उत्सर्जन की परिघटना।

**phosphorylation** **फॉस्फोरिलन**

किसी जैव अणु में फॉस्फेट समूह को जोड़ने की प्रक्रिया। यदि फॉस्फेट समूह ए.टी.पी. से प्राप्त हो तो उत्प्रेरक एन्जाइम काइनेज़ होता है अन्यथा फॉस्फोरिलेज। अनेक प्रोटीनों की जैव-सक्रियता का नियमन फॉस्फोरिलन अथवा (इसके विपरीत) विफॉस्फोरिलन की प्रक्रिया के द्वारा होता है।

**photolysis** **प्रकाश अपघटन**

प्रकाश संश्लेषण की प्रकाश अभिक्रिया द्वारा जल का रासायनिक भंजन।

**photoperiod** **दीप्तिकाल**

प्रकाश के दैनिक प्रभावन की अवधि।

**photoperiodism** **दीप्तिकालिता, प्रकाशकालिता**

प्रकाश तथा अंधकार के क्रम एवं अवधि में परिवर्तन के प्रति प्राणियों तथा पौधों की कार्यिकीय (शरीरक्रियात्मक) अनुक्रिया।

**photoreceptor** **प्रकाशग्राही**

प्रकाश के प्रति संवेदनशील कोशिका या अंग। इनका वर्णक प्रकाश अवशोषण और रासायनिक परिवर्तन के बाद संबद्ध तंत्रिकाओं को उद्दीप्त करता है।

**photosynthesis** **प्रकाश-संश्लेषण**

प्रक्रिया जिसमें प्रकाश और क्लोरोफिल की उपस्थिति में कार्बन डाइऑक्साइड तथा जल से कार्बोहाइड्रेट का संश्लेषण होता है।

**phototaxis** **प्रकाशानुचलन**

प्रकाश उद्दीपन के प्रति समूचे जीव की अनुक्रिया जिसके फलस्वरूप जीव उद्दीपन की तरफ या उससे दूर जाता है; जैसे पंखदार दीमकों का प्रकाश की ओर उड़ना।

**phragma** **फ्रेग्मा**

पृष्ठकों (वक्ष-पृष्ठक) के पट्टिका जैसे नतिवर्तन (inflections) जो कीटों के पंखों की पृष्ठीय अनुदैर्घ्य पेशियों के संलग्न के लिए आधार प्रदान करते हैं।

**phylogeny** **जातिवृत्त**

किसी जीव, जाति या समूह के विकास का इतिहास या उन सभी अवस्थाओं का क्रम जिनसे गुजरने के बाद किसी जीव का विकास हुआ है।

**phylum** **संघ, फ़ाइलम**

वर्गीकरण में एक बड़ा प्रमुख विभाग या वर्गक (टैक्सॉन) जिसमें कई वर्ग (क्लास) होते हैं।

**physiologic specialization** **कार्यिकीय विशिष्टीकरण**

आनुवंशिक रूप से भिन्न बहुत-सी समष्टियों का पाया जाना जो आवृत्तिक दृष्टि से एक जैसी होती हैं परंतु शरीरक्रियात्मक, जैव रासायनिक अथवा विकृति-जन्य लक्षणों में भिन्नता दर्शाती हैं।

**physiology** — **कार्यिकी, शरीरक्रिया विज्ञान**

शरीर में होने वाली जीवन क्रियाओं तथा विभिन्न संरचनाओं के कार्यों के अध्ययन से संबंधित जीवविज्ञान की शाखा।

**phytoparasite** — **पादप-परजीवी**

पौधों पर निर्वाह करने वाले जीव।

**phytophagous** — **पादपभक्षी**

ऐसे प्राणी जो पौधों का आहार करते हैं; शाकभक्षी।

**piercing mouth-parts** — **वेधन मुखांग**

पादपों अथवा प्राणियों (जंतुओं) से द्रव-आहार प्राप्त करने के लिए अनुकूलित मुखांग। सामान्यतया अधरोष्ठ भाग जबड़े (चिबुकास्थि और जंभिका) दीर्घित और विभिन्न रूप से रूपांतरित होकर चूषण-शुंडिका (proboscis) बन जाते हैं।

**pigment** — **वर्णक**

जीवधारियों में पाया जाने वाला रंगीन पदार्थ। उदा. रुधिर में हीमोग्लोबिन, त्वचा में मेलानिन, आदि।

**pilosity** — **रोमिलता**

प्रायः छोटे कोमल रोमों से उत्पन्न आच्छादन या रोमिलता।

**pin worm** — **पिन कृमि**

प्राणियों के परजीवी सूत्रकृमि *एन्टेरोबियस वर्मिकुलेरिस* का सामान्य नाम।

**pinacocyte** — **सपाटकोशिका, पिनेकोसाइट**

स्पंजों में शरीर का बाहरी आवरण बनाने वाली चपटी कोशिकाएं जो चर्मीय उपकला (डर्मल एपिथीलियम) में पाई जाती हैं।

**pineal body** — **पिनियल काय**

कशेरुकियों के मस्तिष्क की एक संरचना जो डाइएनसेफलॉन के पृष्ठ भाग से मध्य उद्वर्ध के रूप में निकली रहती है। कुछ सरीसृपों और लैम्प्रे में इसकी संरचना आंख से कुछ मिलती-जुलती है, किंतु

अन्य कशेरुकियों में संभवतः अंतःस्रावी कार्य से संबंधित मानी जाती है।

**pinna** **कर्णपल्लव**

स्तनियों में बाहर की ओर निकला हुआ कान का भाग।

**pinocytosis** **पायीकोशिकता**

प्जाज़्मा झिल्ली द्वारा बनाई गई पुटिकाओं, के माध्यम से बाहरी द्रव विलयन का कोशिका में अंतर्ग्रहण।

**Pisces** **पिसीज (मत्स्य वर्ग)**

कपालीय कशेरुकियों का एक वर्ग जिसमें जलीय प्राणी आते हैं। अनियततापिता, गिलों द्वारा श्वसन, धारारेखित शरीर, सुपरिवर्धित जबड़े, युग्मित व अयुग्मित पख, सामान्यतया शल्कों का बाह्यकंकाल इनके प्रमुख लक्षण हैं। सामान्य भाषा में इन्हें मछलियां कहते हैं।

**pitch** **वर्तांक, पिच**

सामान्य दोहरे डी.एन.ए. के दो कुंडलित घुमावों के बीच की दूरी।

**pituitary body** **पीयूष काय**

कशेरुकियों में मस्तिष्क के अधश्चेतक (हाइपोथैलेमस) के ठीक नीचे स्थित अंतःस्रावी ग्रंथि जिनसे उत्पन्न कई प्रकार के हॉर्मोन अन्य अंतःस्रावी अंगों तथा संपूर्ण शरीर पर प्रभाव डालते हैं। इसके दो मुख्य भाग होते हैं—न्यूरोहाइपोफ़िसिस जो मस्तिष्क से उत्पन्न होती है और एडीनोहाइपोफ़िसिस जो हाइपोफ़िसिस से उत्पन्न होती है।

**placenta** **अपरा, प्लैसेन्टा**

उच्चतर स्तनियों में भ्रूणीय ऊतकों (जरायु तथा अपरा-पोषिका) तथा गर्भाशय के ऊतकों के संलग्न होने से बनी संरचना जिसके माध्यम से परासरण द्वारा मातृ तथा भ्रूण के रक्त-प्रवाह से ऑक्सीजन, पोषण तथा वर्ज्य पदार्थों आदि का आदान-प्रदान होता है। अपरा के कई प्रकार हैं जैसे पाती (डेसीड्यूएट), दलीय (कॉटीलीडनीय), मंडलीय (ज़ोनरी), चक्रिकाभ (डिस्कॉयडल), आदि।

**plankton** **प्लवक**

समुद्र तथा अलवण जल की सतह पर बहते–तिरते रहने वाले सूक्ष्मजीव जिनमें मुख्यतः एककोशिक शैवाल, प्रोटोज़ोआ, छोटे-छोटे क्रस्टेशियन, मोलस्कों के डिंभक तथा कुछ अन्य सूक्ष्म अकशेरुकी शामिल किए जाते हैं। ये मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं– पादपप्लवक, जिनमें पौधे आते हैं, और प्राणिप्लवक जिनमें जंतु आते हैं।

**plant cell** **पादप कोशिका**

पादपों के शरीर की संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक इकाई। इस कोशिका के विशिष्ट घटकों में कोशिकाभित्ति, हरितलवक और रसधानियाँ प्रमुख होते हैं।

**plantigrade** **पादतलचारी**

ऐसे प्राणी या ऐसे संचलन के लिए प्रयुक्त जिसमें पैर का पूरा चपटा भाग (यानी तलवा और एड़ी दोनों ही) जमीन को छूता हुआ चलता है। उदा. मानव, भालू आदि।

**plasma (serum)** **प्लाज़्मा**

रक्त का तरल अंश जिसमें पानी में घुले हुए अनेक जैव और अजैव पदार्थ होते हैं।

**plasma cells** **प्रद्रव्य कोशिका**

प्रतिरक्षी-स्रावी कोशिका जो β-लसीकाणु से परिवर्धित होती है।

**plasma membrane** **प्लाज़्मा झिल्ली**

लिपिड तथा प्रोटीन युक्त वरणात्मक पारगम्य झिल्ली जो कोशिका द्रव्य को इसके बाहरी परिवेश से पृथक् करती है।

**plasmalemma** **प्रद्रव्य कला**

दे॰ **plasma membrane**

**plasmid** **प्लाज़्मिड**

जीवाणु तथा कवकों में पाया जाने वाला गुणसूत्र-बाह्य स्वतः प्रतिकृत होने वाला द्विरज्जुकीय वर्तुल डी.एन.ए. अणु।

**plasmodesmata** **जीवद्रव्य तंतु**

समीपवर्ती पादप कोशिकाओं को जोड़ने वाले कोशिकाद्रव्यी सेतु।

**plasmolysis** **जीवद्रव्य कुंचन**

बाहरी विलेय की उच्च सांद्रता के परिणामस्वरूप कोशिका का संकुचन।

**plastid** **लवक**

पादप कोशिका में वर्णक, स्टार्च और अन्य कोशिकीय उत्पादों के भंडारण के लिए संरचनाएँ।

**plastron** **अधरवर्म, प्लैस्ट्रन**

1. कीटों में गैस का पतला स्तर जो बारीक अपजल रोमों (hydrofuge hairs) अथवा बारीक क्यूटिकुलर परिजाल के द्वारा स्थायी रूप से अपने स्थान पर बना रहता है और स्थायी शारीरिक क्लोम (gill) का काम करता है।

2. कछुओं में उनकी अधार सतह पर बनी एक अस्थिल प्लेट।

**platelet (blood platelet)** **पट्टिकाणु (रुधिर पट्टिकाणु)**

स्तनियों में छोटी रंगहीन रुधिर कणिका जिसका रुधिर स्कंदन (यानी थक्का बनाने) में महत्वपूर्ण योगदान होता है।

**Platyhelminthes** **प्लेटीहेल्मिंथीज**

द्विपार्श्व सममिति वाले अकशेरुकियों का एक संघ (फाइलम) जिसमें चपटे कृमि आते हैं। आंत्र में केवल एक ही रंध्र (मुख) का होना, प्रगुहा (सीलोम), गुदा और रुधिर-तंत्र का न पाया जाना तथा जटिल उभयलिंगी जनन-तंत्र का होना इनके प्रमुख लक्षण हैं।

**Plecoptera** **प्लेकॉप्टेरा**

मध्यम से लेकर बड़े आकार वाले मृदु-शरीरी कीट जिनकी शृंगिकाएं लंबी और शूकमय; मुखांग कमजोर और आदंशी; पंख झिल्लीमय होते हैं जो विश्रामावस्था में पृष्ठ पर चपटे रहते हैं। पश्च पंखों का जोड़ा आमतौर पर बड़ा और सुपरिवर्धित गुद-पालि (anal lobe) वाला; गुल्फ तीन खंडीय होता है। उदर का अंत लंबे बहुसंधित

(multi articulate) लूमों के रूप में होता है। अंडनिक्षेपक नहीं होता। कायांतरण अल्परूपांतरी (hemimetabolous); अर्भक जलीय; लंबी शृंगिकाओं और लूमों वाले; तथा वातक क्लोम नहीं होते। उदा. –स्टोनफ़्लाई (stoneflies)।

**Pleistocene epoch** **अत्यंतनूतन युग**

पृथ्वी के ऐतिहासिक काल-क्रम में डेढ़ करोड़ वर्ष पूर्व से लेकर दस हजार वर्ष पूर्व तक की अवधि जिसमें चार बड़े हिमकाल हुए। आदिमानव का उद्‌भव इस युग की प्रमुख विशेषता है।

**pleural region** **पार्श्वक्षेत्र**

शरीर के अधरपार्श्व अंग जिन पर पाद जुड़े होते हैं।

**pleurite** **पार्श्वकांश**

किसी खंड के पार्श्वक्षेत्र का कोई भी छोटा कठक, अथवा पार्श्वक के घटकीय कठकों में से कोई भी एक।

**pleuron** **पार्श्वक**

कीटकाय का अधरपार्श्व कठक।

**plexus** **जालक, जालिका**

रुधिर-वाहिकाओं या तंत्रिकाओं का जाल।

**podite (podomere)** **पादांश (पादखंड)**

कीट के पैर का खंड।

**poikilothermal** **असमतापी**

ऐसे प्राणियों के लिए प्रयुक्त जिनके शरीर का तापमान वातावरण के तापमान के अनुसार घटता-बढ़ता रहता है। विषम परिस्थितियों में इन प्राणियों की उपापचय क्रियाएं धीमी हो जाती हैं जिससे ये निष्क्रिय से हो जाते हैं और सुरक्षा के लिए कहीं छिप जाते हैं। पक्षियों और स्तनियों को छोड़कर शेष सभी प्राणी इसी कोटि में आते हैं। तु. homothermal समतापी।

**point sampling** **बिंदु प्रतिचयन**

ऐसा प्रतिचयन जिसमें खेत या क्षेत्र के एक या अधिक स्थानों से फसल के व्यापक मॉनीटरन के साथ पीड़कों और प्राकृतिक शत्रुओं की गणना की जाती है।

**poison bait** **विष प्रलोभक**

भूसी, शीरा, अनाज आदि में विष के मिलाने से बना पदार्थ जिसे प्रलोभक (bait) की भांति उपयोग करके हानिकारक कीटों अथवा कृंतकों (rodents) को मारा जाता है।

**polar body** **ध्रुवी काय**

परिपक्वन के दौरान जंतु-अंडे में से अलग होने वाली सूक्ष्म कोशिकाओं में से एक जो ध्रुवीकाय निषेचण में भाग नहीं लेती।

**polar granule** **ध्रुवीय कणिका**

कीट के अंडे के प्रश्च डिम्ब-द्रव्य में आर.एन.ए. बहुल कणिकाएँ।

**polarity** **ध्रुवता**

कोशिका, कोशिकीय घटकों या महाअणुओं के अलग–अलग प्रक्षेत्रों में प्रक्रियात्मक अंतर।

**pollutant** **प्रदूषक**

जल, मृदा या वायुमंडल में विसर्जित हानिकारक रसायन या अपशिष्ट पदार्थ।

**polyembryony** **बहुभ्रूणता**

एक ही निषेचित अंडे या युग्मनज से दो या अधिक भ्रूणों का उत्पन्न होना, जैसे मानव में द्विअंडी यमज और कीटों में, विशेषकर परजीवी हाइमेनोप्टेरा में, एक अंडे से बनने वाले सैंकड़ों भ्रूण। स्तनियों में इसका प्रमुख उदाहरण आर्मेडिलो है जिसमें एक अंडे से चार भ्रूण बनते हैं।

**polyhedron** **पॉलिहेड्रॉन**

क्रिस्टल के समान समावेशी पिंड जो पालिहेड्रोसिस विषाणु के संक्रमण का अभिलक्षण है; केंद्रकीय अथवा कोशिकाद्रव्यी पालिहेड्रॉनों द्वारा संक्रमित कोशिकाओं में उत्पन्न विषाणु की विविध आकारवाली प्रोटीनमय आच्छादिका।

**polymerase chain reaction (PCR)** **पॉलिमरेज अभिक्रिया शृंखला (पी.सी.आर)**

न्यूक्लीक अम्ल प्रवर्धन की एक तकनीक जिसमें उपक्रामक ऑलिगोन्यूक्लि-ओटाइड अणु के तापानुशीतन तथा डी.एन.ए. पालीमरेज के साथ अभिक्रिया चक्रों द्वारा लक्ष्य डी.एन.ए./आर.एन.ए. अनुक्रम की कुछ ही घंटों में दस लाख से भी अधिक प्रतियाँ संश्लेषित की जा सकती हैं।

**polymerization** **बहुलकन**

अनेक छोटे अणुओं के संयोजन से किसी ऐसे बड़े या अधिक संकुल अणु का निर्माण होना जिसका उच्च अणुभार हो और गुण भिन्न हो।

**polymorphism** **बहुरूपता**

एक ही जाति की व्यष्टियों में तीन या अधिक रूप अथवा आकृतियों का होना या एक ही जाति में विभिन्न लक्षण या आकृति के व्यष्टियों का पाया जाना। उदा. सीलेन्टरेटों मे अनेक प्रकार की पॉलिप और मेड्यूसा अवस्थाएं; मधुमक्खी में रानी, कर्मी, नर आदि कई प्रकार की व्यष्टियां।

**polyp** **पॉलिप**

सीलेन्टरेटा संघ के निवही प्राणियों का अचल रूप या व्यष्टि। हाइड्रा में यह एकल होता है और बिंदु जेली फिश तथा प्रवालों में संयुक्त। निवह के सभी पॉलिपों की देहगुहा एक नलिका या योजकनाल द्वारा परस्पर जुड़ी होती है। संयुक्त पॉलिपों में प्रत्येक पॉलिप अपना विशिष्ट कार्य (जैसे सुरक्षा, अशन तथा जनन) करता है।

**polypeptide** **पोलीपेप्टाइड**

कई ऐमीनो अम्लों के संयोजन से बना अणु।

**polyphagous** **विविधभक्षी**

अनेक प्रकार के खाद्यों का उपयोग करने वाले जीव। उदा. —बालदार इल्ली, चने का फली वेधक।

**polyphagy** **विविधभक्षिता**

विविध प्रकार के आहार का उपयोग करना।

**polyphylectic** **बहुस्रोतोद्भवी**

अवरोहण के दो या अधिक पूर्वज वंशक्रम से व्युत्पन्न सम्मिश्र वर्गक।

**polyploidy** **बहुगुणिता**

दो से अधिक गुणसूत्र–समुच्चयों या संजीनों वाली कोशिकाएं या ऐसी कोशिकाओं से बना जीव होने की स्थिति।

**polypod larva** **बहुपाद डिंभक**

ऐसा डिंभक जिसमें सुस्पष्ट खंड उदरीय-पाद या अग्रपाद और एक परिरंध्री श्वासनली तंत्र होते हैं। शृंगिकाएं और वक्षीय पाद होते तो हैं पर पूर्ण विकसित नहीं होते। इस किस्म के प्ररूपी उदाहरण हैं—अधिकांश लेपिडॉप्टरा, आरा मक्खियों और बिच्छू–मक्खियों के डिंभक।

**polysaccharide** **पॉलीसैकेराइड**

दस से अधिक मोनोसैकेराइडों के संयोजन से उत्पन्न कार्बोहाइड्रेट।

**polysome** **पॉलिसोम**

दो या दो से अधिक राइबोसोमों का संकुल जो एक ही दूत आर. एन.ए. रज्जुक पर अलग–अलग संलग्न होते हैं तथा बहुपेप्टाइड संश्लेषण में सक्रिय भाग लेते हैं।

**polyspermy** **बहुशुक्राणुता**

किसी अंड में एक से अधिक शुक्राणुओं का प्रवेश।

**polytene chromsome** **बहुपट्टीय गुणसूत्र**

द्विपंखी डिम्भकों की लालाग्रंथियों में उपस्थित विशालकाय गुणसूत्र जो संतति अर्धगुणसूत्रों की घनिष्ठता से निर्मित पट्टिकाओं तथा

अंतर-पट्टिकाओं को अभिलक्षित करते हुए एक विशेष आकारिकी रखता है।

**polytrophic egg tube** — **बहुपोषी अंडनलिका**
ऐसी अंडनलिका जिसमें अंडकों के साथ–साथ पोषकाणुओं का समूह भी होता है।

**polytypic species** — **बहुलप्ररूपी जाति**
वह जाति जिसकी दो और अधिक उपजाति होती हैं।

**polytypic** — **बहुलप्ररूपी**
ऐसा वर्गक जिसके एकदम बाद वाली गौण श्रेणी में दो या अधिक वर्गक होते हैं।

**Polyzoa (Bryozoa)** — **पोलीज़ोआ (ब्रायोज़ोआ)**
छोटे-छोटे जलीय, प्रायः स्थानबद्ध निवही प्राणियों का एक संघ (फ़ाइलम) जो सतही तौर पर हाइड्रॉइड सीलेन्टरेटों से मिलते-जुलते हैं। कशाभी स्पर्शकों की सहायता से भोजन-ग्रहण, आहारनाल, गुदा तथा प्रगुहा (सीलोम) का होना इनके विशिष्ट लक्षण हैं।

**population density** — **समष्टि घनत्व**
प्रति इकाई आयतन में व्यष्टियों की संख्या।

**population** — **समष्टि**
किसी जाति के व्यष्टियों का समूह जो एक विशेष भौगोलिक क्षेत्र में रहता और अंतराप्रजनन करता है।

**population dynamics** — **समष्टि गतिकी**
समूची पर्यावरणीय दशाओं के प्रभाव के अंतर्गत समय और दिक्काल में किसी प्राणि-जाति के वितरण एवं प्रचुरता में परिवर्तन का होना।

**pore canal** — **रंध्रनाल**
बाह्यत्वचीय कोशिकाओं के कोशिकाद्रव्यी विस्तार जो क्यूटिकल से भीतरी अधिक्यूटिकल तक लंबवत् जाते हैं।

**pore complex** **रंध्र संमिश्र**

केंद्रकीय छिद्रों और नलिकाओं से बनी संरचना।

**Porifera** **पॉरीफेरा**

स्थानबद्ध, जलीय अकशेरुकियों का एक संघ जिसमें स्पंज आते हैं। नालों तथा कक्षों से बना अनेक छिद्रों वाला शरीर, कंटिकाओं और स्पंजिन तंतुओं या दोनों का कंकाल, कप कोशिकाओं का पाया जाना, तंत्रिका तंत्र का अभाव तथा पक्ष्माभी क्रिया द्वारा उत्पन्न जलधारा से अशन क्रिया का होना इनके विशिष्ट लक्षण हैं। दो तीन अलवणजलीय स्पंजों को छोड़कर सभी समुद्री होते हैं।

**portal vein** **निवाहिका शिरा**

हृदय को छोड़कर दूसरे अंगों में या एक केशिकासमूह से दूसरे केशिकासमूह में रक्त ले जाने वाली शिराएं; जैसे कशेरुकियों में आंत्र से यकृत् तक रक्त ले जाने वाली यकृत् निवाहिका शिरा।

**post embryo-genesis** **उत्तर भ्रूणोद्भव, भ्रूणोद्भवोत्तर**

चार निर्मोक अवस्थाओं द्वारा प्रथम डिंभक अवस्था से लेकर वयस्क अवस्था तक के परिवर्धन की प्रक्रिया।

**post emryonic development** **भ्रूणोत्तर परिवर्धन**

भ्रूण-निर्माण के बाद होने वाला परिवर्धन क्रम।

**posterior tentorial arms** **पश्च छदि शाखा**

सपंख कीटों में क्यूटिकलीय अंतर्वलन का पश्च जोड़ा जो पश्चानुकपाल सीवन के नीचे के सिरों में स्थित पश्चछदि गर्तों से निकलता है। यह सिर के साथ मिलकर अधर तंत्रिका रज्जु पर चापाकार ढांचा बनाता है और मुखपथ को सहारा देता है।

**posterior** **पश्च**

सिर से दूर वाले सिरे या संचलन से विपरीत दिशा वाले सिरे या भाग की तरफ स्थित (कोई अंग, संरचना या दृश्य)।

**ppm (part per million)** **पी.पी.एम.**

प्रति दस लाख का अंश। आहार, पादपों, प्राणियों इत्यादि में रसायनों की मात्रा को व्यक्त करने की एक माप।

**Precambrian** **कैम्ब्रियनपूर्व**

पृथ्वी के ऐतिहासिक कालक्रम में प्राग्जैविक (ऐज़ोइक) महाकल्प के बाद और पुराजीवी (पेलियोज़ोइक) महाकल्प से पहले 150 करोड़ वर्ष की अवधि। जीवों का इतिहास यहीं से शुरू होता है।

**predation** **परभक्षण**

परभक्षी द्वारा अपने शिकार को खाया जाना। उदा.– मीनूकाइलस परभक्षी कीट का एफ़िड को खाना, शेर द्वारा नीलगाय को खाया जाना।

**predator** **परभक्षी**

जीवन-पर्यन्त अकेले रहने वाले वे मुक्त जीव जो अपने शिकार को मारकर खाते हैं। इनका आकार अपने शिकार से बड़ा होता है। अपने पूर्ण परिवर्धन के लिए इन्हें एक से अधिक जीवों की आवश्यकता होती है। उदा.– मैंटिड, मकड़ी, भृंग, चील, बाज आदि।

**premaxilla** **जंभिकापूर्वी**

अधिकांश कशेरुकियों में ऊपरी जबड़े का अग्र भाग बनाने वाली युग्मित कलास्थि जो जंभिका (मैक्सिला) के आगे रहती है। स्तनियों की इस संरचना में कृंतक दांत होते हैं जबकि पक्षियों में यह ऊपरी चोंच का अधिकांश भाग बनाती है।

**prementum** **मेन्टमपूर्वी, प्रचिबुकांग**

अधरोष्ठ का दूरस्थ भाग जो अधरोष्ठ सीवन से दूरोन्मुख होता है तथा जिस पर सभी अधरोष्ठ पेशियां लगी होती हैं।

**premolar** **अग्रचर्वणक**

स्तनियों के जबड़ों में पीसने वाले दांत जो रदनक (कैनाइन) और चर्वणक (मोलर) के बीच में होते हैं। चवर्णकों के विपरीत ये पाती दंतविन्यास (दूध के दांतों) में भी पाए जाते हैं। मानव के प्रत्येक जबड़े में दोनों ओर दो-दो अग्रचर्वणक होते हैं। दे. dental formula दंत-सूत्र।

**primary culture** **प्राथमिक संवद्‌र्ध**

किसी जीव से सीधे ही ली गई कोशिकाओं, ऊतकों अथवा अंगों से प्रारंभ किया गया संवद्‌र्ध।

**primary immune response** **प्राथमिक प्रतिरक्षा अनुक्रिया**

किसी विशेष प्रतिजन के प्रति पहली प्रतिरक्षा अनुक्रिया जिसकी पश्चता अवधि लंबी होती है और प्रतिरक्षी उत्पादन का अनुमाप अपेक्षाकृत कम होता है।

**primary lysosome** **प्राथमिक लयनकाय**

साधारण संरचना जो अभी तक किसी अन्य आशय से संयोजित नहीं हुई हो।

**primary parasitoid** **प्राथमिक परजीव्याभ**

ऐसे संधिपाद कीट-परजीवी जो स्वयं परजीवी नहीं होते।

**primates** **प्राइमेट्स**

स्तनियों का एक गण जिसमें मानव, कपि (ape), बन्दर आदि आते हैं। सुपरिवर्धित प्रमस्तिष्क गोलाद्र्ध, पंचांगुलिपाद, सम्मुखी अंगुष्ठ, नखर के स्थान पर नाखून और त्रिविम दृष्टि इनके विशिष्ट लक्षण हैं।

**primer** **प्रारंभक**

न्यूक्लियोटाइडों का एक लघु अनुक्रम जो डी.एन.ए. के एक सूत्र के साथ युग्मित होकर पॉलीमरेस एन्ज़ाइम को क्रियाशील करके डीऑक्सीराइबो न्यूक्लियोटाइड के सूत्र के संश्लेषण को बढ़ा देता है।

**primitive streak** **आदि रेखा**

मछलियों, सरीसृपों, पक्षियों और स्तनियों में अंडे के भ्रूणीय बिंब में प्रकट होने वाली अनुदैर्घ्य खांच जिसे ब्लास्टोपोर के तुल्य माना जाता है।

**primitive** **आदि, आद्य**

ऐसे जीवधारियों या संरचनाओं के लिए प्रयुक्त जो उद्भव में प्रथम हों या फिर अपने विकास-क्रम की प्रारम्भिक अवस्था में हो।

**primosome** **प्राइमोसोम**

जटिल प्रोटीन जो विच्छिन्न डी.एन.ए. प्रतिकृति के समय ''ओकाजाकी-खंड'' के संश्लेषण को प्रारंभ करती है।

**probe** **संपरीक्षक**

1. रेडियोएक्टिव न्यूक्लीक अम्ल जिन्हें पूरक अनुक्रमों का पता लगाने और स्थान निर्धारित करने के काम में लाया जाता है अथवा ऐसे प्रतिरक्षी जिन्हें पूरक प्रतिजनों का पता लगाने के काम में लाते हैं।

2. रेडियोधर्मिता वाला, एकल रज्जुक (लड़ी) का आर.एन.ए. या डी.एन.ए. जिसका प्रयोग पूरक जीन क्लोनों के स्थान निर्धारण में किया जाता है।

**Proboscidia** **प्रोबोसीडिया**

स्तनियों का एक गण जिसमें हाथी आते हैं। बड़ा आकार, भारी मोटे स्तंभ जैसे पाद, लंबी सूंड़, काफी लंबे कृंतक (गजदंत) तथा पीसने वाले विशाल चर्वणक, इनके विशिष्ट लक्षण हैं। आजकल इसकी केवल दो जीवित जातियां हैं—भारतीय हाथी और अफ्रीकी हाथी।

**proboscis** **शुंड, शुंडिका**

प्राणियों में सिर या मुखक्षेत्र से निकली लंबी नली-जैसी संरचना; जैसे कुछ कीटों, बैलेनोग्लोसस आदि में। हाथियों में यह नासिका और ऊपरी ओष्ठ के लंबा हो जाने से बनती है। कीटों में यह ऊर्वोष्ठ, जंभिका, चिबुकास्थि, अधोग्रसनी या अधरोष्ठ में से किसी एक या सभी के रूपांतरण से बनती है और अशन में सहायक होती है।

**process** **प्रवर्ध**

सुस्पष्ट रूप से बाहर निकला या उभरा हुआ भाग जैसे कशेरुक के अनुप्रस्थ प्रवर्ध, अंस मेखला का अंसतुंड प्रवर्ध आदि।

**procoelous** **अग्रगर्ती**

एक प्रकार का कशेरुक, जिसका कशेरुककाय (सेन्ट्रम) आगे से अवतल और पीछे से उत्तल हो। उदा. उभयचरों तथा सरीसृपों के प्ररूपी कशेरुक। (तु. opisthocoelous पश्चगर्ती।)

**proctodaeum** **गुदपथ, प्रोक्टोडियम**

आहारनाल का अंतिम भाग जो जठर से गुदा तक होता है तथा बाह्यचर्म से आस्तरित होता है।

**proenzyme** **प्राक्एन्ज़ाइम, प्रोएन्ज़ाइम**

जीवों में एन्जाइम से पहले की अवस्था वाला अनुप्रेरक पदार्थ जो बाद में एन्जाइम बन जाता है; जैसे पेप्सिनोजन जो बाद में पेप्सिन बन जाता है।

**proglottid** **देहखंड**

फीताकृमियों के शरीर के अनेक खंडों में से एक। ये खंड फीते के रूप में एक दूसरे से आगे-पीछे जुड़े रहते हैं और प्रत्येक खंड में अंगों की पुनरावृत्ति होती है।

**prognathus** **उद्हनु**

कीट के सिर का एक ऐसा प्रकार जिसमें सिर ऊर्ध्वाधर और मुखांग आगे की ओर बढ़े होते हैं।

**prokaryotic** **प्राक्केंद्रकी** (अवस्था)

जिसमें केंद्रक-संरचना झिल्ली से परिबद्ध नहीं होती और दूसरे झिल्ली परिबद्ध कोशिका अंगक जैसे कि हरितलवक, सूत्रकणिका और जालिकाय अनुपस्थित होते हैं।

**proleg** **प्रपाद**

इल्लियों के कुछ उदरीय खंडों पर स्थित छोटे और बिना संधि वाले मांसल पाद जो चलने में काम आते हैं। इनके सामान्यतः चार जोड़े पाए जाते हैं, लेकिन "लूपरो" (जियोमैटिडी) में केवल दो, माइक्रोप्टेरीजिडी के कीटों में आठ तथा आरामक्खी (टेन्थ्रीडीनिडी) में छह या सात जोड़े होते हैं।

**pronephros** **प्राक्वृक्क**

भ्रूणीय या डिंभकीय कशेरुकियों में सबसे पहले बनने वाला वृक्क।

**pronotum** **प्रवक्षपृष्ठक**

कीट के पहले वक्षीय खंड का पृष्ठीय क्यूटिकलीय आवरण, जो कभी-कभी बड़ा होकर शेष वक्ष को आवृत करने वाले कवच का निर्माण कराता है।

**prophase** **पूर्वावस्था**

अंतरावस्था और मध्यावस्था के बीच केंद्रक विभाजन की प्रथम अवस्था जिसमें गुणसूत्र केंद्रक के भीतर संघनित होते हैं।

**prophylaxis** **रोगनिरोध**

पीड़क नियंत्रण के लिए किए जाने वाले निरोधात्मक अथवा संरक्षणात्मक उपचार।

**propneustic** **अग्ररंध्री**

वह अल्परंध्री डिंभक जिसमें केवल अग्रवक्षीय श्वसन रंध्र होते हैं।

**proprioceptor** **स्वांतरग्राही**

पेशी, संधि आदि में तनाव के कारण उत्पन्न होने वाले उद्दीपनों को ग्रहण करने वाले संवेदग्राही जिनके द्वारा संतुलन, स्थिति आदि का बोध होता है।

**prosopyle** **आगमद्वार, प्रोसोपाइल**

साइकॉन प्रकार के स्पंजों में अंतर्वाही तथा अरीय नालों के बीच का रंध्र।

**prostate gland** **पुरःस्थ प्रॉस्टेट (ग्रंथि)**

नर स्तनियों में सबसे बड़ी सहायक लैंगिक ग्रंथि जिसका स्राव काफी मात्रा में शुक्राणु तरल में मिलता है।

**prostomium** **पुरोमुख, प्रोस्टोमियम**

सखंड प्राणी के धड़ का खंडरहित अग्र मुखपूर्वी भाग।

**protandry** **पुंपूर्वता**

स्त्रीजनन कोशिकाओं यानी अंडाणुओं से पहले नर जनन कोशिकाओं का उत्पन्न या परिपक्व होना; जैसे कुछ सूत्रकृमियों में।

**protein synthesis** **प्रोटीन संश्लेषण**

ऐमीनों अम्लों से प्रोटीन का जैवसंश्लेषण। कोशिका में यह प्रक्रिया राइबोसोमों पर होती है। संश्लेषित ऐमीनों अम्ल शृंखला के विविध

ऐमीनों अम्लों का अनुक्रम दूत आर.एन.ए. रुपदा द्वारा निर्धारित होता है।

**protein** **प्रोटीन**

जटिल कार्बनिक नाइट्रोजन यौगिक जिसमें अनेक ऐमीनो अम्ल, पेप्टाइड आबंधों द्वारा जुड़ें रहते हैं।

**proteinase** **प्रोटीनेज़**

प्रोटीनों और पॉलिपेप्टाइडों के पेप्टाइड बंधों का जलअपघटन करने वाले प्रकिण्व (एन्जाइम)।

**protelean parasite** **अपरिपक्व परजीवी**

ऐसी कीटजाति (स्पीशीज) जो केवल अपरिपक्व अवस्था में ही परजीवी होती है।

**proteolytic enzyme** **प्रोटीनलयी प्रकिण्व**

प्रकिण्व, जो प्रोटीन में पेप्टाइड बंध के जलअपघटन से संबद्ध होता है।

**Proterozoic era** **प्राग्जीव महाकल्प**

पृथ्वी के ऐतिहासिक कालक्रम में लगभग 100 करोड़ वर्ष पूर्व से लेकर 50 करोड़ वर्ष पूर्व का समय, जो आर्कियोजोइक महाकल्प के बाद और पेलियोजोइक के पहले आता है। मुलायम शरीर वाले अकशेरुकियों का पाया जाना इस अवधि की एक विशेषता है।

**prothrombin** **प्रोथ्रोम्बिन**

कशेरुकियों में रुधिर प्लाज़्मा का एक घटक जो रुधिर के स्कन्दन (कोएग्यूलेशन) में योगदान देता है।

**protocephalon** **आद्यशीर्ष**

भ्रूण की शिरस्य पालियों के अनुरूप संधिपाद प्राणी के सिर के विकास की एक सामान्य प्रारंभिक अवस्था। इसमें पुरोमुख और आमतौर पर प्रथम मुखपश्चीय कायखंड होते हैं जिनसे कीट के आद्यशिरस्य क्षेत्र का निर्माण होता है।

**protocerebrum** **आद्यप्रमस्तिष्क**

कीट के मस्तिष्क का अग्रभाग जो भ्रूणावस्था में प्रथम कायखंड की संयुक्त गुच्छिकाओं से बनता है तथा जिसमें नेत्रीय तथा अन्य संबद्ध केंद्र होते हैं।

**Protochordata** **प्रोटोकॉर्डेटा**

निम्नतर कार्डेटों का एक समूह जिसके सदस्य कार्डेटा संघ के उच्चतर प्राणियों से इस बात में भिन्न होते हैं कि उनमें वास्तविक मस्तिष्क नहीं होता। कशेरुकियों की तरह इनमें क्लोम रंध्र, पृष्ठरज्जु और पूरी या अधूरी पृष्ठीय खोखली तंत्रिका-रज्जु पाई जाती है। उदा. **एम्फिओक्सस** और **बैलेनोग्लोसस**।

**protoplast fusion** **जीवद्रव्यक संलयन**

दो भिन्न स्रोतों से लिए गए जीव-द्रव्यकों का संलयन करके विषम केंद्रक बनाने की एक तकनीक।

**Protozoa** **प्रोटोज़ोआ**

एककोशिका वाले सभी प्राणियों का संघ जिसमें अमीबा, पैरामीशियम, मलेरिया परजीवी आदि प्राणी आते हैं। पादाभ, पक्ष्माभ या कशाभ द्वारा संचलन, पूर्णपादपी या पूर्णजान्तविक या पूतिजीवी पोषण, अलैंगिक विधि द्वारा जनन, और अंग या ऊतक का न होना इनके विशिष्ट लक्षण हैं।

**Protura** **प्रोट्यूरा**

सूक्ष्म अपंखी, कीट जिनके मुखांग अंतःसृत हनु वाले होते हैं। शृंगिकाएं और संयुक्त नेत्र नहीं होते; उदर में सुपरिवर्धित पुच्छखंड होता है तथा मैलपीजी नलिकाएं पैपिलों द्वारा निरूपित होती है।

**proximal** **निकटस्थ, समीपस्थ**

प्राणि-शरीर में संधि, उद्भव अथवा अग्र सिरे की ओर वाला या उसके पास स्थित (कोई अंग, संरचना, भाग या सतह); जैसे तंत्रिका का वह सिरा जो मस्तिष्क के समीप हो या किसी वाहिनी का हृदय के पास वाला सिरा।

**psalterium** **साल्टेरियम**

जुगाली करने वाले (रोमंथी) स्तनियों के आमाशय के चार भागों में से तीसरा भाग जहां खाद्य पदार्थ पर दबाव पड़ने से जल का अधिकांश भाग बाहर निकल जाता है।

**pseudo resistance** **कूट प्रतिरोध, छद्म प्रतिरोध**

सुग्राही परपोषी पादप द्वारा आभासी प्रतिरोध दिखाना जिसकी उत्पत्ति, संयोग, अस्थायी (अवंशागत) कारकों अथवा पर्यावरणीय परिस्थितियों से होती है।

**pseudo-alleles** **छ्द्म विकल्पी**

निकट सहलग्न जीन जो विकल्पी न होते हुए भी विनिमय-प्रक्रिया द्वारा पृथक् किए जा सकते हैं। (दे. allele)

**pseudocoel** **कूटप्रगुहा**

मादा की काय-गुहा जिसका बाहरी आस्तर मध्य जनस्तर का और भीतरी आस्तर अंतर्जनस्तर का होता है।

**pseudogamy** **कूटयुग्मन**

**pseudogamy** ऐसा जनन जो अनिषेकजनन से होता है और जिसमें शुक्राणु केंद्रक अंडाणु में घुस कर अंडजननीय परिवर्धन को उद्दीप्त करने के बाद नष्ट हो जाता है।

**pseudopodium** **पादाभ**

अमीबाभ कोशिका से निकलने वाला अस्थायी कोशिका-द्रव्यी प्रवर्ध जो गति तथा पोषण प्राप्त करने में काम आता है।

**Psocoptera** **सोकोप्टेरा**

15-20 खंडीय लंबी तंतुरूपी शृंगिकाओं वाले कीट। अंग्रेजी के अक्षर y–आकार का अधिकपाली सीवन (epicranial suture); जंभिका दंड-रूपी लैसीनिया से युक्त; अग्रवक्ष आमतौर पर छोटा; गुल्फ 1 या 3 खंडीय; लूम नहीं होते। उदा.– बुक लाइस।

**pterygoid** **त्र्यंगिका, टेरिगॉइड**

अधिकांश केशेरुकियों के ऊपरी जबड़े में ग्रसनी या नासा पथ की पार्श्व भित्ति बनाने वाली युग्मित हड्डी जो तालव (पैलेटाइन) के पीछे रहती है।

**ptilinum** **निर्गमकोश**

फ्रॉन्स का एक पराक्षेप्य कोश जिसका उपयोग द्विपंखी (dipterous) प्यूपों में प्यूपावरण को तोड़ने के लिये किया जाता है।

**pubescent** **रोमिल**

छोटे महीन रोमों से ढका हुआ कीट। उदा.– शलभ।

**pubis** **जघनास्थि, प्यूबिस**

चतुष्पादों में श्रोणि-मेखला का आगे की ओर निकला अधर भाग बनाने वाली हड्डी।

**pulvillus** **पादतल्प**

कीटों में नखरों के आधारों के नीचे निकलने वाली पूर्व गुल्फिका की पार्श्व-पालियां। गुल्फ उपखंडों की अधर पालियां भी कभी-कभी गुल्फपाद तल्प कहलाती हैं।

**punctation** **उद्बिंदु**

अनुप्रस्थ या अनुदैर्घ्य पंक्तियों में स्थित छोटे क्यूटिकलीय बिंदु।

**pupa** **प्यूपा, कोशित**

पूर्ण रूपांतरणशील कीटों के परिवर्धन के दौरान लार्वा तथा वयस्क के बीच की अवस्था जिसमें चलने-फिरने (संचलन) और पोषण की क्रियाएं नहीं होती। इसमें लार्वा अंगों का पुनर्गठन होकर वयस्क अंगों का परिवर्धन होता है। उदा. रेशम का कोया, तितली का क्राइसेलिस।

**puparium** **प्यूपावरण**

उच्च कोटि के द्विपंखी-गण में प्यूपा का ढोलनुमा कठोर आवरण।

**pupation** **प्यूपीकरण**

सक्रिय डिंभक अवस्था से कोशित (प्यूपा) अवस्था में परिवर्तन की प्रक्रिया।

**pure line** **शुद्ध वंशक्रम**

ऐसे जीवों की संततियों का क्रम जो सभी जीनों की दृष्टि से समयुग्मी होते हैं अर्थात् जिनकी जीन-संरचना बिल्कुल एक जैसी होती है। प्राणियों में यह स्थिति लगातार अंतःप्रजनन द्वारा उत्पन्न होती है।

**purine** **प्यूरिन**

न्यूक्लीक अम्लों में विद्यमान नाइट्रोजनी-क्षारक जैसे – रोडेनीन और ग्वानीन।

**pylorus** **जठर-निर्गम**

कशेरुकियों में आमाशय और ग्रहणी के बीच का संधि स्थल। आमाशय में भोजन के पाचन के समय यह अवरोधनी-पेशी द्वारा बंद हो जाता है।

**python** **अजगर**

बड़े आकार के विषहीन सांप जो अपने शिकार को शरीर से लपेट-जकड़ कर मार डालते हैं और फिर समूचा ही निगल जाते हैं। भारतीय अजगर (**पाइथन मोलूरस**) करीब 20 फुट तक लंबा और सामान्यतः वृक्षवासी होता है।

# Q

**quadrate** **हनुसंधिका, क्वाड्रेट**

अधिकांश कशेरुकियों में ऊपरी जबड़े के पश्च सिरे पर स्थित उपास्थि–हड्डी। अस्थि-मीनों, उभयचरों और पक्षियों में यह निचले जबड़े को जोड़ती है, किंतु स्तनियों में छोटी तथा रूपांतरित होकर कान की स्थूण (इन्कस) बन जाती है।

**quadratojugal** **हनुसंधिगंडिका, क्वाड्रेटोजूगल**

कुछ कशेरुकियों की करोटि में हनुसंधिका (क्वाड्रेट) और गंडिका (जुगल) के बीच के कोण में स्थित हड्डी जो स्तनियों को छोड़कर अन्य कई कशेरुकियों में गंडिका से जुड़ जाती है।

**quarantine** **संगरोध**

किसी जीव (पीड़क, खरपतवार, रोग) के प्रवेश, तथा उसके स्थापन और फैलाव को रोकने के लिए उसका अलगाव या उसके परिवहन पर प्रतिबंध। इसमें प्रायः 40 दिन तक जीव को अलग रखा जाता है।

**Quaternary period** **चतुर्थ कल्प**

पृथ्वी के ऐतिहासिक कालक्रम में पिछले दस लाख वर्षों की अवधि अर्थात् तृतीय (टर्शियरी) कल्प के बाद से अब तक का समय जिसमें अत्यन्तनूतन (प्लीस्टोसीन) और अभिनव युग आते हैं। मानव का उद्‌भव इस काल की विशेषता है।

**queen bee** **रानी मधुमक्खी**

पूर्ण विकसित मैथुनित मादा मधुमक्खी जो साधारण मधुमक्खी से लंबी और बड़ी होती हैं। इसका मुख्य कार्य अंडे देना होता है।

**queen chamber** **रानी कोष्ठ**

मधुछत्ते में स्थित एक विशिष्ट बड़ा मोमकोष्ठ जिसमें रानी मक्खी कामद उड़ान के बाद वृद्धावस्था, मृत्यु पर्यंत या नई रानी के बनने तक रहती है।

**queen** **रानी**

चींटी, दीमक, मधुमक्खी तथा बर्र आदि सामाजिक कीटों की जननशील मादा जो निवह में अंडे देने वाली प्रायः एकमात्र प्राणी होती है।

**quiescence** **प्रशांति**

जीव की अंतरजीविता क्रियाविधि जहाँ पर्यावरण में प्रतिकूल प्रभाव वाली परिस्थितियों में उपापचयी क्रियाएँ घट जाती हैं।

**quiescent** **प्रशांत**

प्रतिकूल परिस्थितियों द्वारा प्रेरित अपेक्षाकृत जैव निष्क्रियता की अवस्था।

**quill** **शल**

1. पक्षियों में पर का खोखला दंड या अक्ष। कभी-कभी यह शब्द पंख या दुम के एक समूचे पर के लिए भी प्रयुक्त होता है।

2. खोखली कांटे-जैसी संरचना, जैसे सेही में।

# R

**rachis** — **रैकिस, प्राक्ष**

पक्षियों में पर का वृंत, स्तंभ या कांड।

**radial canal** — **अरीय नाल**

मेड्यूसाभ सीलेन्टेरेन्टों में जठरांत्र से चारों ओर निकलने वाली जठरचर्मीय नाल।

**radial symmetry** — **अरीय सममिति**

वह अवस्था, स्थिति या दशा जिसमें केंद्र से होती हुई किसी भी खड़ी (उदग्र) काट द्वारा अंग या प्राणी को दो समान भागों में बांटा जा सके; जैसे सीलेन्टरेटा के पॉलिप अथवा मेड्यूसा में या स्टारफिश में।

**radial** — **अरीय, रेडियल**

1. अर या त्रिज्या से संबंधित; विशेष रूप से निम्न संरचनाओं के लिए प्रयुक्त;
2. शूलचर्मियों (एकाइनोडर्मों) के अर।
3. ऐसा विदलन जिसमें कोरकखंड (ब्लास्टोमियर) अरीय सममिति में स्थित हों।
4. मछलियों में पखों (फिनों) को साधने वाली अंतःकंकालीय संरचना।
5. कीटों में पंखों की एक अनुप्रस्थ शिरा।

**radiobiology (radiation biology)** — **विकिरण जैविकी**

जीवधारियों तथा जीवित कोशिकाओं पर विकिरण (रेडियोऐक्टीविटी) के प्रभावों के अध्ययन से संबंधित जीवविज्ञान की शाखा।

**Radiolaria** **रेडिओलेरिआ**

प्रायः समुद्री तथा प्लवकीय, अमीबीय प्रोटोजोआ प्राणियों का एक समूह जिनमें आंतरिक सिलिकामय कंकाल के चारों तरफ धानीयुक्त जीवद्रव्य की परत रहती है जिसमें से चारों तरफ अनेक सूक्ष्म पादाभ निकले रहते हैं। इनके मृत कंकाल समुद्र की तली में जमा होकर निपंक (ooze) का निर्माण करते हैं।

**radio-ulna** **अंतःबहिःप्रकोष्ठिका, रेडियोअल्ना**

मेंढक आदि कुछ प्राणियों में अग्रबाहु (प्रकोष्ठ) की दोनों हड्डियों के जुड़ जाने से बनी संरचना।

**radius** **बहिःप्रकोष्ठिका, रेडियस**

1. चतुष्पादी कशेरुकियों में अग्रपाद के प्रकोष्ठ की दो हड्डियों में से एक (दूसरी को अल्ना कहते हैं)। उदा. मनुष्य में अंगूठे की ओर वाली हड्डी।

2. कीटों के पंख में एक प्रमुख अनुदैर्ध्य शिरा।

**radula** **घर्षित्र, रेडुला**

कई मोलस्कों (काइटन, घोंघा आदि) के मुख या आंत्र पथ में पाई जाने वाली रेती–जैसी संरचना जिसमें दांतों की कई अनुप्रस्थ पंक्तियां होती हैं।

**rami valvularum** **शाखा कपाटिका**

पहली और दूसरी कपाटिका के निकटस्थ प्रायः कृश भाग जिसके द्वारा दूसरी कपाटिकाओं को कपाटधरों के साथ संलग्न किया जाता है।

**random sampling** **यादृच्छिक प्रतिचयन**

किसी जीव-समष्टि में प्रतिदर्श का भेदभाव-रहित चयन। चयन की इस विधि में समष्टि के सभी प्रतिदर्शों के चुने जाने का समान अवसर रहता है।

**raptorial leg** **प्रसह पाद**

शिकार को पकड़ने-जकड़ने के लिए रूपांतरित अग्रपाद।

**raptorial** **प्रसह**

शिकारी पक्षियों के लिए प्रयुक्त। प्रेइंग मैन्टिस जैसे कुछ परभक्षी कीटों में शिकार को पकड़ने वाले अग्रपादों के लिए प्रयुक्त।

**rasping mouth part** **रेतन मुखांग**

कीट मुखागों का एक प्रकार जो दाहिनी चिबुकास्थि के ह्रासित होने से असममित होता है। ये संरचना में वेधन, चूषण तथा चर्वण मुखांगों के मध्यबर्ती किंतु, कार्य में रेतन और चूषण जैसे होते हैं। इनसे पौधों की बाह्य त्वचा को विदीर्ण करके स्रावित होने वाले रस को चूसा जाता है। उदा.–रसादों (थ्रिप) के मुखांग।

**ray** **1. अर 2. रे, शंकुश**

1. मछलियों के पखों (फिनों), दुम तथा क्लोम-कक्ष को साधने या सहारा देने वाली पतली अस्थिमय संरचनाएं।
2. कुछ विशिष्ट एलास्मोब्रैंक मछलियों का सामान्य नाम। पृष्ठाधर तल से चपटा शरीर, अधर तल पर मुंह तथा गिलछिद्र और पृष्ठ तल पर स्थित आंख इनके प्रमुख लक्षण हैं।

**rearing** **पालन पोषण**

प्रयोगात्मक अथवा वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए किसी जीव-समष्टि का प्राकृतिक अथवा कृत्रिम परिस्थितियों में परिवर्धन।

**recapitulation theory** **पुनरावर्तन सिद्धांत**

बेअर तथा हीकेल द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत जिसके अनुसार कोई प्राणी अपने भ्रूणीय परिवर्धन काल में अपने पूर्वजों के विकास की प्रमुख अवस्थाओं से गुजरता है; जैसे, पक्षियों के भ्रूणों में मत्स्यपूर्वजों के क्लोम छिद्र का पाया जाना। आधुनिक विचारधारा के अनुसार अब यह सिद्धांत मान्य नहीं है।

**recent epoch** **अभिनव युग**

पृथ्वी के ऐतिहासिक कालक्रम में अंतिम हिमयुग से (लगभग बीस हजार वर्ष पहले से) अब तक की अवधि जिसमें मानव का भी उद्भव हुआ।

**receptive apparatus** **ग्राही उपकरण**

संवेदी कोशिका अथवा कोशिकाओं से बने परिधीय अवयवों द्वारा अथवा उनके माध्यम से संचारित उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया दिखाने वाले संवेदी अंग का भाग।

**receptor** **ग्राही**

संवेदी कोशिका या अंग जो उद्दीपनों को ग्रहण कर तदनुरूपी आवेगों को तंत्रिकाओं द्वारा आगे भेजती है। ये कई प्रकार के होते हैं और प्रत्येक में एक विशिष्ट प्रकार के उद्दीपन (जैसे ताप, प्रकाश, स्पर्श आदि) के प्रति ही अनुक्रिया होती है।

**recessive allele** **अप्रभावी विकल्पी**

ऐसा विकल्पी जो विषमयुग्मजी जीन प्ररूप में अपनी उपस्थिति लक्षणप्ररूपतः अभिव्यक्त नहीं कर पाता।

**recessive gene** **अप्रभावी जीन**

ऐसे जीन जो विषमयुग्मजी परिस्थिति में अथवा प्रभावी विकल्पी की उपस्थिति में अभिव्यक्त नहीं हो पाते, किंतु समयुग्मजी परिस्थिति में अपना प्रभाव स्पष्टतया दिखाते हैं।

**recessive** **अप्रभावी**

(कारक, लक्षण, जीन) जो दृश्य प्ररुपी दृष्टि से व्यक्त नहीं होता अर्थात् जो दूसरे विकल्पी को व्यक्त होने देता है। (तु. dominant)

**reciprocal recombination** **व्युत्क्रम पुनर्योग**

मातृक एवं पैतृक युग्मविकल्पियों के व्युत्क्रम अनुस्थापन के कारण नए जीन प्ररूपों की उत्पत्ति।

**reciprocal translation** **अन्योन्य स्थानांतरण**

दो असमजात गुणसूत्रों के बीच लघुगुणसूत्रीय खंडों का विनिमय।

**recombinant DNA technology** **पुनर्योजनी डी.एन.ए. प्रौद्योगिकी**

विभिन्न आनुवंशिक स्रोतों से प्राप्त विचित्रक डी.एन.ए. अणुओं का *पात्रे* निर्माण।

**recombinant DNA** **पुनर्योजनी डी.एन.ए.**

डी.एन.ए. अणु जिसमें भिन्न जीवों से लिए गए अनुक्रम *पात्रे* हेरफेर द्वारा पास-पास रखे जाते हैं।

**recombinant** **पुनर्योगज**

पुनर्योजन की क्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न नई कोशिकाएं या नए व्यष्टि।

**recombination** **पुनर्योजन**

अर्धसूत्रण के दौरान समजात गुणसूत्रों में जीनों के विनिमय के फलस्वरूप संतति कोशिकाओं में ऐसे पुनःअपव्यूहित नये जीनसमूहों का बनना जो जनकों में से किसी एक में नहीं होते।

**rectal papilla** **मलाशय पिप्पल**

अधिकांश डिप्टेरा व साइफोनेप्टेरा गणों के कीटों के मलाशय की भीतरी भित्ति में पाए जाने वाले शंक्वाकार खोखले अंतर्वलन। ये संख्या में चार से छह तक होते हैं तथा मलाशय के अग्र भाग में गोलाई में लगे होते हैं। इनका मुख्य कार्य मल में उपस्थित जल का अवशोषण और संरक्षण करना है।

**rectum** **मलाशय, रेक्टम**

आहार नाल का अंतिम भाग जो गुदा द्वारा बाहर की ओर खुलता है।

**recurrent nerve** **प्रत्यावर्ती तंत्रिका**

मध्य मुखपथीय तंत्रिका जो ललाट-गुच्छिका से निकल कर मस्तिष्क के नीचे, ग्रसनी की पृष्ठ भित्ति के पीछे तथा महाधमनी के अग्रभाग तक बढ़ी होती है।

**red blood corpuscle** **लाल रुधिर कणिका**

कशेरुकियों के रुधिर में चिकनी सतह वाली कुछ–कुछ चपटी गोल या अंडाकार कोशिकाएं जिनमें हीमोग्लोबिन भरा होता है। स्तनियों में ये अपने परिवर्धन काल में केंद्रकयुक्त किंतु परिपक्व अवस्था में केंद्रकहीन हो जाती हैं।

**redia** **रीडिआ**

पर्णाभ कृमियों की एक डिंभक अवस्था जो घोंघों में परजीवी होती है और अलैंगिक जनन द्वारा सर्केरिया नामक दूसरी डिंभक अवस्था उत्पन्न करती है।

**reflex action** **प्रतिवर्तन, प्रतिवर्ती क्रिया**

प्राणियों में एक तरह का व्यवहार जिसमें किसी उद्दीपन के फलस्वरूप स्वतः अनुक्रिया होती है। इसमें सबसे पहले किसी तंत्रिका-केंद्र (यानी ग्राही) पर अभिवाही संवेदी आवेग की क्रिया होती है और फिर अपवाही प्रेरक आवेग के संबंधित स्थल या अंग तक पहुंचने पर वहां संचारी स्राव का बनना आदि अनुक्रियाएं होती हैं। उदा. हाथ में पिन चुभने से हाथ अपने आप हट जाता है।

**reflex arc** **प्रतिवर्त चाप**

संवेदी, अंतरासंचारी तथा प्रेरक तंत्रिकोशिकाओं (neuron) का क्रम जिसके द्वारा किसी एक प्रतिवर्त के लिए आवेग आते-जाते हैं।

**regeneration** **पुनरुद्भवन**

जीव में शरीर से अलग हुए भाग या अंग का फिर से उत्पन्न होना।

**regression line** **समाश्रयण रेखा**

वह रेखा-विशेष जो स्वतंत्र दर के किसी भी विशिष्ट मान के लिए परतंत्र चर के मान के सर्वोत्तम आकलन (estimation) का निर्देश करती है।

**regulator gene** **नियामक जीन**

जीन जिसका प्रमुख कार्य निकट या दूर स्थित अन्य जीनों के उत्पादों के संश्लेषण का नियंत्रण करना है। नियामक जीन प्रोटीन दमनकारी का संश्लेषण करता है जो किसी प्रचालक (ऑपरेटर) जीन की क्रिया को रोकती है और इस तरह उसके द्वारा नियंत्रित ऑपेरॉन की क्रिया रुक जाती है।

**reinfestation** **पुनर्ग्रसन**

किसी क्षेत्र में पीड़कों का पौधों को हानि पहुंचाकर अथवा नष्ट कर चले जाने के बाद पुनः लौटकर पौधों को ग्रसित करना।

**renal portal system** **वृक्क-निवाहिका उपतंत्र**

मछलियों तथा उभयचरों में शरीर के पश्च भाग (पश्च पाद, पुच्छ आदि) से रक्त लेकर सीधे वृक्क में ले जाने वाली शिराएं। उल्बी (ऐम्निओट) कशेरुकियों में दूसरे प्रकार का वृक्क होने के कारण यह तंत्र काफी घटा हुआ या बिलकुल ही नहीं होता।

**repellent** **प्रतिकर्षी**

एक यौगिक-विशेष जो कुछ प्राणियों या अन्य जीवों के लिए क्षोभकारी है जिससे उसकी उपस्थिति से क्षेत्र-विशेष में वे हानिकारक प्राणी या जीव नहीं आ सकते।

**replication** **प्रतिकृतियन**

किसी मूल संरचना (टेम्पलेट) की नकल या दूसरी प्रति उत्पन्न करने की प्रक्रिया। जैसे, 1. मूल डी.एन.ए. से दूसरे डी.एन.ए. रज्जुक का बनना। 2. कोशिका में विषाणुओं की संख्या में वृद्धि।

**reproduction** **जनन**

जीव द्वारा अपनी ही तरह के जीव उत्पन्न करने की प्रक्रिया जो मुख्यतः दो प्रकार – लैंगिक और अलैंगिक विधि, से होती है। कुछ प्राणियों (एफिड, रोटीफर आदि) में अनिषेकजनन जैसी तीसरी विधि भी पाई जाती है।

**reproductive system** **जनन तंत्र**

वृषण तथा अंडाशय, उनकी वाहिनियों तथा अन्य संबद्ध सहायक ग्रंथियों या संरचनाओं का समूह।

**reproductive isolation** **जननात्मक विलगन**

ऐसी अवस्था जिसमें दो या दो से अधिक समष्टियों के बीच संकरण नैज (intrinsic) कारकों के कारण रुक जाता है।

**Reptilia** **रेप्टीलिया**

ऐसे कशेरुकी प्राणियों का एक वर्ग, जिन्हें सामान्य भाषा में सरीसृप कहते हैं। असमताप्तिा, शल्की त्वचा, फेफड़ों द्वारा श्वसन, घूमकर दाहिनी ओर पहुंची बांई धमनी चाप, हृदय में तीन कक्ष और एक अनुकपाल अस्थिकंद इस वर्ग की विशेषताएं हैं।

**repugnatorial gland** **प्रतिकारी ग्रंथि**

विविध कीटों के विभिन्न भागों से मिलने वाली चमीय ग्रंथियां जो नाना प्रकार के वाष्पशील रसायनों को उत्पन्न करती हैं। ये रसायन बाधा पहुंचाने वाली गंध निकालते हैं और सुरक्षात्मक प्रतिकर्षी प्रभाव पैदा करते हैं।

**reservoir host** **आशय परपोषी**

प्रकृति में उपलब्ध एक प्रकार का अंत्य परपोषी जो स्थानिक, प्राकृतिक या अन्य स्थान से लाया हुआ होता है और सामान्यतः वन्य (परपोषी) होता है।

**residual toxicity** **अपशिष्ट आविषालुता**

इसका संबंध किसी पीड़कनाशी की आविषालुता की मात्रा से है जो पीड़कनाशी के अनुप्रयोग के बाद भिन्न-भिन्न समय -अंतरालों पर मिलती है।

**residue** **अपशिष्ट**

रासायनिक पदार्थ की शेष मात्रा जो उपापचय पथ में उसके उपयोग के बाद शरीर के भीतर बनी रहती है।

**residue-pesticide** **अवशिष्ट-पीड़कनाशी**

पीड़कनाशी का वह अवशेष जो प्रयोग के कुछ घंटे बाद पीड़कों को नष्ट करता है अथवा उनकी हानि या विनाश करने की प्रवृत्ति को रोकता है।

**resistance** **प्रतिरोध**

1. परजीवी के परिवर्धन का संदमन करने वाली अनुक्रियाएँ।
2. जीव में पीड़कनाशी के हानिकारक प्रभावों को कम करने या दबाने की क्षमता।

**resistant host** **प्रतिरोधक परपोषी**

वह पौधा जिसमें परजीवी के परिवर्धन का संदमन करने की क्षमता होती है।

**resistant species** **प्रतिरोधी जाति**

1. (कीटों के संदर्भ में) — कीटों की वह जाति जो कीटनाशी के प्रति प्रतिरोध रखती है।
2. (पौधों के संदर्भ में) — पौधों की वह जाति, जो कीटों के प्रति प्रतिरोध रखती है।

**respiration** **श्वसन**

ऊतकों में कार्बोहाइड्रेट, वसा आदि पदार्थों के ऑक्सीकरण से कार्बन डाइऑक्साइड तथा पानी बनने के साथ ऊर्जा उत्पन्न होने की प्रक्रिया।

**respirator** **श्वसित्र, रेस्पिरेटर**

धूल के कणों और विषैली गैसों को वायु से बाहर निकालने के लिए प्रयोग किया जाने वाला इस प्रकार का मुखौटा जिसे पहनकर व्यक्ति सुरक्षित रूप से सांस लेता हुआ काम कर सकता है।

**respiratory toxicity** **श्वसन-आविषालुता**

पीड़कनाशी तत्वों का वाष्प या सूक्ष्म बिंदुकों या कणों के रूप में सांस के साथ फेफड़ों के अंदर पहुंच जाना। सांस के द्वारा अंदर पहुंचने वाले ज्यादातर पीड़कनाशी रसायन बहुत आविषालु होते हैं। ऐसे पीड़कनाशी पदार्थों का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों के लिए सुरक्षा उपस्कर अत्यावश्यक होते हैं।

**response** **अनुक्रिया**

उद्दीपन के फलस्वरूप जीव या उसके किसी अंग में होने वाला सामान्यतः अनुकूली परिवर्तन; जैसे तेज प्रकाश पड़ने पर आंख का बंद हो जाना।

**resting stage** **विश्राम अवस्था**

किसी जीव के परिवर्धन में ऐमी शरीर क्रियात्मक अवस्था जिसमें अनुकूल अवस्था न होने तक विकास रुक जाता है। ऐसा जीवद्रव्यी क्रिया में कमी, कार्बनडाइऑक्साइड के सांद्रण या अन्य क्रियात्मक विकारों के कारण होता है। इसे सुप्तावस्था या निष्क्रिय अवस्था भी कहा जाता है।

| | |
|---|---|
| restriction enzymes | **प्रतिबंधक एन्ज़ाइम**<br>एन्ज़ाइमों का ऐसा वर्ग जो डी.एन.ए. रज्जुक को विशिष्ट स्थल पर विदलित करता है। |
| reticulate | **जालिकारूपी**<br>ऐसी संरचना जिसमें लगभग एक समान नियमित खंड होते हैं, जो संकरी रोमिल संरचना के बने एक जाल से अलग होते हैं। |
| reticulocyte | **जालिकाणु**<br>लाल रुधिर कोशिका यानी रक्ताणु के परिवर्धन की एक अवस्था। |
| reticulum | **1. जालिका 2. रेटिकुलम**<br>1. तंतुओं या रेशों से बना जाल या जाल–जैसी संरचना चाहे वह कोशिका में हो या अंतराकोशिक आधात्री (मैट्रिक्स) में।<br>2. जुगाली करने वाले, यानी रोमंथी, स्तनियों के आमाशय का दूसरा खंड या कक्ष। |
| retina | **दृष्टिपटल, रेटिना**<br>आंख की प्रकाशसंवेदी परत। लेन्स से बना प्रतिबिंब वहां पड़कर तंत्रिका आवेगों में बदलता है जो दृक्तंत्रिका द्वारा मस्तिष्क में जाकर सूचना देता है। |
| retinula | **दृष्टिपटलक, रेटिनुला**<br>संयुक्त नेत्र के एकल नेत्रांशक में दृष्टिपटल कोशिकाओं का समूह। |
| retractile | **आकुंचनशील**<br>ऐसी संरचना या भाग के लिए प्रयुक्त, जिसको अंदर खींचा या मोड़ा जा सके। उदा. मधुमक्खी में शुंडिका, बिल्ली में नखर आदि। |
| retractor | **आकुंचक, रिट्रैक्टर**<br>ऐसी पेशी जिसकी क्रिया से उससे जुड़ा भाग वापस खिंच आता है। |
| retroviruses | **पश्चविषाणु**<br>एकल रज्जुकी आर.एन.ए. विषाणुओं का वह वर्ग जिनके गुणन में प्रत्यावर्ती अनुलेखन द्वारा पहले आर.एन.ए. से डी.एन.ए. बनता है। |

यह डी.एन.ए. कोशिकीय डी.एन.ए. में समाकलित होकर उसके साथ-साथ ही प्रतिकृतित हो जाता है।

**reverse transcriptase** **उत्क्रमित ट्रॉन्सक्रिप्टेज**

एकल-रज्जुक आर.एन.ए. से डी.एन.ए. रज्जुक के संश्लेषण को उत्प्रेरित करने वाला प्रकिण्व।

**reverse transcriptase** **प्रत्यावर्ती ट्रांस्क्रिप्टेस**

आर.एन.ए. पर आश्रित डी.एन.ए. पालीमरेस।

**rhabdom** **रैब्डॉम**

शलाका जैसी संरचना जो समीपवर्ती दृष्टिपटल कोशिकाओं की संयुक्त संवेदी सीमाओं से निर्मित होती है।

**rhabdomere** **रैब्डोमीयर**

एक दृष्टि पटल कोशिका का ग्राही क्षेत्र, यानी दृष्टिपटल शलाका बनाने वाले घटकों में से एक।

**rheotaxis** **धारानुचलन**

जलधारा से उत्पन्न उद्दीपन के प्रति संचलन अनुक्रिया।

**rhesus blood types** **रीसस-रुधिर प्ररूप**

मानव रुधिर वर्ग-तंत्र जिसका यह नाम इसलिए पड़ा कि इसमें शामिल प्रतिजन रीसस बंदर में होता है।

**Rhizopoda** **राइज़ोपोडा**

प्रोटोज़ोआ प्राणियों का एक वर्ग (क्लास) जिसमें अमीबा, फ़ोरैमिनीफ़ेरा, रेडियोलेरिआ आदि आते हैं। भोजन ग्रहण तथा संचलन से संबद्ध पादाभ अंगकों का होना इनका विशिष्ट लक्षण हैं।

**Rhodnius** **रोडनियस**

हेमीप्टेरा गण के रेडुवाइडी कुल के रक्तभोजी मत्कुणों (वग) का वंश। मध्य तथा दक्षिण अमरीका और अन्य उष्णकटिबंधी देशों में ये ''छागा रोग' उत्पन्न करने वाले *ट्रिपेनोसोमा* परजीवी के वाहक होते हैं।

**Rhynchota** **रिन्कोटा**

दे. हेमिप्टेरा।

**ribonuclease** **राइबोन्यूक्लिएस**

राइबोन्यूक्लीक अम्ल का जल–अपघअन करने वाला एन्जाइम।

**ribonuclease** **राइबोन्यूक्लिएज**

आर.एन.ए. को जलअपघटित करने वाला प्रकिण्व।

**ribose** **राइबोस**

आर.एन.ए. अणु में पाई जाने वाली एक सरल एल्डोपेन्टोज़ शर्करा जिसकी कोशिका संरचना में और उसके उपापचय में अनेक महत्वपूर्ण भूमिकाएँ होती हैं। इसमें फॉस्फोरिलकृत व्युत्पन्न न्यूक्लिओटाइडों और न्यूक्लीइक अम्लों के घटक होते हैं।

**ribozyme** **राइबोज़ाइम**

आर.एन.ए. अणु जिसमें प्रकिण्वीय सक्रियता होती है और जो जैव उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।

**rickettsial disease** **रिकेट्सी रोग**

संधिपादों के अविकल्पी आंतरकोशिकीय परजीवियों द्वारा मनुष्यों और अन्य प्राणियों में उत्पन्न रोग। इन परजीवियों को जीवाणुओं और विषाणुओं के बीच का मध्यवर्ती रूप माना जाता है।

**rickettsiosis** **रिकेट्सीयता**

रिकेट्सी द्वारा उत्पन्न संक्रामक रोग।

**rodent** **कृंतक, रोडेन्ट**

रोडेन्शिया (चूहा, मूषक व गिलहरी) और लेगोमार्फा (खरगोश, शशक) गणों के प्राणी। इनका विशेष लक्षण छेनी जैसे कृंतक दांतों (incisors) की उपस्थिति और रदनको (canines) की अनुपस्थिति है।

**Rodentia** **रोडेन्शिया**

स्तनियों का गण (ऑर्डर) जिसमें चूहे, गिलहरी आदि कुतरने वाले प्राणी आते हैं। ऊपरी तथा निचले दोनों जबड़ों में छेनी जैसे कृंतक दांत और पीसने वाले चर्वणक दांत इनके विशिष्ट लक्षण हैं।

**root feeder** **मूल-अशनी, मूलाहारी**

ऐसे कीट जो पौधों की जड़ों और भूमिगत अंगों को खाते और क्षति पहुंचाते हैं। उदा.–बीज तथा जड़ अपादक (मैगट), मक्का जड़ डिंभक आदि।

**rosette** **रोजेट, स्तब**

जनन पिप्पलों के चारों तरफ क्यूटिकल के उद्‌बिंदु चित्राम।

**rostellum** **तुंडक, रोस्टेलम**

चोंच जैसा कोई छोटा प्रवर्ध या संरचना; जैसे फीताकृमियों के मूर्धा (स्कोलेक्स) में एक गोलाकार उभार जिसमें अंकुश लगे होते हैं।

**rostrum** **तुंड, रोस्ट्रम**

कुछ जीवों में नुकीला तथा चोंच-जैसा प्रवर्ध या इससे मिलती-जुलती कोई संरचना।

**rotator** **घूर्णी, रोटेटर**

वह पेशी जिसके द्वारा कोई अंग या भाग गोलाई में घूम सकता है।

**Rotifera** **रोटीफ़ेरा**

अकशेरुकियों का एक संघ (फाइलम) जिसमें चक्र-जंतुक आते हैं। सूक्ष्म, खंडहीन शरीर, वास्तविक प्रगुहा (सीलोम) का न होना, भोजन-ग्रहण तथा संचलन के लिए पक्ष्माभों के अग्र वलय या चक्र का होना इनके प्रमुख लक्षण हैं।

**round worm** **गोल कृमि**

1. प्राणि-परजीवी सूत्रकृमि *एस्केरिस लंब्रीकॉइडीज़* का सामान्य नाम।

2. सूत्रकृमियों का सामान्य नाम।

**rudiment** — **आद्यांग**

शरीर का कोई अंग जो केवल आंशिक रूप से विकसित हुआ हो।

**rudimentary** — **अल्पवर्धित, आद्यांगिक**

ऐसी संरचनाओं के लिए प्रयुक्त जो अवशेष रूप में हों या जिनका परिवर्धन अपूर्ण अवस्था में ही रुक गया हो। उदा. मनुष्य की आंत्र में कृमिरूप परिशेषिका।

**rumen** — **रूमेन**

जुगाली करने वाले यानी रोमंथी स्तनियों में आमाशय के चार खंडों में से सबसे पहला भाग जहां तत्काल खाया गया तथा बिना चबाया हुआ भोजन कुछ समय के लिए जमा होता है।

**ruminant** — **रोमंथी, रूमिनैन्ट**

जुगाली करने वाले स्तनियों का सामान्य नाम। हड्डियों के आधार पर बने शृंगीय सींग, आमाशय में चार कक्ष का होना और ऊपरी कृंतकों तथा ऊपर-नीचे रदनकों का न होना इनके प्रमुख लक्षण हैं। उदा. हिरन, ऊंट, जिराफ, बकरी, गाय, भैंस आदि।

# S

**sacrum** **त्रिक, सेक्रम**

कई कशेरुकों के जुड़ जाने से बनी संरचना जो चतुष्पादों में श्रोणि मेखला की इलियम अस्थि से सटी रही है।

**sagittae** **शराश्मक**

कलापंखी (Hymenoptera) कीटों में लिंगाग्रिका के समीपस्थ पार्श्व प्रवर्ध।

**saliva** **लार**

वह रंगहीन तनु-क्षारीय द्रव, जो लार-ग्रंथियों से मुखगुहा में स्रवित होता है और जिसमें पाचक एन्ज़ाइम होते हैं। यह भोजन को चिकना बना देता है। रक्त-चूषकों की लार में प्रतिस्कंदक भी होते हैं।

**salivarium** **लालाशय**

अधोग्रसनी और अधरोष्ठ के मूल के बीच में स्थित कोटरिका जिसमें लार-वाहिनियां खुलती हैं। उच्च-कोटि के कीटों में यह लार पंप या वयन उपकरण के रूप में परिवर्तित हो जाता है।

**salivary gland** **लार ग्रंथि**

लार का स्राव करने वाली ग्रंथियाँ।

**saltatorial** **वल्गी पाद**

कूदने के लिए पादों का रूपांतरण।

**sampling** **नमूना लेना, प्रतिचयन**

किसी समष्टि से प्रतिदर्श का चयन करने की प्रक्रिया।

**saprophagous** **मृतभक्षी**

वह जीव जो मृत या विगलित जैव पदार्थ से भोजन प्राप्त करता है। उदा.–कुछ भृंग (गुबरैला), घरेलू मक्खी के डिंभक आदि।

**saprophyte** **मृतजीवी, पूतिजीवी**

मृत अथवा सड़े-गले कार्बनिक पदार्थों से पोषण प्राप्त करने वाला पादप।

**saprozoic (animal)** **मृतजीवी, पूतिजीवी (प्राणी)**

सड़े-गले जैव पदार्थों पर जीवित रहने वाले प्राणी या उनसे पोषण प्राप्त करने वाले।

**Sarcodina (rhizopoda)** **सार्कोडिना (राइजोपोडा)**

प्रोटोजोआ संघ के ऐसे प्राणियों का एक वर्ग जिनमें पादाभ द्वारा संचलन होता है। उदा. अमीबा, एन्टअमीबा, आदि।

**sarcophagous** **मांसभोजी**

वह जीव या कीट जो अन्य जीवों का मांस खाकर रहते हैं। उदा. –फ्लैश फ्लाई, स्क्रूवर्म।

**sarcoplasmic reticulum** **पेशीद्रव्यी जालिका**

मांसपेशी कोशिकाओं में पायी जाने वाली जालिका।

**scale** **शल्क**

कुछ प्राणियों में शरीर का बाह्य आवरण बनाने वाली चपटी, छोटी, कठोर, चर्मीय या अधिचर्मीय संरचना अथवा शृंगीय या काइटनी उद्वर्ध। उदा. अधिकांश मछलियों, सरीसृपों तथा तितली जैसे कुछ कीटों में।

**Scaphopoda** **स्कैफोपोडा**

मोलस्कों का एक छोटा वर्ग जिसमें नलिकाकार कवच दोनों तरफ खुला होता है। छोटा बिलकारी पाद तथा कई परिग्राही स्पर्शिकाओं वाला सिर इनके अन्य विशिष्ट लक्षण हैं। उदा. डेन्टेलियम।

**scent gland** **गंध ग्रंथि**

गंध-पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथि।

**schizocoel** **दीर्णगुहा**

भ्रूण के संहत ऊतक के भीतर के अवकाशों से बनी देह-गुहा।

**schizogony** **विखंडनीजनन**

प्रोटोजोआ में विखंडन द्वारा गुणन, विशेष रूप से स्पोरोजोआ वर्ग के कई प्राणियों में एक प्रकार का अलैंगिक जनन जिसमें शाइजॉन्ट के बहु विखंडन के अनेक मीरोजाइट बनते हैं जो पुनः लाल रुधिर कोशिका में प्रवेश कर ट्रोफोजोइट तथा शाइजॉन्ट अवस्थाओं में बदलते हुए चक्र चालू रखते हैं, जैसे मलेरिया परजीवी।

**schizont** **शाइजॉन्ट**

ऐसी कोशिका जो अलैंगिक रूप से बार-बार जनन करते हुए खंडजाणु नामक अनेक छोटी-छोटी कोशिकाएं उत्पन्न करती है। उदा. मलेरिया परजीवी के जीवन-चक्र की एक अवस्था।

**Schwann cell** **श्वान कोशिका**

परिधीय तंत्रिकाओं के चारों ओर उपस्थित एक कोशिका जो तंत्रिकाझिल्ली के आच्छद बनाती है।

**sclerite** **कठक**

देह भित्ति का कोई भी बड़ा अथवा छोटा दृढ़ीकृत क्षेत्र। अधिकांश वयस्क कीटों और उनके डिंभकों की प्ररूपी देह-भित्ति, चार स्पष्ट दृढ़ीकृत क्षेत्रों में विभक्त की जा सकती है – पृष्ठ क्षेत्र या पृष्ठक, अधर क्षेत्र या अधरक और देह की दोनों बगलों में एक-एक पार्श्वक्षेत्र या पार्श्वक।

**sclerotization** **दृढ़ीकरण**

बाह्य उपत्वचा में दृढ़कारी पदार्थों (काइटिन और प्रोटीन) के जमा होने से देहभित्ति का कठोर होना।

**sclerotized** **दृढ़ीकृत**

क्यूटिकलीय संरचना की कठोर अवस्था।

**scolex** — **स्कोलेक्स, मूर्धा**

फीताकृमियों के शरीर के अग्र सिरे पर सिर-जैसी संरचना जिसमें परपोषी की आंत्र से चिपकने के लिए चूषक या अंकुश या दोनों ही होते हैं।

**scoring** — **समंकन**

कीट अथवा रोगोत्पादक जीवों से उत्पन्न ग्रसन अथवा संक्रमण की विभिन्न मात्रा को निर्धारित करने के लिए निश्चित संख्यात्मक मान।

**scutum** — **स्कूटम**

किसी भी वक्षीय खंड का वक्ष पृष्ठक।

**sea anemone** — **समुद्री ऐनीमोन**

सीलेन्टेरेटा के ऐन्थोजोआ वर्ग और ऐक्टीनेरिया गण के फूल-जैसी आकृति के रंग-बिरंगे प्राणी जिनमें मुंह के चारों ओर चक्रीय रूप में स्पर्शक होते हैं।

**sebaceous gland** — **तैल ग्रंथि, वसा-ग्रंथि**

स्तनियों की त्वचा में एक प्रकार की ग्रंथि जो सामान्यतः रोम पुटक (फोलिकल) में खुलती है और एक प्रकार के तेल या वसामय पदार्थ का स्रवण करती है।

**secondary host** — **गौण परपोषी**

किसी परजीवी के जीवन-चक्र में ऐसा परपोषी जहां प्राणी थोड़े समय के लिए (सामान्यतः डिंभक अवस्था में) रहकर फिर प्राथमिक या प्रमुख परपोषी के शरीर में जीवन का काफी भाग बिताने चला जाता है।

**secondary parasite** — **द्वितीयक परजीवी**

प्राथमिक परजीव्याभ का कीट परजीवी।

**secondary pest** — **गौण पीड़क, द्वितीयक पीड़क**

वे पीड़क (नाशक कीट), जो आर्थिक दृष्टि से प्रायः महत्वपूर्ण संख्या में उपस्थित नहीं होते लेकिन सस्यीय विधियों अथवा फसल की

किस्मों में परिवर्तनों के कारण अथवा मुख्यनाशक कीटों के विरुद्ध कीटनाशकों के अविवेकीय उपयोग के परिणामस्वरूप आर्थिक क्षति स्तर पर पहुंच जाते हैं।

**secondary sexual character** — **गौण लैंगिक लक्षण**

नर तथा मादा में भिन्न विभेदक संरचनाएं या विशेषताएं जिनसे दोनों को पहचाना जा सकता है और जो जननग्रंथियों की विशिष्ट कोशिकाओं से निकले हार्मोन के प्रभाव से उत्पन्न होती हैं। उदा. नर हरिण में शृंगाभ, मानव में पुरुष के चेहरे पर बालों का उगना और मछलियों, पक्षियों तथा कुछ अन्य प्राणियों में नर और मादा के शरीर में रंग, आकार तथा आकृति का भेद।

**secretion** — **स्रवण**

जीवों में कोशिका या ग्रंथि से निकला हुआ विशिष्ट पदार्थ या तरल या उसके निकलने की प्रक्रिया।

**sedentary** — **स्थानबद्ध**

किसी एक ही स्थान पर अपने आधार से लगे या चिपके रहने वाले प्राणियों के लिए प्रयुक्त। उदा. स्पंज, हाइड्रा, मूंगा (कोरल), सूत्रकृमि आदि।

**segmental appandage** — **खंडीय उपांग**

शरीर-भित्ति के युग्मित अधर-पार्श्वी खंडीय उद्वर्ध (outgrowth) जो मूलतः चलने में सहायक होते हैं।

**segmentation** — **खंडीभवन**

प्राणि-शरीर का लंबाईवार प्रमुख अंगों या अंग-तंत्रों से युक्त भागों या खंडों में बंटा होना। ऐनीलिडा तथा आथ्रोपोडा संघ के प्राणियों में यह सुस्पष्ट होता है।

**segregating population** — **विसंयोजी समष्टि**

वह समष्टि जो प्रायः दो जनकों के संकरण से उत्पन्न संतति के रूप में होती है और जिसमें आनुवंशिक भिन्नताएं देखी जा सकती हैं। इनमें से वांछित लक्षण वाले व्यष्टियों को पहचान कर प्रजनन के लिए चयन किया जाता है।

**segregation** **विसंयोजन**

युग्मक बनने के दौरान अर्धसूत्रण की क्रिया में नर-मादा जनकों में गुणसूत्रों का और उन पर स्थित जीन जोड़ों का एक-दूसरे से पृथक् हो जाना। विशेष रूप से संकर जीवों में विपरीत लक्षणों वाले जीन जोड़े के सदस्य यानी विकल्प जीनों का पृथक् होकर युग्मकों में पहुंचना।

**selective pesticide** **चयनात्मक पीड़कनाशी**

ऐसा रसायन जो कुछ पादपों, कीटों, सूक्ष्मजीवों आदि के लिए औरों की अपेक्षा अधिक आविषालु होता है।

**selective placement** **चयनात्मक स्थापना, वरणात्मक स्थापना**

किसी विशेष लक्ष्य पर कीटनाशक के इस्तेमाल को कम करने की दृष्टि से उसके स्थानन का एक तरीका। इसमें केवल उन्हीं सतहों को उपचारित किया जाता है जिन पर निक्षेप (डिपॉजिट) के अंतरण की संभावना सबसे ज्यादा होती है। स्थानन के इस तरीके का एक अन्य लाभ यह भी है कि इससे प्राकृतिक शत्रु कीटनाशक से प्रभावित होने से बच जाते हैं। यह कीटनाशियों के न्यायसंगत उपयोग की एक विधि है जो पर्यावरण के प्रदूषण को कम करती है।

**semicircular canal** **अर्धवृत्ताकार नलिका**

कशेरुकियों में अंतर्लसीका से भरी आंतरिक कर्ण की चापाकार नलिकाएं जिनकी सहायता से प्राणी को चलते-फिरते अपनी संतुलन-अवस्था का बोध होता है।

**semilooper** **अर्धकुंडलक**

वह इल्ली जिसमें प्रपादों के सामान्य से एक या दो जोड़े कम होते हैं। इस कारण इसका शरीर रेंगते समय अर्ध-कुंडलक सा बन जाता है। उदा.—हरी मटर का अर्धकुंडलक।

**seminal vesicle** **शुक्राशय**

नर जनन-तंत्र का एक भाग जहां वृषण से आए शुक्राणु जमा होते हैं।

**seminiferous tubule** **शुक्रजनक नलिका**

कशेरुकियों के वृषण में सैकड़ों की संख्या में पाई जाने वाली पतली, काफी लिपटी-मुड़ी नलिकाएं जिनमें शुक्राणु उत्पन्न होते हैं।

**semiochemical** **सेमियोकेमिकल, सेमियोरसायन**

व्यवहार को परिवर्तित कर देने वाले रसायन। यह रसायन माइक्रोग्राम/नैनोग्राम मात्रा पर ही अवगामी (perceiving) जीव के व्यवहार को परिवर्तित कर देता है। मोटे तौर पर इन रसायनों को इस आधार पर वर्गीकृत किया जाता है कि प्रत्येक रसायन किस प्रकार के आचरण को प्रेरित करता है, उसकी अंतरजातीय या आंतरजातीय सक्रियता कैसी है और वह प्राकृतिक रूप से स्रावित होता है या नहीं। इन रसायनों में फीरोमोन, हॉर्मोन, ऐलोमोन, आकर्षी, निवारक तथा अन्य पैराफीरोमोन सम्मिलित हैं।

**sense organ** **ज्ञानेंद्रिय, संवेदी अंग**

उद्दीपनों को ग्रहण करने वाला अंग; जैसे आंख, नाक, कान, जिह्वा, त्वचा आदि।

**sensilla** **संवेदिका**

सूत्रकृमियों का संवेदी अंग (ग्राही) जिसमें क्यूटिकल, अधश्चर्म और संवेदी कोशिकाएँ होती हैं।

**sensitivity** **संवेदनशीलता**

थोड़ी मात्रा में ही आविषालु पदार्थ अथवा रसायन के प्रभाव के प्रति सुग्राही जीव।

**sensory neuron** **संवेदी तंत्रिओन**

ऐसे तंत्रिओन जो आवेग को ग्राही से केंद्रीय तंत्रिका-तंत्र को या उसकी ओर ले जाते हैं।

**septicemia** **पूतिजीव-रक्तता, सेप्टिसीमिया**

रुधिर में सूक्ष्मजीवों के आक्रमण तथा बहुगुणन के कारण उत्पन्न होने वाली एक अस्वस्थ अवस्था।

**septum** **पट**

प्राणियों के शरीर में दो गुहाओं, ऊतक पुंजों आदि को एक दूसरे से अलग करने वाली भित्ति, कला या संरचना। उदा. कशेरुकियों में नासिका-पट तथा अलिंद-निलय पट, ऐनीलिड प्राणियों में कायखंडों के बीच अनुप्रस्थ संरचनाएं, प्रवालों में अरीय पट आदि।

**sequential sampling** **अनुक्रमिक प्रतिचयन**

पीड़क प्रबंधन में आर्थिक देहली के निर्धारण के उद्देश्य से अपनाई जाने वाली प्रतिचयन पद्धति।

**sericulture** **रेशमकीट पालन**

कच्चे रेशम का व्यापारिक स्तर पर उत्पादन करने के लिए प्राकृतिक या कृत्रिम रूप से रेशम कीट का पालन-पोषण।

**serotonin** **सिरोटोनिन**

ट्रिप्टोफॉन का एक उपापचयी उत्पाद जिसकी रासायनिक संरचना 5' है। बाद में यह मेलाटोनिन में बदल जाता है। दुर्दम कैन्सरी अर्बुदों में इसका उत्पादन अत्यधिक बढ़ जाता है। यह एक प्रभावी वाहिका संकीर्णक है और अरेखित पेशियों के संकुचन को उद्दीपित करता है।

**serrate antenna** **क्रकची शृंगिका**

शृंगिका का ऐसा रूप जिसके खंड कमोवेश त्रिकोणाकार और आरे के दाँतों की तरह एक ओर निकले होते हैं। उदा.–दाल भृंग की शृंगिकाएं।

**serum** **सीरम**

प्लाज्मा का वह भाग जिसमें से स्कंदन के फलस्वरूप फाइब्रिनोजन तथा स्कंदन में शामिल होने वाले अन्य प्रोटीन निकल गए हों।

**sessile** **1. स्थानबद्ध, स्थावर 2. अवृंत**

1. ऐसे प्राणियों के लिए प्रयुक्त जो स्थायी तौर पर किसी वस्तु से लगे या जुड़े रहते हैं या फिर इधर–उधर चलने–फिरने की बजाए एक ही जगह स्थिर रहते हैं।

2. डंठल रहित।

**seta** **शूक**

कड़े रोम के समान कोई बारीक, दृढ़ संरचना। उदा. कुछ कीटों और कृमियों में।

**seta** **शूक**

संधित क्यूटिकल के लंबे नलिकाकार स्पर्श-ग्राही।

**setaceous antenna** **शूकमय श्रृंगिका**

श्रृंगिका का ऐसा रूप जिसके खंड क्रमशः उत्तरोत्तर लघुत्तर होते जाते हैं और पूरी श्रृंगिका सिरे पर क्रमशः पतली होती हुई शूक जैसे हो जाती है। उदा.–तिलचट्टा।

**setaceous** **शूकमय**

शूकल; शूकवाला; शूक के आकार की संरचना।

**setal membrane** **शूक कला, शूक झिल्ली**

रोम गर्तिका का झिल्लीकामय तल या कूपिका जो शूक को सहारा देती है।

**sex attractant** **लिंग-आकर्षी**

भिन्न लिंगों में व्यवहार-अनुक्रिया उत्पन्न करने वाला रासायनिक सूचक।

**sex chromatin** **लिंग क्रोमेटिन**

कायिक कोशिकाओं के अंतरावस्था केंद्रकों में पाया जाने वाला निष्क्रियित गुणसूत्रों का संघनित क्रोमेटिन। सामान्यतः स्तनधारियों की मादाओं में प्रत्येक अतिरिक्त एक्स (x) गुणसूत्र से लिंग क्रोमैटिन पिंड (बार–पिंड) बनता है।

**sex chromatin** **लिंग-क्रोमेटिन**

क्रोमैटिन का संघनित पिण्ड अक्रियित एक्स–गुणसूत्र ही होता है। स्तनी केन्द्रक में एक से अधिक एक्स–क्रोमोसोम होने पर इनके लिंग क्रोमेटिन काय बन जाते हैं।

**sex chromosomes** **लिंग गुणसूत्र, सेक्स क्रोमोसोम**

जीव-कोशिकाओं में अलिंगसूत्र (ऑटोसोम) से पृथक् गुणसूत्र जो लिंग का निर्धारण करते हैं। इन्हें प्रायः X और Y की संज्ञा दी जाती है। स्तनियों में नर विषमयुग्मजी (XY) और मादा समयुग्मजी (XX) होते हैं जबकि पक्षियों में मादा विषमयुग्मजी और नर समयुग्मजी होते हैं।

**sex hormone** **लिंग हॉर्मोन**

स्टेरॉयडों की श्रेणी में आने वाले हॉर्मोनों का एक समूह जो लैंगिक अंगों, गौण लैंगिक लक्षणों और उनकी अभिव्यक्ति को नियंत्रित करता है तथा व्यवहार और कुछ शरीक्रियात्मक प्रक्रमों को प्रभावित करता है।

**sex linkage** **लिंग सहलग्नता**

लक्षणप्ररूपी विशेषक उत्पन्न करने वाले जीन के एक्स. गुणसूत्र में स्थित होने से पाई जाने वाली विशेष प्रकार की सहलग्नता। ये लक्षणप्ररूप प्रायः गौण लक्षणों से भिन्न होते हैं। इस स्थिति के परिणामस्वरूप संबंद्ध लक्षण केवल विषमयुग्मकी लिंग के व्यष्टियों में ही प्रकट होता है।

**sex ratio** **लिंग अनुपात**

समष्टि-विशेष में नरों और मादाओं का अनुपात।

**sexual dimorphism** **लैंगिक द्विरूपता**

एक ही जाति के नर तथा मादा प्राणियों में रूप, रंग, आकार या व्यवहार में भेद होने की अवस्था या दशा।

**shaft** **कांड, शैफ्ट**

1. भालाकार सूत्रकृमि में शंकुक का पीछे वाला नलिकार भाग जिसके अंत में तीन घुंडियाँ बन जाती हैं।

2. कंटिकाकार सूत्रकृमि में शीर्ष और फलक के बीच का भाग।

**shark** **शार्क, सुरा**

ऐसी समुद्री उपास्थि–मीनों का सामूहिक नाम जिनका शरीर तर्कुरूपी, गिलछिद्र पार्श्विक और पुच्छ विषमपालि होते हैं। उदा. स्कोलिओडोन, प्रिस्टिस, स्क्वैलस, आदि।

**short term pesticide** **अल्पकालीन पीड़कनाशी**

ऐसा पीड़कनाशी जो अनुप्रयोग के तुरंत बाद ही निराविषी उपोत्पाद में टूट जाता है।

**shredding** **कतले काटना, काटना**

कीट के भक्षण का एक प्रकार जिसमें पत्तियां धज्जियों अथवा लंबे पतले टुकड़ों में बदल दी जाती हैं।

**sibling species** **समाभासी जातियाँ**

निकट रूप से संबंधित जातियों के जोड़े या समूह जो जनन रूप से विलग किंतु आकृतिक रूप से समरूप होते हैं।

**sigmoid curve** **सिग्माभ वक्र**

आविष मात्रा और मृत्यु-दर को आलेखित करने वाला वक्र। आविषालुक (कीटनाशी या पीड़कनाशी) की मात्रा या सांद्रता के अनुरूप लघुगुणांक के विरुद्ध कीट की मृत्यु दर के प्रतिशत से बनने वाले वक्र से पता चलता है कि घातक स्तरों पर आविष की मात्रा/सांद्रता बढ़ाने से मृत्युदर में विशेष वृद्धि नहीं होती।

**sigmoid** **सिग्मा रूपी**

अंग्रेजी के अक्षर "S" के समान आकार का ग्राफ।

**silk gland** **रेशम ग्रंथि, कौशेय ग्रंथि**

वह ग्रंथि जिससे रेशम का निर्माण होता है। उदा.–रेशम कीट, एम्बीओप्टेरा गण के कीट, मकड़ियां आदि।

**silk toxicity** **रेशम आविषालुता**

रेशम कीट की रेशम ग्रंथियों में रेशम रुका रहने से उत्पन्न घातक "हाइपर एमीनोएसिडीमिया" नामक रोग।

**Silurian period** **सिल्यूरियन कल्प**

पृथ्वी के ऐतिहासिक कालक्रम में पुराजीवी महाकल्प (पेलियोज़ोइक एरा) का एक खंड जिसकी अवधि लगभग 35 करोड़ वर्ष से 30

करोड़ वर्ष पूर्व तक मानी जाती है। प्रथम स्थलीय पौधे तथा वायु में सांस लेने वाले प्रथम स्थलीय प्राणी इस कल्प की विशेषताएँ हैं।

**silver fish** **सिल्वर फिश, रजतमीनाभ, मत्स्यक**

गण थाइसैनूरा और कुल लैपिस्मैटिडी का आद्य कीट जो पंखहीन, रजतमय तथा शल्की होता है। इसमें लंबी शृंगिकायें, कर्तन मुखांग व ऐसी त्रिकीय पुच्छ होती है जो दो लंबे लूमों एवं एक मध्य तंतु से बनी होती है। इन कीटों को शूक-पुच्छ (ब्रिसल टेल) भी कहते हैं। उदा–लेपिज्मा। यह कीट कपड़ों में लगी मांड और जिल्दवाली किताबों की लेई या गोंद को खाता है।

**silver shoot** **रजत प्ररोह**

पर्णच्छद का खोखली मटमैली या बैंगनी रंग की लंबी बेलनाकार नलिकामय पिटिका में परिवर्तन। इसके सिरे पर छोटा क्षीण जीभिकाओं और पालि युक्त पत्रफलक होता है। यह धान की गॉल मिज के प्रकोप का विशिष्ट लक्षण है।

**sinus venosus** **शिरा कोटर**

निम्नतर कशेरुकियों में और उच्चतर कशेरुकियों के भ्रूण में हृदय का कक्ष, जो बड़ी दैहिक शिराओं के मिलने से बनता है और अलिंद में खुलता है; जैसे मेंढ़क में।

**siphon** **साइफ़न, विनाल**

कई प्राणियों के शरीर में पाई जाने वाली नली जैसी संरचना जिसमें होकर जल शरीर के अंदर-बाहर आता-जाता है; जैसे सेफैलोपोड प्राणियों में वह अधर नली जिससे स्क्विड या कटलफिश जल को बाहर फेंकते हुए पीछे की ओर बढ़ता है, कुछ गैस्ट्रोपोडों में श्वसन-छिद्र जिससे जल प्रावार-गुहा में जाता है, और ट्यूनीकेटों में मुख तथा परिकोष्ठ के रंध्र जिनसे होकर पानी क्रमशः अंदर तथा बाहर आता–जाता है।

**Siphonaptera** **साइफ़ोनैप्टेरा**

छोटे, अपंखी, पार्श्वतः संपीड़ित (compressed) कीट जिनके प्रौढ़ नियततापी (warm blooded) प्राणियों पर बाह्य परजीवी होते हैं। नेत्र नहीं होते। सामान्यतः दो नेत्रक, छोटी और मजबूत शृंगिकाएं,

वेधन और चूषण के लिए रूपांतरित मुखांग होते हैं। वक्षीय खंड असंयुक्त; कक्षांग बहुत लंबे होते हैं। डिंभक लंबे, क्रॉसरूपी और पादपहीन; कोशित (pupae) अबद्ध और कोयों (cocoons) में बंद होते हैं। उदा.–पिस्सू, आदि।

**siphoning mouth part** **साइफनी मुखांग**

मुखांगों का वह प्रकार जिसमें ऊर्ध्वोष्ठ और मेन्डिक्ल नहीं होते। अधरोष्ठ की जगह केवल अधरोष्ठ स्पर्शक हाते हैं, और आवश्यक कार्यकारी अंगों का निर्माण जंभिकाओं के द्वारा होता है जिनके गैलिया लंबे और आपस में जुड़कर कोमल खोखली नलिका का निर्माण करते हैं। यह प्रयोग में न आने के समय घड़ी की कमानी की तरह सिर के नीचे कुंडलित रहती है। उदा.–लेपिडॉप्टेरा गण के वयस्क शलभों और तितलियों के मुखांग।

**Siphunculata** **साइफ़नकुलेटा**

इस गण के कीट पंखहीन और स्तनधारियों के परजीवी होते हैं तथा अनेक रोग फैलाते हैं। नेत्र लघुकृत अथवा अनुपस्थित; नेत्रक अनुपस्थित। इनके मुखांग वेधन और चूषण के लिए अत्यधिक रूपांतरित होते हैं तथा प्रयोग में न आने पर सिर के भीतर आकुंचित रहते हैं। वक्षीय खंड सयुंक्त, गुल्फ (टार्सी) एकखंडीय; नखर एकल और श्वासरंध्र पृष्ठीय होते हैं। लूम अनुपस्थित। उदा. –जूं (यूका)।

**site** **स्थल**

ऐसा क्षेत्र, स्थान, भवन, संरचना, पौधा, प्राणी या अन्य जीव जिस पर लक्षित पीड़क के नियंत्रण के लिए पीड़कनाशी का उपयोग किया जाता है।

**skull** **करोटि, खोपड़ी**

रज्जुकी (कॉर्डेट) प्राणियों में कंकाल का वह भाग जिसमें मस्तिष्क सुरक्षित रहता है।

**slurry** **कर्दम**

पीड़कनाशी का एक प्रकार का गाढ़ा निलंबन जो जल और जल-मिश्रणीय चूर्ण से बनाया जाता है।

**small intestine** **क्षुद्रांत्र**

कशेरुकियों की आहार-नाल में आमाशय और बृहदांत्र के बीच का भाग जहां अधिकांश पोषक पदार्थों का अवशोषण होता है।

**social insect** **सामाजिक कीट**

वे कीट जो प्रायः संगठित समुदाय बनाकर रहते हैं। इनमें श्रमविभाजन के आधार पर रानी, श्रमिक, सैनिक आदि सदस्य होते हैं। उदा.– दीमक, मधुमक्खी, बर्र, चींटियां।

**socii** **सोसाई**

ट्रिकोप्टेरा और शल्कपंखी गण (लेपिडॉप्टेरा) के कीटों के दसवें खंड के पार्श्व अनुबंधी प्रवर्ध। ये संभवतः निम्नतर कलापंखी गण (हाइमनोप्टेरा) के दसवें खंड के लूम (सर्कोपोड) जैसे उपांगों के समजात होते हैं।

**sodium pump** **सोडियम पंप**

तंत्रिका ऊतक में क्रियारत एक तंत्र जिसके द्वारा वे $Na^+$ आयन तंत्रिकाक्ष झिल्ली के बाहर निकल जाते हैं जो आयनी प्रवणता के कारण झिल्ली के भीतर पहुंच गए थे। इस पंप के जरिए $Na^+$ आयन के स्थान पर $K^+$ ऑयन पहुंच जाते हैं, और इस प्रक्रिया में $Na^+/K^+$ ए.टी.पी.एज. द्वारा ए.टी.पी. के जल अपघटन से उत्पन्न ऊर्जा प्रयुक्त होती है।

**solenocyte** **नलोत्सर्ग कोशिका, सोलेनोसाइट**

नलिकाकार ज्वाला कोशिकाएं यानी एक या कई लंबे पक्ष्माभ वाली उत्सर्जी कोशिकाएं जो ऐम्फिओक्सस तथा कुछ ऐनीलिडों में पाई जाती हैं। प्लेटीहेल्मिन्थीज की ज्वाला कोशिकाओं की तुलना में ये काफी लंबी होती हैं।

**solitary parasitoid** **एकल परजीव्याभ**

ऐसा कीट-परजीवी जो सामान्यतः एक संधिपाद–परपोषी पर एक कीट की दर से विकसित होता है।

**soluble powder** **विलेय चूर्ण**

चूर्णीय संरूपण (पीड़कनाशी संरुपण), जिसके **पानी** में घुलने से विलयन तैयार हो जाता है।

**solution** **विलयन, घोल**

एक ऐसा विरचन जो किसी प्रकार के रासायनिक परिवर्तन के बिना ठोस, द्रव या गैसीय पदार्थ को दूसरे पदार्थ में बदल देता है। आमतौर पर किसी द्रव में किसी पदार्थ को घोलने के बाद तैयार किया जाता है। उदा.—पानी में घुली हुई शर्करा।

**solvent** **विलायक**

एक ऐसा द्रव जिसको किसी पदार्थ में मिलाने से वास्तविक विलयन तैयार होता है।

**somatic hybridization** **कायिक संकरण, जीवद्रव्यक संकरण**

रासायनिक अथवा कर्मकों (agents) अथवा विद्युत् धारा का उपयोग करते हुए *पात्रे* परिस्थितियों में जीवद्रव्यकों का परालैंगिक संकरण।

**somatic embryo** **कायिक भ्रूण**

ऐसी द्विध्रुवीय संरचना जिसमें प्ररोह और मूल आद्यक होते हैं और जो युग्मजी भ्रूण जैसी होती है; लेकिन जिसका परिवर्तन युग्मकों के संयोग के बिना होता है।

**somatic cell** **कायिक कोशिका**

जनन कोशिकाओं के अतिरिक्त, जीव की अन्य सभी कोशिकाएँ।

**somatic mutation** **कायिक उत्परिर्वन (कलिका उत्परिवर्तन)**

कायिक ऊतक में होने वाला उत्परिवर्तन जो कलिका को प्रभावित करता है।

**somite** **कायखंड**

कई प्राणियों में अनुदैर्घ्य क्रम से विभाजित शरीर के खंड। केंचुए में ये अनुक्रमित खंड एक जैसे होते हैं किंतु कीटों में शरीर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के कायखंड एक जैसे नहीं होते।

**space spray** — **अवकाशी फुहार**

ऐसा पीड़कनाशी जो ऐरोसोल पात्र या फुहारक (स्प्रेयर) से निकलकर तेजी से छोटे-छोटे बिंदुओं के रूप में कमरे या भवन में फैल जाता है और कीटों तथा अन्य पीड़कों को नष्ट कर देता है।

**spanish fly** — **स्पेनी मक्षी**

मेलॉइडी कुल का चमकदार सुनहरा-हरा या काला फफोला-भृंग। वयस्क भृंग पौधों को पत्ती-हीन बना डालते हैं और अनेक फसली पौधों के पुष्पी अंगों को खाते हैं। इनसे एक तैलीय उत्तेजक स्राव रिसता है जो कैन्थेरिडिन औषध का मुख्य स्रोत है। उदा.–*लिट्टा* और *माइलेब्रिस* जातियां।

**spatha** — **स्पाथा**

कलापंखी (हाइमनोप्टेरा) कीटों में पाई जाने वाली लिंगाग्रिका की पृष्ठ पालि।

**spawn** — **जलांडक**

जल में एक साथ दिए हुए अंडों का समूह।

**spawning** — **अंडजनन**

मछली, मेंढ़क आदि जलीय प्राणियों द्वारा समूह में अंडे देने की क्रिया।

**speciation** — **जातिउद्‌भवन**

वह प्रक्रम जिसके द्वारा एक या अधिक जाति/किसी अन्य जाति की उत्पत्ति होती है।

**species** — **स्पीशीज, जाति**

जीवधारियों में वर्गीकरण की एक निम्नतम इकाई जिसमें ऐसे जीव आते हैं जो संरचनात्मक तथा कार्यात्मक दृष्टि से लगभग समान होते हैं और प्राकृतिक अवस्था में केवल आपस में ही प्रजनन करते हैं। एक या अधिक स्पीशीज का समूह जीनस (वंश) कहलाता है और स्वयं स्पीशीज में भी कई उपस्पीशीज, प्रजातियां और प्रभेद हो सकते हैं।

**sperm cyst** **शुक्र पुटी**

वृषण का कोशिकीय संपुट जिसमें शुक्राणु कोशिकाएं होती हैं।

**sperm tube** **शुक्रनलिका**

वृषण के द्वितीयक विभाजनों से बनी संरचना।

**sperm** **शुक्राणु**

प्राणियों में अतिसूक्ष्म, चल तथा सामान्यतः कशाभी नर युग्मक जिसके अग्र भाग में एक बड़ा केंद्रक, मध्य भाग में सेन्ट्रोसोम और पश्च भाग में एक पूंछनुमा लंबा कशाभ होता है जो संचलन में सहायक होता है।

**spermatheca (receptaculum seminis)** **शुक्रग्राहिका**

मादा की शुक्रधानी अथवा मादा या उभयलिंगी प्राणियों की एक संरचना जिसमें नर या दूसरे प्राणी के शुक्राणु अंडाणुओं के निषेचन तक जमा रहते हैं।

**spermatid** **प्रशुक्राणु**

ऐसा शुक्राणु जो अपनी पूर्णावस्था को प्राप्त नहीं हुआ है (अपरिपक्व शुक्राणु)।

**spermatocyte** **प्रशुक्राणुजन**

परिपक्व होने से पूर्व शुक्राणुधानी से विभेदित शुक्राणु कोशिका।

**spermatogenesis** **शुक्राणुजनन**

शुक्राणुओं के निर्माण का प्रक्रम।

**spermatozoan** **शुक्राणु**

परिपक्व शुक्र कोशिका।

**spermicide** **शुक्राणुनाशी**

वह रासायनिक पदार्थ जो शुक्राणुओं को नष्ट कर देता है।

**sphenoid** **जतुक**

स्तनियों में कपाल के निचले तल पर स्थित फनाकार अस्थि जो जतुकपूर्वी (प्रिस्फीनाइड) और आधारपूर्वी (बेसीस्फीनाइड) अस्थियों के मिलने से बनती है।

**sphincter muscle** **अवरोधिनी पेशी**

अरेखित वर्तुल पेशी जो सामान्य अवस्था में संकुंचित रहती है, लेकिन मार्ग के खुलने के समय फैल जाती है। उदा. मलाशय - अवरोधिनी पेशी।

**spicule** **कंटिका**

1. ऊतकों के अंदर स्थित छोटी-छोटी अकार्बनिक सामान्यतः कैल्शियमी या सिलिकामय नुकीली संरचनाएं जो स्पंजों का अंतःकंकाल बनाती हैं।

2. अत्यधिक क्यूटिकलीकृत नर मैथुन-अंग।

**spider** **लूता, मकड़ी**

एक छोटा संधिपाद प्राणी जिसमें दो कायखंड और आठ संधियुक्त टांगें होती हैं। शृंगिकाएं और पंख नहीं होते। अनेक मकड़ियां जाला बुनने वाली होती हैं।

**spinal cord** **मेरु रज्जु, रीढ़ रज्जु**

कशेरुकियों में केंद्रीय तंत्रिका-तंत्र की अनुदैर्घ्य रज्जु जो रीढ़ के अंदर रहती है।

**spindle** **तर्कु, स्पिंडल**

सूक्ष्मनलिकाओं से बना काय, जो अर्धसूत्रण और सूत्रीविभाजन में गुणसूत्रों के संचलन को नियंत्रित करता है।

**spindle fibres** **तर्कु रेशे**

वे रेशे जो कोशिका विभाजन के दौरान सूत्रकेंद्र को तर्कु के ध्रुवों के साथ जोड़ते हैं।

**spine** **कंटक**

क्यूटिकल से उत्पन्न कांटे के समान बहिर्वृद्धि (उद्वर्ध)।

**spiracle** **श्वासरंध्र, स्पाइरैकल**

1. कीटों के शरीर में पार्श्व की ओर दोनों तरफ पाए जाने वाले रंध्र जिनके द्वारा वायु वातक (ट्रैकिया) में जाती है।

2. कई उपास्थि-मत्स्यों में प्रथम या अग्रतम गिल-रंध्र का परिवर्तित रूप।

3. ओडोनेरा कीट के पंख पर बना एक विशिष्ट धब्बा।

**spiral cleavage** **सर्पिल विदलन**

विदलन का वह प्रकार जिसमें कोरक खंड (ब्लास्टोमीयर) आठ कोशिका अवस्था पर इस प्रकार विभाजित होते हैं कि चार ऊपरी कोशिकाएँ नीचे की चार कोशिकाओं के ठीक ऊपर न होकर (जैसा कि अन्यथा अरीय विदलन में होता है) एक–दूसरे के बीच खाँचों के ऊपर होती हैं।

**spleen** **प्लीहा, तिल्ली**

कशेरुकियों में आमाशय से लगी हुई संरचना जो लसीकाणुओं के उत्पादन एवं संग्रह और रक्ताणुओं (लाल रुधिर कणिकाओं) के संग्रह का काम करती है। चिकनी पेशियों के सिकुड़ने से ये रक्ताणु आवश्यकतानुसार रुधिर-प्रवाह में पहुंच जाते हैं।

**splicing** **समबंधन**

1. *जीवे* विधि जिसमें विषमांगी केंद्रकीय आार.एन.ए. से अव्यक्तेकों को निकालने और व्यक्तेकों को जोड़ने से दूत R.N.A. बनता है।

2. लाइमेज द्वारा द्विक D.N.A. खंडों का आपस में *पात्रे* बंधन।

**splitting** **विपाटन**

निर्मोकोत्सर्जन के समय क्यूटिकल का फटना।

**spontaneous mutation** **स्वतः उत्परिवर्तन**

सामान्य पर्यावरण की कोशिका में किसी उत्परिवर्तजन का प्रभाव न होने पर भीं डी.एन.ए. के भीतरी परिवर्तनों के कारण होने वाला उत्परिवर्तन।

**spontaneous generation** **स्वतः जनन**

वह मान्यता जिसके अनुसार पहले यह विश्वास किया जाता था कि सूक्ष्मजीव निर्जीव पदार्थों से उत्पन्न होते हैं; जैसे स्वेद (पसीना) से जूं बनने की कल्पना। आजकल इसके स्थान पर बायोजेनेसिस अर्थात् जीवात् जनन को स्वीकार किया जाता है।

**sporadic parthenogenesis (thelytoky)** **कदाचनिक अनिषेकजनन (अनिषेक स्त्रीजनन)**

ऐक्रीडिडी कुल की अनेक जातियों में मिलने वाला अनिषेकजनन जैसा कि मरुस्थली टिड्डी में होता है। अनिषेचित अंडे परिवर्धित तो होते हैं पर उनमें से 25% ही स्फुटित होते हैं तथा सभी संतति मादा होती हैं।

**sporadic pest** **कदाचनिक पीड़क**

वह पीड़क (नाशकजीव) जो यदा-कदा दिखाई देता है लेकिन विशेष परिस्थितियों में भारी क्षति पहुंचाता है।

**sporogony** **बीजाणुजनन**

कुछ प्रोटोजोआ प्राणियों के जीवन–चक्र की एक अवस्था जिसमें युग्मनज (जाइगोट) के बहुविभाजन से बीजाणुज (स्पोरोजोइट) बनते हैं।

**Sporozoa** **स्पोरोज़ोआ**

प्रोटोज़ोआ संघ के परजीवी प्राणियों का एक वर्ग जो परजीवी होते हैं। चलन-अंगों की अनुपस्थिति, अलैंगिक और लैंगिक पीढ़ियों के एकांतरण वाला जटिल जीवन चक्र और बीजाणु-उत्पादन इनकी विशेषताएं हैं। उदा. मलेरिया परजीवी (*प्लाज्मोडियम, मोनोसिस्टिस, ग्रीगेराइना* आदि।

**sporozoite** **बीजाणुज, स्पोरोजोइट**

कुछ प्रोटोज़ोआ प्राणियों के जीवन-चक्र में युग्मज (ज़ाइगोट) के बहुविभाजन से उत्पन्न तथा मादा मच्छर के भीतर उत्पन्न संक्रामक डिंभक अवस्था जो मध्यस्थ परपोषी द्वारा प्राथमिक परपोषी के शरीर में पहुंचती है।

**spray drift** **अपवाह**

फुहार कणों का अनुप्रयोग के समय वायु के प्रभाव से लक्षित क्षेत्र से हट जाना।

**spray** **फुहार**

पीड़कनाशी का जल या अन्य द्रव के साथ मिश्रण जिसका छोटे-छोटे बिंदुकों के रूप में छिड़काव किया जाता है।

**sprayer** **फुहारक**

वह यंत्र जो फुहार-तरल को कणित (atomize) कर देता है।

**spraying** **फुहार, फुहारण**

वह प्रक्रम जिसके द्वारा तरल पदार्थ को कणित किया जाता है।

**squama** **शल्किका**

कलापंखी (हाइमेनोप्टेरा) कीटों में शिश्नाधार की पृष्ठ-पार्श्व पालि।

**Squamata** **स्क्वैमेटा**

सरीसृपों का एक गण जिसमें सांप, छिपकलियां आती हैं। शरीर पर शृंगी अधिचर्मी शल्क तथा पेरैस्पिड करोटि इनके विशिष्ट लक्षण हैं।

**stadium (pl. stadia)** **अंतरावस्था**

कीट की वृद्धि के दौरान दो निर्मोकों के बीच की अवधि।

**starch** **मंड, स्टार्च**

पौधों में संचित खाद्य का एक प्रमुख प्रकार। यह एक जटिल पॉलीसैकेराइड है जिसमें ग्लूकोस की पुनरावृत्त इकाइयों से बनी शाखित संरचनाएँ होती हैं।

**stem cell** **मूल कोशिका**

बहुशक्तिमान अविभेदित अस्थि मज्जा–कोशिका जो किसी भी व्यष्टि कोशिका प्ररूप के पूर्वगामियों को पैदा करने में सक्षम है।

**sterile-insect technique** **बंध्य-कीट तकनीक**

पीड़क के संदमन के लिए प्रयुक्त की जाने वाली आनुवंशिक विधि जिसमें सुसंगत लेकिन बंध्य, नर-कीटों का बड़े पैमाने पर इसी पीड़क की वनसंचरी जननक्षम समष्टि में मोचन किया जाता है ताकि उसकी जननक्षमता पर नियंत्रण किया जा सके अथवा उसका पूरी तरह से संदमन किया जा सके।

**sternite** **अधरकांश**

उरोस्थि प्लेट का एक उपविभाग अथवा संपूर्ण उरोस्थि का कोई एक कठकीय घटक।

**sternum** **1. अधरक**

कीट के खंड की अधर पट्टिका।

**2. उदरोस्थि** – कशेरुकियों के अधर वक्ष की एक अस्थि जिस पर पर्शुकाएँ जुड़ी रहती हैं।

**sticker** **संलागी**

पीड़कनाशी में मिलाया जाने वाला पदार्थ जिसका उद्देश्य प्रारंभिक निक्षेप की मात्रा बढ़ाने की अपेक्षा लगिष्णुता (tenacity) की वृद्धि करना ही होता है।

**stimulus** **उद्दीपन**

कोई भी कारक जो एक विशिष्ट अनुक्रिया उत्पन्न करने के लिए शरीर या उसके किसी अंग को उत्तेजित करता है।

**stoma** **मुखगुहिका**

मुखद्वार और ग्रसिका के बीच की आहार-नाल। (दे. buccal capsule, buccal cavity, mouth cavity)

**stomach poison** **जठर-विष**

ऐसा पीड़कनाशी जिसको खाने से प्राणी या कीट मर जाता है।

**stomodaeum** **मुखपथ**

1. आहार-नाल का अग्र बाह्य-चर्मीय भाग।

2. आहार-नाल का अग्र भाग जो मुख-गुहिका और ग्रसिका से मिलकर बनता है और क्यूटिकल से आस्तरित होता है।

**Strepsiptera** **स्ट्रेप्सिप्टेरा**

छोटे अंतःपरजीवी कीट जिनके मुखांग अपह्रासित (degenerate), आदंशी प्रकार के और शृंगिकाएं सुस्पष्ट तथा व्यजनाभ

(flabellate); अग्रपंख छोटी गदाकार संरचनाओं के रूप में लघुकृत, पश्चपंख बड़े और पंखे जैसे; पश्चवक्ष अत्यधिक सुपरिवर्धित; शिखरक (trochanters) नहीं होते। नर मुक्तजीवी; मादाएं सामान्यतः परपोषी में कोशितावरण (puparium) में बंद रहती हैं; लैंगिक रंध्र खंडीय, 3 से 5 तक। कुछ मादाएं परपोषी को छोड़ देती हैं और उनमें डिंभकरूपी संरचनाएं तथा अंतस्थ जनन रंध्र (gonopores) होते हैं, डिंभक का परिवर्धन अतिकायांतरी (hpermetamorphic) होता है। उदा.– स्टाइलोपिड।

**stridulation** **घर्षण ध्वनि**

कीटों में घर्षण-क्रिया द्वारा ध्वनि का उत्पन्न होना।

**structural gene** **संरचनात्मक जीन**

किसी संरचनात्मक प्रोटीन या एन्जाइम को कोडित करने वाला डी. एन.ए. अनुक्रम।

**stunted growth** **वृद्धिरोध**

किसी भी जीव में प्रतिबल के कारण वृद्धि का रुक जाना।

**style** **शूक**

कीटों के रोम-सदृश, तीखी नोक वाले और खांचेदार रूपांतरित मुखांग जो भेदन और तरल के चूषण के लिए अनुकूलित होते हैं।

**stylet borne** **शूकिका वाहित**

रोगवाहक में स्थायी रूप से न रहने वाले रोगकारकों के लिए प्रयुक्त शब्द।

**stylet** **शूकिका**

1. पतली शूकमय संरचना जिसका निर्माण हेमिप्टेरा गण में मैंडिबलों और जंभिकाओं के रूपांतरण से होता है।
2. अंडनिक्षेपक के दंड का मध्य पृष्ठ अवयव जो संयुक्त द्वितीयक प्रकठक से बनता है।

**subacute toxicity** **अनुतीव्र आविषालुता**

अधिक समय तक किसी पदार्थ का विशिष्ट मात्रा में बार-बार सेवन करने पर विभिन्न परीक्षणरत प्राणियों में उत्पन्न आविषालु परिणाम।

**subcosta** **उपकॉस्टा**

कीट पंख की प्रायः दूसरी शिरा जो प्रथम सहायक कठक के अग्रिम सिरे से अधरीय तौर पर संबंद्ध होती है।

**subcoxa** **उपकक्षांग**

कक्षांग से विभेदित पदाधार का निकटस्थ भाग, जो सामान्यतया काय-खंड की पार्श्व-भित्ति के भीतर समाविष्ट रहता है।

**subling species** **सहोदर जाति**

वे सह जातियां जो आकारिकीय लक्षणों के आधार पर विभेदित नहीं की जा सकतीं।

**succession** **अनुक्रमण**

समय और अनुक्रम की दृष्टि से कीटों अथवा अन्य जीवों का एक के बाद एक उपस्थित होना।

**sucker** **चूषक**

1. किसी प्राणी का वह अंग या उसका भाग जो चूषण द्वारा पोषण प्राप्त करने अथवा स्थनांतरण के लिए किसी वस्तु या प्राणी से चिपकने के लिए अनुकूलित होता है।
2. ग्रंथि तथा पेशीय ऊतकों से बना क्यूटिकल का एक गुद्पूर्व गोलाकार आपरिवर्तन जो कुछ प्राणि-परजीवी सूत्रकृमियों के नरों में पाया जाता है।

**sucking insect** **चूषक कीट**

द्रव-आहार का चूषण करने वाले कीट।

**suctoria** **सक्टोरिया**

ऐसे जटिल प्रोटोज़ोआ प्राणियों का एक वर्ग जिनमें चलन अंगक तथा कोशिक मुख नहीं होते और जो विशेष प्रकार के चूषण-स्पर्शकों द्वारा भोजन ग्रहण करते हैं।

**super parasitism** **अधि-परजीविता**

किसी परपोषी पर एक जाति की अनेक व्यष्टियों की उपस्थिति और उससे उनका पूर्ण सामान्य परिवर्धन होना।

**supercoiling** **अधिकुंडलन**

कुंडलन, जिसमें डी.एन.ए. अणु की दोहरी कुंडलिनी पुनः अपने ही ऊपर ऐंठती–लिपटती हुई एक अधिक संहत अणु बना लेती है।

**suppressor gene** **निरोधक जीन**

जीन, जो अपनी उपस्थिति से अन्य जीन में किसी विशिष्ट उत्परिवर्तन को उलट देती है।

**surfactant** **पृष्ठसक्रियक**

तेल और पानी जैसे कोई दो भिन्न द्रव्यों के बीच पृष्ठ तनाव को कम करने वाला पदार्थ।

**survey** **सर्वेक्षण**

पीड़कों का दिक्काल में विशेष प्रयोजन के लिए कालिक-परीक्षण अथवा उनकी सावधानीपूर्वक निगरानी।

**susceptibility** **सुग्राहिता**

जीवधारी की वह दशा जो किसी बाह्य अथवा आंतरिक कारक से सरलता से प्रभावित होती है।

**susceptible** **सुग्राह्य**

ऐसे जीव जो पीड़क के दुष्प्रभाव से आसानी से क्षतिग्रस्त या रोगग्रस्त हो जाते हैं।

**suspended** **निलंबित**

1. एक ऐसे पीड़कनाशी का इस्तेमाल जो अब वैध नहीं है और जिसके बचे हुए भंडार का उपयोग नहीं किया जा सकता।

2. द्रव में परिक्षेपित कण।

**suture** **सीवन**

क्यूटिकल के कठकीय क्षेत्रों को विभाजित करने वाली खांच या रेखा या संकरा स्थान या कठकों के बीच का कोई भी झिल्लीमय क्षेत्र।

**swarm** **दल, वृंद**

यूथी वयस्कों अथवा अपरिपक्व अवस्थाओं का वह समुच्चय जिसमें वे एक साथ रहते हैं अथवा एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर बढ़ते हैं।

**swarming** **वृंदन**

भोजन, प्रजनन, शीत अथवा ग्रीष्म-निष्क्रियता के लिए कीटों का बड़ी संख्या में एक साथ निर्गमन।

**swath** **स्वाथ**

फुहारक या अन्य उपकरण द्वारा एक दौर में उपचारित क्षेत्र की चौड़ाई।

**symbiont** **सहजीवी**

कीट की आहार-नाल अथवा उसके विशिष्ट अंगों (माइसीटोम) में रहने वाले सूक्ष्मजीव जो उसके आवश्यक पोषकों की आपूर्ति करते हैं।

**symbiosis** **सहजीवन; सहजीविता**

दो भिन्न जातियों के जीवों का साथ-साथ रहना। इस संबंध में दोनों जीवों को पहुंचने वाले लाभ-हानि के आधार पर इसके कई भेद माने जाते हैं; जैसे सहोपकारिता, सहभोजिता, परजीविता आदि।

**symmetry** **सममिति**

किसी भी जीव के हर कोण से काल्पनिक तल पर विभाजित दो आधे भागों के माप और आकार में समानता।

**sympatric distribution** **समस्थानिक वितरण**

कीट जाति अथवा समष्टियों का स्थानिक वितरण जो समीपस्थ क्षेत्र में साथ-साथ पाए जाते हैं।

**sympatry** **समस्थानिकता**

दो या अधिक जातियों का एक ही भौगोलिक क्षेत्र में वितरण और पाया जाना।

**symptom** **लक्षण**

किसी प्राणी में रोग या कीट-प्रकोप या विषाक्तन का संकेत जिससे यह पता लगता है कि कोई पीड़क या पीड़कनाशी किसी रोग, हानि या विनाश का कारण है।

**synapse** **अंतर्ग्रंथन**

संरचनात्मक दो तंत्रिएकों के बीच शरीर क्रिया विशेषित संधि जिसमें एक तंत्रिएक दूसरे तंत्रिएक की सक्रियता में परिवर्तन लाता है।

**synapsis** **सूत्रयुग्मन**

अर्धसूत्रण के प्रारंभ में युगली बनाने के लिए दो-दो समजात गुणसूत्रों का विस्थल प्रति विस्थल रैखिक संयोग।

**synaptic cleft** **अंतर्ग्रंथित विदर**

प्रत्येक अंतर्ग्रंथनपूर्व तंतु (presynaptic fiber) झिल्ली और अंतर्ग्रथन-पश्च तंतु (postsynaptic fiber) कायिक झिल्ली के बीच का अवकाश (space) जो अंतर्ग्रंथनपूर्व तंतुओं की अंतर्ग्रंथनी-घुंडी पर लगभग 200 एन्गस्ट्रॉम चौड़ा होता है। यह दरार एक तंत्रिकोशिका की द्रुमिकाओं (dendrites) के बीच स्थित होती है।

**syncytium** **संकोशिका**

बहुकेंद्रकित कोशिकाद्रव्य का ऐसा पिंड जो अलग–अलग कोशिकाओं में नहीं होता।

**syndrome** **संलक्षण**

ऐसा लक्षण-समूह जो किसी रोग का द्योतक होता है।

**synecology** **संपरिस्थितिकी**

जीवधारियों के ऐसे वर्गों का अध्ययन जो एक इकाई बना कर रहते हैं। इसमें व्यक्तिगत जाति के बजाय समुदायों का पारिस्थितिक अध्ययन होता है।

**synergism** **योगवाहिता**

वह परिघटना जहां एक रसायन पीड़कनाशी की तरह स्वयं सक्रिय न होते हुए भी विशेष पीड़कनाशी की आविषालुता को बढ़ा देता है।

**synergist** **योगवाही**

वह रसायन जो विशेष पीड़कनाशी की आविषालुता को बढ़ा देता है, किंतु स्वयं पीड़कनाशी की भांति सक्रिय नहीं होता।

**synexenic** **सहपालन**

किसी जाति के एक या अधिक व्यष्टियों का किसी अन्य एक या अधिक ज्ञात जातियों के साथ पालन-पोषण। पालन-पोषण के प्रक्रम में संबद्ध जाति यदि एक, दो, तीन या अधिक संख्या में है तो ऐसी स्थिति में इस अवस्था को क्रमशः एकपालन (monoexenic), द्विपालन (diexenic), त्रिपालन (triexenic) या बहुपालन (polyexenic) कहा जाता है।

**syngamy** **युग्मक-संलयन**

निषेचन के दौरान नर और मादा युग्मकों के मिलने पर दोनों केंद्रकों का संलयन, जिससे द्विगुणित युग्मज बन जाता है।

**syngen** **संगमोघ**

1. प्रोटोजोआ आनुवंशिकी में वर्गीकरण की एक इकाई–वेराइटी का पर्याय।

2. प्रजननतः पृथक्कृत समष्टि जो पक्ष्माभों में अनूठे पृष्ठ प्रतिजनों वाली विकालशील इकाई को निरूपित करती है।

**synkaryon** **युग्मज केंद्रक**

वह परिणामी केंद्रक जो निषेचन के दौरान नर और मादा युग्मकों के केंद्रकों के संयोजन से बनता है। युग्मज केंद्रक में दो विभिन्न जीवों (अंतरजातीय, अंतरवंशीय और अंतरसंधीय भी) के संजीन हो सकते हैं। कायिक कोशिका संकरण से भी बने युग्मजकेंद्रक को विषम केंद्रक कहते हैं।

**synonym** **सहनाम**

नाम-पद्धति में एक ही वर्गक (texon) के दो या दो से अधिक नाम।

**synthetic diet** **संश्लिष्ट आहार**

कीटों को बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराने के लिए ज्ञात घटकों से बनाया गया आहार। ऐसे कीटों का उपयोग कृत्रिम मोचन अथवा अन्य परीक्षणों के लिए किया जाता है।

**synthetic insecticide** **संश्लिष्ट कीटनाशी**

संश्लेषित रूप से बनाये गये कीटनाशक।

**syntype** **सहप्ररूप**

प्ररूप श्रेणी का वह प्रत्येक प्रतिदर्श जो जाति के नामप्ररूप या अपरप्ररूप के वरणपूर्व अभिहित किया गया हो।

**systematics** **वर्गीकरणविज्ञान**

वह विज्ञान जो जीवधारियों की विविधता, अजीवित पदार्थों और उनके वितरण, वर्गीकरण तथा विकासीय प्रवृत्ति से संबंधित है।

# T

**tachanid** **टैकेनिड**

डिप्टेरा-गण के कुल टैकेनिडी के अंतर्गत आने वाली परजीवी मक्खी।

**tactile hair** **स्पर्श रोम**

वे अतिसंवेदी स्पर्श अंग जो साधारण रोमों, शूकों अथवा कंटकों के बने होते हैं तथा जिनके आधार पर संवेदी कोशिकाओं और तंत्रिकाओं के अंतिम सिरे उपस्थित होते हैं।

**tadpole** **टैडपोल, बैंगची**

कुछ उभयचरों, विशेषतः मेंढ़क या टोड का डिंभक जिसके गोल शरीर में लंबी पूंछ होती है और जो क्लोम की सहायता से पानी में ही सांस लेता है। कायांतरण के समय इसमें फुप्फुस तथा पाद उत्पन्न हो जाते हैं और पूंछ के गायब होने के बाद यह वयस्क मेंढक बन जाता है।

**taenidium** **सर्पिल सूत्र**

वातक और लघुवातक की क्यूटिकली पर्त का कुंडलित वलयन।

**tagmata** **खंडेकक**

कीट-शरीर के तीन मुख्य भाग – सिर, वक्ष और उदर।

**tango receptor** **स्पर्शग्राही**

शरीर का वह अंग अथवा भाग जो स्पर्श-संवेदन को प्राप्त करता है।

**tapeworm** **टेपवर्म, फ़ीताकृमि**

टीनिया और अन्य संबद्ध वंशों के परजीवी कृमियों का सामान्य नाम, जो मानव व अन्य प्राणियों की आहार-नाल में रहते हैं। अनेक देहखंडों वाला लंबा रिबन जैसा शरीर, छोटे-से सिर में दो या अधिक चूषक, अंकुशों का पाया जाना और मुंह तथा आहार-नाल की अनुपस्थिति इनकी विशेषताएं हैं।

**target insect** **लक्ष्य कीट**

वह कीट जिसके विरुद्ध नियंत्रण-संबंधी व्यूह-रचना की जाती है।

**target** **लक्ष्य**

ऐसा पादप, प्राणी, संरचना, क्षेत्र या पीड़क जिस पर पीड़कनाशी, परजीवी, परभक्षी आदि का अनुप्रयोग किया जाता है।

**tarsomere or tarsite** **गुल्फखंड या गुल्फांश**

गुल्फ के उपखंडों में से एक।

**tarsometatarsus** **गुल्फ-प्रपदिका**

पक्षियों में पैर की एक सीधी अस्थि जो गुल्फ तथा प्रपद (मेटाटार्सस) की अस्थियों के जुड़ने से बनती है।

**tarsus** **गुल्फ, टार्सस**

1. चतुष्पाद कशेरुकियों में टखना या टखने को सहारा देने वाली अस्थियों का समूह।
2. कीट पाद का पांचवां, खंड, जो सामान्यतया एक से पांच उपखंडों अथवा गुल्फ-उपखंडों में विभाजित रहता है।

**taxis** **अनुचलन**

किसी जीव का उद्दीपन की ओर या उससे दूर जाने की प्रक्रिया; जैसे जीवों का प्रकाश की ओर जाना। उद्दीपन की प्रकृति के अनुसार इनके कई भेद हो जाते हैं; जैसे प्रकाशानुचलन (फ़ोटोटैक्सिस), रसायन अनुचलन (कीमोटैक्सिस) आदि।

**taxon** — **वर्गक**

किसी समूह-विशेष का वह शीर्षक जिसके द्‌वारा किसी एक वर्गिकीय समूह को पर्याप्त रूप से भिन्न एक ऐसे ही किसी दूसरे समूह से विभेदित किया जा सकता है तथा वर्गीकरण की निश्चित श्रेणी में रखा जा सकता है।

**taxonomic category** — **वर्गिकीय संवर्ग**

पदानुक्रमी वर्गीकरण में अभिहित पद या स्तर।

**taxonomic group** — **वर्गिकीय समूह**

समकालीन अथवा समरूप लक्षणों पर आधारित वर्गकों (टैक्सोनों) का विशिष्ट समूह।

**taxonomic level** — **वर्गिकीय स्तर**

वह संघटनात्मक स्तर जिससे जीवधारियों के समूह बनते हैं। ये स्तर हैं—जगत्, संघ, वर्ग, गण, कुल, वंश और जाति।

**taxonomic distribution** — **वर्गिकीय वितरण**

विशिष्ट आकृतिक लक्षणों पर आधारित क्षेत्र विशेष में किसी जीव का वर्गिकीय आधार पर वितरण।

**taxonomic hierarchy** — **वर्गिकीय पदानुक्रम**

जीवधारियों को समूह में रखने के लिये प्रयुक्त किया जाने वाला संगठनात्मक स्तर। उदा. जगत्, संघ, वर्ग, गण, कुल और जाति हैं।

**taxonomic character** — **वर्गिकीय लक्षण**

किसी वर्गक के सदस्य का कोई भी गुण जो किसी अन्य वर्गक के सदस्य से भिन्न होता है।

**taxonomy** — **वर्गिकी**

जीवविज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवों को प्राकृतिक एवं तर्कसंगत वर्गों में इस प्रकार रखा जाता है जिससे उनके विकास तथा बंधुता पर प्रकाश पड़ सके।

**T-cell** — **टी-कोशिका**

पूर्वगामियों से व्युत्पन्न लसीकाणु, जो थाइमस में विभेदित होता है।

**technical grade insecticide** — **विशुद्ध असंरूपित कीटनाशी**

व्यापारिक स्तर पर तैयार किया जाने वाला कीटनाशी का वह विशुद्ध रूप जिसको संरूपित करके उपयोग में लाया जाता है।

**technique** — **तकनीक**

विशिष्ट अध्ययन के लिए विकसित प्रणाली।

**telencephalon** — **उन्मस्तिष्क, टेलेनसेफ़ैलोन**

अग्रमस्तिष्क का सबसे आगे का भाग जिसमें प्रमस्तिष्क गोलार्ध और संबद्ध संरचनाएं आती हैं।

**Teleostei** — **टीलिओस्टाई**

मछलियों का एक बड़ा समूह जिसमें फुप्फुस-मीनों को छोड़ कर सभी वर्तमान अस्थिल मछलियां आती हैं। वाताशय का होना, किंतु श्वास-रंध्र (स्पाईरेकल), आंत्र के सर्पिल कपाट और हृदय में कोनस आर्टिरिओसस का न होना इनके प्रमुख लक्षण हैं।

**telogenic** — **अंत्य -जनदी**

मादा जनद का एक प्रकार जिसमें जनन- कोशिकाएँ जनद के दूरस्थ सिरे में पाई जाती हैं।

**telolecithal** — **गोलार्ध पीतकी**

ऐसे अंडों के लिए प्रयुक्त जिसमें पीतक अल्पक्रिय ध्रुव (वेजीटल पोल) की ओर अधिक मात्रा में पाया जाता है। उदा. मेंढक और मुर्गी के अंडे।

**telomere** — **अंत्यांश**

सुकेंद्रकी गुणसूत्र का अंतिम प्राकृतिक सिरा जो सूत्रकेंद्र से दूरस्थ होता है। इसमें पाए जाने वाली विशिष्ट डी.एन.ए. पुनरावर्ती इकाई के कारण गुणसूत्र प्रतिकृतियन के दौरान लंबाई बढ़ती है जिससे गुणसूत्र का छोटा होना रुकता है।

**telophase** — **अंत्यावस्था**

कोशिका-विभाजन की अंतिम अवस्था जिसमें विभाजित गुणसूत्र ध्रुवों पर एकत्र होकर केंद्रक झिल्ली से परिबद्ध होकर नए केंद्रकों के

रूप में प्रकट होते हैं। इसके बाद केंद्रक फिर से अंतरावस्था में आ जाते हैं। इसके दौरान गुणसूत्रों का विघटन होने लगता है।

**template** **रूपदा**

एक बृहदणु जिसमें किसी अन्य बृहदणु के संश्लेषण के लिए कूटित आनुवंशिक सूचना होती है।

**temporal fossa** **शंखास्थि खात**

सिर के श्रवण-अंग में स्थित खाँच।

**temporal gland** **शंख ग्रंथि**

श्रवण-अंग में उपस्थित काय का स्रावी भाग।

**tendon** **कंडरा**

सफ़ेद रेशेदार संयोजी ऊतक की पट्टी या रज्जु जो किसी पेशी को अस्थि से जोड़ती है।

**tent caterpillar** **तंबू इल्ली**

रेशमी तम्बू में रहने वाले रोमिल डिंभक जो मेलोकोसोमा वंश और लेसिओकैम्पिडी कुल के अंतर्गत आते हैं।

**tentacle** **स्पर्शक**

सामान्यतः अकशेरुकी प्राणियों के सिर से निकला हुआ लंबा पतला, चमकदार प्रवर्ध या अंग जो स्पर्श, खोज, परिग्रहण या संचलन आदि का काम करता है।

**tentorial nerve** **छदि तंत्रिका**

मस्तिष्क छदि से होकर निकलने वाली तंत्रिका।

**tentorial pit** **छदि गर्त**

मस्तिष्क छदि में स्थित गर्त।

**tentorial** **छदिशाखा**

सिर को आधार प्रदान करने वाला क्यूटिकुलीय अंतर्वलन।

**tentorium** **मस्तिष्क छदि**

कपाल का अंतःकंकालीय धनुःकोष्ठक (brace) जो अग्र और पश्च भुजयुग्म के मिलने से बनता है तथा सिर संपुटिका को अवलंब प्रदान करता है।

**teratoma** **विरूप संरचना**

अंडकोशिका अथवा वृषण–जनन कोशिका की यथास्थान अपसामान्य वृद्धि, जिसके परिणामस्वरूप कोशिकाओं की एक असंघटित संहति बन जाती है। इस संहति में विभिन्न प्रकार की अविभेदित स्रोत कोशिकाएँ बन जाती हैं जिनमें और आगे विभाजन होता जाता है।

**tergite** **पृष्ठकांश**

किसी एक निश्चित पृष्ठक का उप विभाजन।

**tergocoxal** **पृष्ठकक्षांगी**

पृष्ठकांश तथा कक्षांग क्षेत्र के साथ किसी ऊतक का संलग्न अथवा जुड़ना।

**tergopleural** **पृष्ठकपार्श्वकीय**

पृष्ठकांश तथा पार्श्व क्षेत्र से किसी मांसपेशी अथवा ऊतक का जुड़ना।

**tergosternal** **पृष्ठकाधरकीय**

पृष्ठकांश और अधरक क्षेत्र के बीच किसी ऊतक का जुड़ना।

**tergum** **पृष्ठक**

ऑर्थोपोड या संधित प्राणी में खंड या कायखंड के पृष्ठतल पर उपत्वचा या काइटिन की मोटी पट्टिका।

**terminal filament** **अंत्य तंतु**

अंडाशयक का कोशिकीय अति अंतस्थ तंतु।

**terminal ganglionic mass** **अंतस्थ गुच्छिका संहति**

उदर के पश्च भाग में स्थित अंतिम संयुक्त गुच्छिका जिससे बचे हुए पश्च कायखंडों को भी तंत्रिकाएं जाती हैं।

**terminal segment** **अंतस्थ खंड**

कीट काय का अंतिम कायखंड।

**termitarium** **दीमकगृह, वल्मीक**

दीमकों द्वारा अपने रहने के लिए मिट्टी से निर्मित आवास या टीलेनुमा घर जिसमें अंदर की ओर अनेक सुरंग-जैसे रास्ते होते हैं।

**termite nest** **दीमक नीड़**

दीमक की कॉलोनी या निवह को बनाए रखने के लिए बने भूमिगत कोष्ठ (chamber)।

**termite** **दीमक**

आइसोप्टेरा का पीले रंग का तथा मुलायम शरीर तथा एक-जैसे दोनों जोड़ी पंखों वाला सामाजिक कीट जिसमें अलग-अलग काम करने वाले कई प्रभेद होते हैं। ये लकड़ी, दीवार, जमीन आदि में विशाल सुरंग-रूपी घरों या घोंसलों में रहती हैं और लकड़ी, कागज आदि उपयोगी वस्तुओं को काफ़ी हानि पहुंचाती हैं।

**termitorium** **दीमक गृह**

अनेक कोष्ठों से युक्त ऐसा टीला जिसमें दीमक होती है।

**tertiary period** **तृतीय कल्प**

पृथ्वी के ऐतिहासिक कालक्रम में 6 करोड़ वर्ष से लेकर दस लाख वर्ष पूर्व तक की अवधि जो क्रिटेशस तथा क्वाटर्नरी कल्पों के बीच आती है। इसमें इओसीन से प्लीस्टोसीन तक सभी युग आ जाते हैं। स्तनियों, पक्षियों तथा कीटों की प्रधानता इस अवधि की विशेषता है।

**test cross** **परीक्षार्थ प्रसंकरण**

अप्रभावी समयुग्मी जनक के साथ प्रथम संतति (एफ$_1$) के किसी व्यष्टि का प्रसंकरण। इस विधि से प्रथम संतति के जीनप्ररूप का पता लगाया जाता है।

**test insect** **परीक्षार्थ कीट**

किसी विशेष परीक्षण के लिए चुना गया कीट।

**testis** **वृषण**

नर जननांग जिसमें प्राथमिक जनन-कोशिकाओं से परिपक्व शुक्र-कोशिकाओं का निर्माण होता है।

**tetraploidy** **चतुर्गुणिता**

वह अवस्था जिसमें गुणसूत्रों की अगुणित संख्या की चार गुनी संख्या पायी जाती हो।

**tetrasomy** **चतुःसूत्रता**

वह अवस्था जिसमें किसी गुणसूत्र–समुच्चय में गुणसूत्र के सामान्य जोड़े के स्थान पर चार गुणसूत्र पाए जाते हैं।

**thalamencephalon** **थैलामेनसेफ़ैलान**

कशेरुकियों में अग्रमस्तिष्क का पश्च भाग जिसमें तृतीय निलय (वेन्ट्रिकल) नामक गुहा होती है। इसके पृष्ठतल पर पिनियल काय और अधर तल पर पिट्यूइटरी काय या इन्फन्डीबुलम रहता है।

**thalamus** **चेतक, थैलेमस**

कशेरुकियों में मस्तिष्क के तृतीय निलय (वेन्ट्रिकल) के दोनों ओर अंडाकार गुच्छिका पुंज के रूप में स्थित डाइएनसेफ़ैलान का एक भाग जिससे दर्द की संवेदना का बोध होता है।

**thalassemia** **थैलासीमिया**

सदोष ग्लोबिन जीनों के कारण हीमोग्लोबिन के उत्पादन में दोष जिनके मुख्य प्रकार हैं– (1) एल–थैलासीमिया जिसकी विशिष्टता यह है कि कार्यशील एल–ग्लोबिन पैदा नहीं होता। (2) बी–थैलासीमिया जिसमें कार्यशील बी–ग्लोबिन पैदा नहीं होता। (3) थैलासीमिया माइनर सदोष जीनों के लिए विषमयुग्मजों में मामूली विकार है। (4) थैलासीमिया मेजर में कुछ समयुग्मजों में गंभीर तथा घातक अरक्तता हो जाती है।

**thelyotoky** **अनिषेक स्त्रीजनन**

अनिषेक जनन से विकसित होने वाले ऐसे अंडे (जिनमें अगुणित अथवा द्विगुणित गुणसूत्रों का समुच्चय हो सकता है) जो केवल मादाओं को उत्पन्न करते हैं।

**therapeutic** **चिकित्सीय**

विकारों को दूर करने के लिए दिया जाने वाला उपचार।

**third generation pesticide** **तीसरी पीढ़ी के पीड़कनाशी**

पीड़कों में हॉर्मोनों के प्रभाव के अंतर्गत चल रहे प्राकृतिक प्रक्रमों में हस्तक्षेप करके उनका दमन करने वाले प्राकृतिक अथवा कृत्रिम रसायनों के लिए प्रयुक्त शब्द।

**thorax** **वक्ष**

1. उच्चतर कशेरुकियों में ग्रीवा और उदर के बीच का भाग जिसके अंदर हृदय, फेफड़े आदि सुरक्षित रहते हैं।

2. कीटों में शरीर के तीन प्रमुख भागों में से एक। सिर और उदर के बीच तीन खंडों वाले इस भाग पर तीन जोड़ी टांगें लगी होती हैं।

**threshold** **देहली**

वह सीमा जिस पर जीवित प्राणी अपना महत्व दिखाता है।

**thrips** **रसाद, थ्रिप**

थाइसेनोप्टेरा गण में पाये जाने वाले कीट।

**thrombocyte** **बिम्बाणु, थ्रोम्बोसाइट**

रुधिर में पाए जाने वाले केंद्रकहीन कण या कोशिकाएं जो लाल रुधिर कोशिकाओं से काफी छोटी होती हैं। स्कंदन की क्रिया में इन्हीं कणिकाओं के चारों ओर फाइब्रिन के तंतु बनते हैं। कुछ निम्नतर कशेरुकियों में तर्कुरूपी कोशिकाएं जो रुधिर के स्कंदन में भाग लेती हैं।

**thylakoid** **चिपिटाशय**

सुकेंद्रकी कोशिकाओं के क्लोरोप्लास्टों में एक प्रकाश-संश्लेषी झिल्ली।

**thymus gland** **थाइमस ग्रंथि**

कशेरुकियों में ग्रीवा के अग्र भाग या वक्ष क्षेत्र में स्थित अंतःस्रावी ग्रंथि जो भ्रूण में क्लोम-कोष्ठ या क्लोम-रंध्र से परिवर्धित होती है।

संभवतः प्रतिपिंडों के निर्माण में या प्रतिरक्षा उत्पन्न करने में इसका योगदान होता है।

**thyroid gland** **अवटु ग्रंथि, थाइरॉइड ग्रंथि**

कशेरुकियों के ग्रीवा क्षेत्र में स्थित बड़ी वाहिनीहीन ग्रंथि जो परिवर्धन के दौरान ग्रसनी से मध्य अधर उद्वर्ध के रूप में निकलती है। इससे थाइरॉक्सिन नामक स्राव उत्पन्न होता है जो कशेरुकियों में उपापचयी क्रियाओं को और मेंढ़क में कायांतरण की क्रिया को तीव्र करता है।

**thyroxine** **थाइरॉक्सिन**

थाइरॉइड ग्रंथि से निकलने वाला हार्मोन जो रासायनिक दृष्टि से आयोडीनयुक्त एमीनो ऐसिड होता है और जिसका वृद्धि तथा कायांतरण की क्रियाओं पर विशेष प्रभाव पड़ता है। इसकी कमी से क्रेटिनता (क्रेटिनिज्म) और अधिकता से नेत्रगोलकों का आगे निकल आना आदि रोग हो सकते हैं।

**Thysanoptera** **थइसैनोप्टेरा**

छोटे या सूक्ष्म तनु-शरीरी कीट जिनकी शृंगिकाएं छोटी और 6 से 10 खंडीय होती हैं। असममितत; वेधी मुखांग; अग्रवक्ष सुपरिवर्धित और असंयुक्त; गुल्फ अंतस्थ बहिःसारी आशय (protrusible vesicle) वाले; पंख बहुत संकीर्ण जिनका शिराविन्यास अत्यधिक लघुकृत होता है और सीमांत शूक (setae) लंबे होते हैं। कायांतरण एक या दो निष्क्रिय कोशित निर्मोकरूप (instar) वाला होता है। उदा.–थ्रिप।

**Thysanura** **थाइसैन्यूरा**

ऐसे अपंखी कीट जिनके बहिःसृत हनु (ictognathous) मुखांग आदंश के लिए अनुकूलित होते हैं। संयुक्त नेत्र होते हैं या नहीं भी होते। पार्श्वीय शूकाकार (styliform) अग्रजनन उपांगों (pregenital appendages) वाला ग्यारह-खंडीय उदर; एक जोड़ी बहुखंडीय लूम; वातक तंत्र (tracheal system) और मैलपीगी नलिकाएं होती हैं। उदा.–शूक-पुच्छ (bristle tail)।

**tibia** — **अंतर्जंघिका, टिबिया**

1. कशेरुकियों की टांग में घुटने और टखने के बीच वाली भीतरी बड़ी अस्थि।

2. कीटों की टांग में आधार से चौथा खंड।

**ticks** — **किलनी, कुटकी**

एक छोटा संधिपाद जिसमें दो कायखंड और आठ संधित टांगें होती हैं किन्तु शृंगिकाएं और पंख नहीं होते। इस समूह के प्रायः सभी प्राणी परजीवी तथा रक्त चूसने वाले होते हैं। ये कुत्तों, गायों और अन्य जानवरों पर चिपके रहते हैं।

**tiger beetle** — **व्याघ्र भृंग**

चमकीले रंग का परभक्षी भृंग जो कोलियोप्टेरा गण के कुल निकेनोएलडिया के अंतर्गत आता है।

**tissue culture** — **ऊतक संवर्धन**

प्रयोगशाला की नियंत्रित परिस्थितियों के अंतर्गत कोशिका तथा ऊतक वर्धन की तकनीक।

**tissue** — **ऊतक**

समान कार्य करने के लिए समान कोशिकाओं का समूह। शरीर में संयोजी ऊतक, तंत्रिका ऊतक, पेशी ऊतक आदि कई प्रकार के ऊतक होते हैं जिनका अलग-अलग कार्य होता है।

**titillator** — **टिटीलेटर, लिगाग्रिकांत**

लिंगाग्रिका के अंत्य प्रवर्ध।

**tolerance (immunological)** — **सह्यता (प्रतिरक्षात्मक)**

किसी प्रतिजन से पूर्व प्रभावन हो जाने के फलस्वरूप उसके प्रति विशिष्ट प्रतिरक्षात्मक अनुक्रिया का अभाव। अन्य परिस्थितियों में प्रतिरक्षा अनुक्रिया सामान्य होती है।

**tolerance level (tolerance limit)** — **सह्य स्तर (सह्यता सीमा)**

'पी.पी.एम.' में अभिव्यक्त, कीटनाशी अवशेष की अनुमत सांद्रता।

**tonofibrillae** **तान तंतुक**

उपत्वचीय तंतुक जो पेशीय तंतुओं को उपत्वचा की भीतरी सतह से जोड़ते हैं।

**tonoplast** **तानलवक, टोनोप्लास्ट**

पादप कोशिकाओं के केंद्रीय वैकुओल की परिसीमा बनाने वाली झिल्ली।

**tormogen cell** **अवटजन कोशिका, टॉर्मोजन कोशिका**

शूक से संबद्ध बहिःचर्म-कोशिका जो शूक कला अथवा गर्तिका बनाती है।

**tortoise beetle** **कच्छप भृंग**

एक छोटा चमकीला क्राइसोमेलिड भृंग जो कोलियोप्टेरा गण के उपकुल–कैसिडिनी के अंतर्गत आता है। भृंग के वक्ष पर लगे पक्षों के खोल चपटे होते हैं और उनमें सिर तथा पैरों के बड़े भाग को ढकने की प्रवृत्ति होती है।

**total parasite** **पूर्ण परजीवी**

एक ऐसा परजीवी जो भोजन, वृद्धि और परिवर्धन के लिए अपना पूर्ण जीवन एक ही परपोषी पर व्यतीत करता है।

**totipotency** **पूर्णशक्तता**

पूर्ण जीव के रूप में गुणित और विभेदित होने की कोशिकीय क्षमता।

**toxemia** **आविषरक्तता**

आविषों के फैलने से रक्त में उत्पन्न विषैला प्रभाव।

**toxic** **आविषालु**

मुखीय, संपर्क, धूमन या सर्वांगी रूप में प्राणियों के लिए हानिकारक पदार्थ।

**toxicant** **आविषाक्त**

वह रसायन जो जीव में आविषालुता उत्पन्न करता है।

**toxication** **आविषीकरण**

आविषालुता प्रेरित करने का प्रक्रम।

**toxicity** **आविषालुता**

पदार्थ की ऐसी प्राकृतिक क्षमता जिससे क्षति होती है और जिसका मापन परीक्षणाधीन प्राणियों पर मौखिक, त्वचीय और अंतःश्वसन क्रियाओं द्वारा किया जाता है।

**toxicology** **आविषविज्ञान**

जीवों के भौतिक, शरीरक्रियात्मक अथवा जैव रासायनिक परिवर्तनों के संबंध में आविषों अथवा आविषालु पदार्थों (कीटनाशियों, पीड़कनाशियों आदि) का सुव्यवस्थित अध्ययन।

**toxigenicity** **आविषजनत्व**

आविष उत्पन्न करने की क्षमता।

**toxin** **आविष**

जीवों द्वारा उत्पन्न एक कार्बनिक विषाक्त स्राव।

**trachea** **श्वासनली, वातक**

1. हवा में सांस लेने वाले कशेरुकियों में घांटी (ग्लोटिस) से फेफड़ों में खुलने वाली नली, जिसके द्वारा वायु आती-जाती है।

2. संधिपाद प्राणियों में छोटी विशाखित नलिकाएं जो श्वास-रंध्र से वायु को ऊतकों तक ले जाती हैं।

**tracheal gill** **वातक क्लोम**

काय-भित्ति की बहिर्वृद्धि से बने श्वसन अंग जिसमें श्वसन नलिकाएं होती हैं।

**tracheole** **श्वासनलिका, लघुवातक**

वातक तंत्र की सूख्म अंत्यनलिकाएं जो वातक उपकला की एकल कोशिकाओं से उत्पन्न होती हैं और अक्सर आधात्री कोशिकाओं के अंगुल्याकार विस्तारों में शाखित बन जाती है।

**trail following** **पथ चिह्न अनुगमन**

एक कीट का दूसरे कीट के पीछे चलना। पथचिह्न फ़ीरोमोन के प्रभाव के कारण पूरे निवह में निकटता और सामाजिक एकीकरण बना रहता है। पथचिह्न फीरोमोन अधिकांश रूप से अन्य फ़ीरोमोनों की तरह बहुघटकीय फीरोमोन होते हैं।

**transcription** **अनुलेखन**

प्रोटीन संश्लेषण का पहला चरण जिसमें डी.एन.ए. रुपदा पर आनुवंशिक संदेश (दूत आर.एन.ए.) संश्लेषित होता है।

**transduction** **पारक्रमण**

विभोजी द्वारा एक जीवाणु से दूसरे जीवाणु में किसी जीवाणु–जीन का स्थानांतरण।

**transfer RNA (tRNA)** **अंतरण आर.एन.ए. (टी-आर.एन.ए.)**

कोशिकाओं में पाया जाने वाला ऐसा आर.एन.ए. अणु, जो प्रोटीन संश्लेषण के दौरान कोशिका द्रव्य में मौजूद ऐमीनो अम्लों को अभिनिर्धारित अनुक्रम के अनुसार राइबोसोम पर ले जाता है।

**transformation** **रूपांतरण**

अनावृत डी.एन.ए. के उपयोग द्वारा कोशिका में नये जीनों का समावेश।

**translation** **अनुवाद**

वह प्रक्रम जिसमें दूत–आर.एन.ए. (mRNA) के न्यूक्लिओटाइड अनुक्रम में स्थित आनुवंशिक कोड के अनुसार प्रोटीन संश्लेषित करने के लिए ऐमीनो अम्लों को एक विशिष्ट क्रम से, पॉलीपेप्टाइड शृंखला के रूप में आबद्ध किया जाता है। इस प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऐमीनों अम्लों की पहचान विशिष्ट अंतरण आर.एन.ए. द्वारा की जाती है जो उन्हें ले जाकर राइबोसोम पर लगे दूत आर.एन.ए. से जोड़ देते हैं।

**translocated pesticide** **स्थानांतरित पीड़कनाशी**

ऐसा पीड़कनाशी जो प्रवेश-स्थान से पादप या प्राणी में फैल जाता है। सर्वांगी पीड़कनाशी में स्थानांतरण का गुण होता है।

**translocation** **स्थानांतरण**

गुणसूत्र का स्थान परिवर्तन जैसे:– एक पुनर्विन्यास जिसमें (1) गुणसूत्र के एक भाग का टूट कर अलग हो जाना और फिर किसी दूसरे गुणसूत्र के साथ जुड़ जाना। (2) संजीन में मूल प्रतिरूप से भिन्न किसी अन्य स्थान पर एक नये प्रतिरूप का प्रकट हो जाना। (3) राइबोसोम का स्थान परिवर्तन जैसे– पॉलिपेप्टाइड श्रृंखला में प्रत्येक ऐमीनो अम्ल मिल जाने के बाद एम.–आर.एन.ए. के साथ–साथ कोडॉन पर राइबोसोम की गति। (4) प्रोटीन का स्थान परिवर्तन झिल्ली के पार प्रोटीन की गति।

**transovarial** **पार-अंडाशयी**

कीटों में अंडे द्वारा सहजीवी सूक्ष्मजीवों का एक संतति से दूसरी संतति में संचरण।

**transport protein** **अभिगमन प्रोटीन**

समाकल झिल्ली प्रोटीन जो झिल्ली के पार अमीनो अम्लों, ग्लूकोज़ तथा अविसारी ऑयनों की गतियों की मध्यस्थता करता है।

**transverse process** **अनुप्रस्थ प्रवर्ध**

चतुष्पाद कशेरुकियों में कशेरुक के तंत्रिका-चाप के दोनों तरफ निकलने वाला प्रवर्ध।

**transverse** **अनुप्रस्थ**

बीच या आर–पार की संरचना, अंग, काट या दृश्य के लिए प्रयुक्त।

**trap** **पाश (ट्रैप)**

सामान्यतः इसका उपयोग पीड़कों की जातियों की वास्तविक उपस्थिति का पता लगाने के लिए किया जाता है। इसके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं: **1.** ***प्रकाश पाश*** – जो रात में उड़ने वाले कीटों (कई तरह के शलभों और मच्छरों आदि) को अपनी ओर आकृष्ट करते हैं। **2** ***चिपचिपा पाश*** – जिसका उपयोग फलोद्यानों और खेतों में शिशु-कीटों की संख्या का आकलन करने के लिए किया जाता है। **3.** ***फीरोमोन पाश*** – जिसका उपयोग कीटों की पारस्परिक संचार-व्यवस्था में सहायक, विपरीत-लिंगी कीटों को

आकर्षित करने वाली घ्राण शक्ति के उत्तेजक रसायनों के रूप में होता है जिससे कीटों की संख्या का ज्ञान हो सके अथवा उन्हें फांसकर मारा जा सके। इसके अतिरिक्त पीड़कों को फांसने के लिए खाद्य पदार्थों का भी उपयोग होता है।

**Trematoda** **ट्रिमैटोडा**

प्लेटीहेल्मिन्थीज या चपटे कृमियों का एक वर्ग। परजीविता, कड़ी उपत्वचा, दो चूषक, शाखित आहारनाल, उभयलिंगता और जटिल जीवन-चक्र इनके प्रमुख लक्षण हैं।

**trenching** **खाई खोदना**

खाई खोदकर टिड्डे, टिड्डियों के शिशुओं अथवा अन्य कीटों को पिंजरित करने की विधि।

**Triassic period** **ट्राइएसिक कल्प**

पृथ्वी के ऐतिहासिक कालक्रम में अनुमानतः 20 करोड़ वर्ष से लेकर 15 करोड़ वर्ष पूर्व तक की अवधि जो पर्मिएन के बाद और जुरासिक के पहले आती है। सरीसृपों की प्रधानता तथा सर्वप्रथम स्तनियों का उद्‌भव इस कल्प की विशेषता है।

**trichogen** **शूकजन**

वह अधिचर्मी कोशिका जो कीट के शरीर अथवा पक्ष पर क्यूटिकलीय रोम, शूक या शल्क उत्पन्न करती है।

**Trichoptera** **ट्रिकोप्टेरा**

छोटे से लेकर साधारण आकार के शलभ जैसे कीट जिनकी श्रृंगिकाएं शूकमय होती हैं। चिबुक अवशेषी या नहीं; जंभिकाएं एक पालि और लंबे स्पर्शक (palp) वाली; अधरोष्ठ (labium) मध्य ग्लोसा, और सुपरिवर्धित स्पर्शक वाले पंख झिल्लीमय लगभग रोमयुक्त और विश्रामावस्था में पृष्ठ पर छत जैसी स्थिति में होते हैं। अग्रपंख दीर्घ; पश्च पंख अधिक चौड़े और वलयित गुद क्षेत्र वाले; गुल्फ पांच-खंडीय; डिंभक जलीय, कुछ-कुछ क्रॉसरूपी और सामान्यतः कोश में रहते हैं। शरीर के अंत में अंकुशयुक्त पुच्छ-उपांग; कोशित अबद्ध और मजबूत चिबुक वाले; वातकन्यास लघुकृत होते हैं। उदा.—चेल मक्षियां।

**tricuspid valve** **त्रिवलन-कपाट**

स्तनियों के हृदय में दाहिने अलिंद और दाहिने निलय के बीच का कपाट, जिसमें तीन वलन या पट होते हैं।

**triploblastic** **त्रिकोरकी**

ऐसे प्राणियों के लिए प्रयुक्त जिनमें तीन आद्य भ्रूणीय स्तर, एक्टोडर्म, मेसोडर्म और एन्डोडर्म होते हैं। प्रोटोजोआ, पोरीफ़ेरा तथा सीलेन्टेरेटा संघ को छोड़कर शेष सभी प्राणी इसी प्रकार के होते हैं।

**triploidy** **त्रिगुणिता**

गुणसूत्रों की अगुणित संख्या का तिगुनी संख्या में मौजूद होना।

**trisomy** **त्रिसूत्रता**

गुणसूत्र में साधारण जोड़े के स्थान पर तीन गुणसूत्रों के होने की अवस्था; जैसे—21वें गुणसूत्र अथवा डाउन संलक्षण में।

**tritrophic interaction** **त्रिपोषी पारस्परिक क्रिया**

शाकभक्षी और उनके परपोषी पादपों तथा शाकभक्षी और उनके प्राकृतिक शत्रुओं के बीच होने वाली पारस्परिक क्रियाएं। यह विभिन्न सूचना स्रोतों से उत्पन्न अनुक्रियाओं का एक अनुक्रम है जो घूमते प्राणी को उसके विभवीय शिकार के अधिकाधिक निकट लाता है। इसमें रासायनिक सूचना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पादपीय वाष्पशील घटक खोज-संबंधी व्यवहार की मध्यस्थता करता है विशेषकर लंबी दूरी पर जब कि शाकभक्षी से व्युत्पन्न रसायनों का महत्व शिकार से दूरी कम होने के साथ-साथ बढ़ता है।

**trochanter** **ट्रोकैंटर, शिखरक**

कीटपाद का प्रायः दूसरा खंड जो दो संधिकठकों के जुड़ने से बना होता है। कुछ परिस्थितियों, (जैसे ओडोनेटा गण) में घटकीय खंडों के बीच विभाजन स्पष्ट दिखाई देते हैं।

**trochantin** **संधिकठक**

आदिम कक्षांग–पार्श्वकांश के अग्रभाग से निकला हुआ वक्षीय पार्श्वक का अग्रकक्षांग कठक जो सामान्यतः कक्षांग के आगे की

कोर से अधरतल द्वारा जुड़ा होता है और पाद की पृष्ठक वर्धक पेशी को जुड़ने का आधार प्रदान करता है।

**trophocyte** **पोषकाणु**

अंडाशय या वृषण की पोषक या धात्री कोशिकाएं।

**trophozoite** **पोषाणु**

बीजाणु उत्पन्न करने वाले परजीवी प्रोटोजोआ प्राणियों में वर्धनशील या अशन अवस्था।

**tropism** **अनुवर्तन**

किसी उद्दीपन के प्रति प्राणी या अंग की अनुक्रिया के फलस्वरूप होने वाला दिशा परिवर्तन, वक्रण या अभिविन्यास।

**true breeding** **तद्रुप प्रजनन**
**breeding true**
जनकों (माता–पिता) के समान लक्षणप्ररूप (फीनोटाइप) वाली संतति का उत्पन्न होना।

**trunk** **धड़, प्रकांड**

किसी संधिपाद (ऑर्थ्रोपोडा) के शरीर खंडों का संपूर्ण क्रम जिसमें शीर्ष, वक्षीय और उदरीय खंड शामिल हैं।

**tumour cell** **अर्बुद कोशिका**

आनुवंशिकतः परिवर्तित ऐसी कोशिका, जिसमें कोशिका विभाजन "अनियंत्रित" हो जाने के कारण उसमें असीमित संख्या वृद्धि होती जाती है।

**tunicate** **ट्यूनिकेट, कंचुकी**

ट्यूनिकेटा या यूरोकॉर्डेटा का सामान्य प्राणी। खंडहीन शरीर, कंकाल का अभाव, डिंभक के पृष्ठ क्षेत्र में पृष्ठरज्जु की उपस्थिति, प्रौढ़ में छिद्रिल ग्रसनी या क्लोमकक्ष, इनकी विशेषताएं हैं।

**Turbellaria** **टर्बेलेरिया**

चपटे कृमियों का एक वर्ग जिसके सभी सदस्य जलीय तथा मुक्तप्लावी होते हैं। पक्ष्माभी अधिचर्म, सरल या विशाखित थैली के रूप में आंत्र का होना और चूषकों का अभाव इनके प्रमुख लक्षण हैं।

**Turner's syndrome (gonadal dysgenesis)** **टर्नर संलक्षण**

ऐसी स्त्री जिसमें एक्स.ओ. गुणसूत्र संरचना होती है (44 अलिंगसूत्र और एक एकल लिंगसूत्र)। ऐसी स्त्रियाँ छोटे कद वाली, छोटी गर्दन वाली होती हैं और उनमें कोई द्वितीयक लैंगिक लक्षण नहीं दिखाई देता।

**tusk** **रद**

हाथियों तथा कुछ अन्य प्राणियों में दोनों ऊपरी कृंतकों के काफी बढ़ जाने से मुंह के बाहर निकले हुए दो दांत जो सुरक्षा आदि के काम आते हैं।

**tympanal organ** **ध्वनि पटहांग**

कर्णपटह नामक पतली क्यूटिकुलीय झिल्ली से निर्मित युगल संरचना जो वातक वायुकोश तथा ध्वनिग्राही संवेदिका से संबद्ध होती है।

**tympanum** **कर्णपटह**

1. कशेरुकियों में बाह्य कर्ण और आंतरिक कर्ण के बीच की गुहा जिसे मध्य कर्ण कहते हैं। अक्सर इस शब्द का प्रयोग उस अनुनादी झिल्ली के लिए भी किया जाता है जो मध्य कर्ण को बाह्य कर्ण से अलग करती है।

2. कीट के टिबिया, पश्च वक्ष या उदर पर श्रवण-अंग की झिल्ली।

3. टेट्राओनिनी तित्तिरि कुल के कुछ सदस्यों की गर्दन पर स्थित फूलने वाला वायु-कोश।

**tyndall blue** **टिंडल नील**

कुछ व्याध पतंगों (ड्रेगन फ्लाई) में अधिवर्म कोशिकाओं की कोलॉइडी–आकार की कोशिकाओं द्वारा नीले रंग का बनना।

**type locality** **प्ररूप स्थान**

वह स्थान जहाँ नाम प्ररूप, चयन-प्ररूप अथवा नवप्ररूप का संग्रह किया गया था।

**type species** **प्ररूप जाति**

वह जाति जो किसी वंश के लक्षणों का सर्वोत्तम उदाहरण मानी जाए।

**type** **प्ररूप**

1. प्राणि की वह विशिष्टता जो वर्गक के नामकरण का आधार होती है।

2. आकरिकी में, किसी उच्च वर्गक का वह सामान्यीकृत आद्यप्ररूप जिसके आधार पर उसमें पाई जाने वाली समस्त रचनात्मक विभिन्नताओं की व्युत्पत्ति संभव हो।

**typhlosole** **आंत्रवलन**

कई अकशेरुकियों में आंत्र की पृष्ठ भित्ति से लगा हुआ अनुदैर्घ्य वलन जिससे पाचन तथा अवशोषण की सतह बढ़ जाती है।

**typical** **प्रारूपिक, प्ररूपी**

ऐसा प्रतिदर्श, नमूना या उदाहरण जिसमें संबंधित जीनस, स्पीशीज या संरचना के विशिष्ट लक्षण मौजूद हों।

**typological thinking** **प्ररूपविज्ञानीय विवेचन**

वह संकल्पना जिसमें विभिन्नता को न मानकर समष्टि के सदस्यों को 'प्ररूप' की प्रतिकृतियों के रूप में माना जाता है।

# U

**ulna** **अंतःप्रकोष्ठिका, अल्ना**

कशेरुकियों में अग्रबाहु की भीतरी या अक्षपश्चीय (छोटी अंगुलि की ओर स्थित) हड्डी जो बहिःप्रकोष्ठिका के समांतर चलती है और कई प्राणियों में उससे जुड़ी होती है।

**ultracentrifugation** **द्रुतअपकेंद्रण**

किसी निलंबन अथवा विलयन का एक अक्ष के चारों ओर बहुत तेज चाल (500,000 जी अथवा अधिक) से घूर्णन करना। इस प्रक्रिया में कण जिस चाल से अक्ष की ओर जाते हैं वह कणों के अणुओं की आकृति और आकार पर निर्भर है। इस प्रकार ये कण विभिन्न स्थानों पर पट्टतः व्यवस्थित हो जाते हैं। जैव अणुओं को अलग–अलग करने की यह सर्वाधिक उपयोगी विधि है।

**umbilical cord** **नाभि रज्जु**

संवहनी रज्जु जो स्तनियों में गर्भस्थ भ्रूण को अपरा (प्लैसेन्टा) से जोड़ती है। इसमें भ्रूण से अपरा तक लाने-ले जाने के लिए रुधिर-वाहिकाएं होती हैं।

**umbilicus** **1. नाभि 2. पिच्छछिद्र**

1. स्तनियों में उदर के मध्य भाग पर नाभि-रज्जु के जुड़ने के स्थल पर बना गर्त अथवा प्राणियों में ऐसी ही कोई संरचना।

2. पक्षियों में पंख पिच्छ के खोखले स्तंभ के प्रत्येक ओर स्थित छोटा रंध्र।

**uncus** **अंकस**

शल्कपंखी कीटों की गुदा पर दसवें उदरीय पृष्ठक का प्रवर्ध।

**undulating membrane** — **तरंगित कला, तरंगित झिल्ली**

कुछ पक्ष्माभी प्रोटोजोआ प्राणियों की कोशिका-ग्रसनी में जीव-द्रव्य की पक्ष्माभयुक्त झिल्ली जो अशन या संचलन में सहायक होती है, जैसे *पैरामीशियम* में। कुछ कशाभी प्रोटोजोआ प्राणियों में शरीर और कशाभ के बीच की झिल्ली, जैसे *ट्रिपैनोसोम* में।

**ungue** — **खुर**

गुल्फिका-पूर्वी नखर।

**unguifer** — **नखधर**

गुल्फ के अंतिम छोर पर स्थित मध्यपृष्ठीय प्रवर्ध जिससे गुल्फिकापूर्वी नखर संधित होते हैं।

**unguis** — **नखर**

कीटों के पाद के पार्श्व नखर जो अंगुलिपादांश से विकसित होते हैं। अनेक संधिपादों में इन्हें गुल्फ-नखर भी कहते हैं।

**unguitractor plate** — **नखराकुंचक पट्ट**

अग्रगुल्फ के आधार पर स्थित अधर कठक, जिस पर अग्र गुल्फ की अवनमनी पेशियां या नखर आकुंचक, एक लंबे कंडरामय आंतरवर्ध के रूप में लगे होते हैं।

**Ungulata** — **अंगूलेटा**

खुरधारी स्तनियों का गण, जैसे गाय-बैल, भेड़।

**unguligrade** — **खुरचारी**

पूरे पैर को जमीन पर न रखकर केवल अंगुलियों के सिरों पर बने खुरों पर चलने वाले प्राणी।

**unicellular** — **एककोशिक**

ऐसे प्राणी जिनका पूरा शरीर केवल एक ही कोशिका का बना होता है। उदा. **अमीबा।**

**unineme** **एकप्रसूत्र**

ऐसा गुणसूत्र जिसका द्विगुणन न हुआ हो–अर्थात् डी.एन.ए. प्रतिकृति की एस–प्रावस्था से पहले का गुणसूत्र।

**uniport** **एकलगमन**

वाहक प्रोटीन के माध्यम से एक ही प्रकार के अणुओं (विलेयों) का जैव झिल्ली के पार अभिगमन।

**univoltine** **एकप्रज**

वह कीट या जीव जिसकी एक वर्ष में एक ही संतति (शावता) होती है।

**unstriated muscle** **अरेखित पेशी**

लंबी नुकीली अथवा तर्कु जैसी कोशिकाओं से बनी अनैच्छिक पेशी जो मुख्यतः आहार नाल जैसे खोखले अंतरंगों की दीवारों में पाई जाती है जहां अनैच्छिक गति होती है।

**uracil** **यूरेसिल**

2,4 डाइऑक्सी पिरिमिडीन क्षारक, जो आर.एन.ए. रज्जुकों में यूरिडीन फॉस्फेट न्यूक्लिओटाइडों के रूप में पाया जाता है।

**urate cell** **यूरेट कोशिका**

कुछ कीटों के वसा-पिंडकों में पायी जाने वाली एक प्रकार की कोशिका जो रुधिर-लसीका में से नाइट्रोजनयुक्त त्याज्य पदार्थ को अवशोषित करती है और भंडारण के लिए यूरिक अम्ल या यूरेट का संश्लेषण करती है।

**ureter** **मूत्रवाहिनी**

वृक्क से मूत्र ले जाने वाली नलिकाएं। कशेरुकियों में प्रायः इसका प्रयोग उस नलिका के लिए किया जाता है जो वृक्क से मूत्राशय को जाती है।

**urethra** **मूत्रमार्ग**

स्तनियों में मूत्राशय से शरीर के बाहर तक जाने वाली वाहिनी।

**uriniferous** **मूत्रजन नलिका**

वृक्क में पाई जाने वाली काफी लंबी, पतली तथा मुड़ी-लिपटी नलिकाएं। प्रत्येक नलिका मैलपीगी काय से प्रारंभ होती हुई केशिकागुच्छ निस्यंद (ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेट) को मूत्रवाहिनी की ओर ले जाती है।

**urinogenital system** **जननमूत्र तंत्र**

मूत्र और जनन से संबद्ध अंगों का समूह, विशेषकर जबकि उनमें सीधा क्रियात्मक संबंध हो।

**Urochordata** **यूरोकोर्डेटा**

समुद्री रज्जुक प्राणियों (कार्डेटों) का एक समूह जिसमें ऐसीडियन आते हैं। वयस्क में पृष्ठ रज्जु का न होना, पक्ष्माभी धाराओं द्वारा अशन, क्लोम-छिद्रों का न होना तथा अपेक्षाकृत अल्पविकसित तंत्रिका-तंत्र इनके प्रमुख लक्षण हैं। उदा. **हर्डमानिया**।

**uropygium** **पश्चांतकूट, यूरोपाइजियम**

पक्षियों में धड़ के अंत में स्थित कूबड़ जैसी उभरी संरचना जिसमें कई पुच्छ-कशेरुक होते हैं। इसमें पुच्छ-पिच्छ लगे होते हैं।

**urostyle** **पुच्छदंड, यूरोस्टाइल**

कुछ उभयचरों में लंबी छड़-जैसी हड्डी जो कई पुच्छ-कशेरुक के जुड़ जाने से बनती है।

**uterus** **गर्भाशय**

अंडवाहिनी का फूला हुआ अंतिम भाग जिसमें एक या अनेक अंडे या भ्रूण स्थित होते हैं। स्तनियों तथा अन्य अपरा रखने वाले प्राणियों में यहां भ्रूण का परिवर्धन होता है।

**utriculus** **दृति**

कशेरुकियों के कान में कला-लैबिरिंथ का थैली–जैसा भाग जिसमें तीनों अर्धवृत्ताकर नलिकाएं खुलती हैं।

**uvula** **अधिजिह्वा, यूवुला**

स्तनियों में कोमल तालु के पश्च भाग से लटकने वाला संवेदी मांसल प्रवर्ध।

**uzifly** **यूजीमक्षी**

टेकेनिडी कुल के अंतर्गत द्विपंखी मक्खी *एक्कजोरिस्टा सॉर्बिलेन्स* जो रेशम उत्पादक कीटों (लेपिडोप्टेरा) की खूंखार शत्रु है। यह घरेलू मक्खी के समान पर कुछ बड़ी होती है। इसके अपादक रेशक कीट की चारों मुख्य जातियों—मूंगा, इरी, ओकस्टर और शहतूत रेशम कीट के परजीव्याभ हैं।

# V

**vacuole** — **रसधानी, वैकुओल**

कई जीवधारियों में कोशिकाद्रव्य के अन्दर झिल्ली से घिरा अवकाश अथवा अंगक जिसमें तरल या भोजन आदि के कण हो सकते हैं। प्रोटोजोआ प्राणियों में ये विशेष रूप से देखने में आती हैं और अशन तथा परासरण नियमन की क्रियाओं में योगदान देती हैं। उदा. संकुचनशील धानी, खाद्य धानी आदि।

**vagina** — **योनि**

मादा प्राणियों में जनन कक्ष से निकलता अंडमार्ग का एक भाग जो युक्त-अंडवाहिनी के पीछे होता है। स्तनियों में गर्भाशय से भग तक जाने वाली जनन-नाल।

**vagina** — **योनि**

गर्भाशय से भग तक क्यूटिकल द्वारा आस्तरित नाल।

**vagus nerve** — **वेगस तंत्रिका**

कशेरुकियों की दसवीं कपालीय तंत्रिका जो मध्यांश (मेड्युला) की पृष्ठ-पार्श्व भित्ति में कई मूलों से मिलकर बनती है।

**valid name** — **मान्य नाम**

ऐसा उपलब्ध नाम जो पहले से ही किसी पूर्ववर्ती मान्य सहनाम अथवा समनाम के लिए स्थिर नहीं किया गया हो।

**valve** — **कपाट, वाल्व**

1. झिल्लीदार वलनों वाली संरचना जो किसी वाहिका, नली या छिद्र से तरल को केवल एक ही ओर जाने देती है; जैसे अलिंद-निलय कपाट।

2. मोलस्का, ब्रैकियोपोडा तथा क्रस्टेशिया वर्ग के कुछ प्राणियों का कवच।

**valvifer** **पुटधर, कपाटधर**

अंडनिक्षेपक की आधार पट्टिकाएं जो संभवत जनन पदों के कक्ष पादांश से व्युत्पन्न होती हैं तथा प्रकठक (valvalae) का वहन करती है।

**valvulae** **प्रकठक**

प्रवर्धों के तीन जोड़े जो अंडनिक्षेपक की परिच्छादक (ensheathing) पालियों तथा फलकों का निर्माण करते हैं। पहली और दूसरी कपाटिकाएं जननपादों के युग्मनप्रवर्ध के रूप में होती हैं और तीसरी कपाटिका नौवें उदर खंड के कक्षपादांश की दूरस्थ उद्वर्ध होती हैं।

**vane** **पिच्छ-फलक**

पर का चपटा भाग जिसमें अंकुशों से जुड़े हुए अनेक पिच्छक और पिच्छिकाएं होती हैं।

**vannal fold (plica vannalus)** **पंखाभिक वलिक**

किसी कीट के पक्ष के पंखाभिक क्षेत्र और रेमीजियम के बीच का वलन या वलन की अरीय रेखा; अथवा सामान्यतः अंतः प्रकोष्ठिक क्षेत्र तथा प्रथम पंखाभिक शिरा के बीच में मिलने वाली वलन की रेखा जिसकी स्थिति परिवर्तनशील होती है।

**vannal vein** **पंखाभिक शिरा**

पंख के पंखाभिक (वैनस) क्षेत्र की वे शिराएं जो अपने आधारों द्वारा तीसरे कक्षीय–कठक से जुड़ी रहती है।

**vannus** **वैनस, पंखाभिका**

पंख का पंखाभिक शिराओं या तीसरे कक्षीय कठक से सीधे जुड़ी हुई शिराओं वाला भाग। यदि यह भाग बढ़ जाता है तो पंखाकार क्षेत्र बनाने के बाद पंखाभिक वलिक द्वारा रेमिजियम से अलग हो जाता है।

**variable gene** — **परिवर्ती जीन**

इम्यूनोग्लोबुलिन शृंखला के परिवर्ती प्रक्षेत्र के मुख्य भाग के लिए कूट लेखन का अनुक्रमण

**variant** — **परिवर्त**

मूल से भिन्न परिवर्तित रूप।

**variation** — **विभिन्नता**

एक ही जाति के जीवों में भिन्न संरचनात्मक तथा कार्यिकीय लक्षणों का पाया जाना जो जीनों की संरचना में परिवर्तन या पुनः-संयोजन हो जाने के फलस्वरूप प्रकट होते हैं या फिर परिवर्धन काल में भिन्न वातावरण के प्रभाव के कारण उत्पन्न होते हैं।

**variegation** — **शबलता**

कायिक परिवर्धन के दौरान जीन–प्ररूप में परिवर्तन के द्वारा लक्षणप्ररूप में उत्पन्न वर्णकता की अनियमितता, जो प्रायः पादपों में क्लोरोप्लास्ट के विभेदी वितरण के कारण होती है।

**vas deferens** — **शुक्र-वाहक**

नर जनन-तंत्र की पार्श्व-वाहिनियों में से एक वाहिनी जो शुक्राणुओं को वृषण से बाहर ले जाती है।

**vas efferens** — **शुक्रवाहिका**

वे अनेक छोटी-छोटी नलिकाएं जिनके द्वारा शुक्राणु वृषण से अधिवृषण (एपिडिडिमिस) या शुक्रवाहक में पहुंचते हैं।

**vector density** — **रोगवाहक घनत्व**

एक निश्चित समय में प्रति एकक क्षेत्र/स्थान में उपस्थित रोगवाहकों की संख्या।

**vector** — **1. रोगवाहक 2. वेक्टर**

1. वह प्राणी जो रोग के प्रसरण या संरोपण अथवा दोनों का कर्मक होता है। उदा.–एफिड, श्वेत मक्खी, फुदका (लीफ हॉपर) और कुछ सूत्रकृमि।

2. कोई प्लाज्मिड या विभोजी, जिसका प्रयोग प्रोटीन उत्पाद बनाने के उद्देश्य से निविष्ट विजातीय डी.एन.ए. के संवहन के लिए किया जाता है।

**vegetal pole** **अल्पक्रिय ध्रुव**

अंडे में अर्धसूत्री (मीयोटिक) विभाजनों की दिशा के विपरीत सिरे का ध्रुव।

(वि. animal pole सक्रिय ध्रुव)

**veiled cell** **गुंठिका कोशिका**

बड़े आकार की और प्रवर्धों वाली कोशिका; विशेष रूप से ये प्रतिजन से आस्तरित होने के बाद अभिवाही लसीका में पायी जाती हैं। ये परिधीय द्रुमाकृतिक कोशिकाओं (जैसे लैंगरहेन्स कोशिकाओं) और द्रुमाकृतिक ऊतकों (जैसे अंतरांगुलीयनी कोशिकाओं) के बीच की अवस्था प्रदर्शित करती हैं।

**vein** **शिरा**

1. शरीर के विभिन्न अंगों से रुधिर को हृदय की ओर ले जाने वाली नलिकाकार वाहिका।
2. कीटों में पंखों की रेखीय खोखली संरचनाएं जिनके भीतर प्रायः रक्त, वातक और तंत्रिकाएं होती हैं।

**velum** **वीलम, विच्छद**

कई प्रकार की झिल्लीमय संरचनाएं; जैसे एम्फ़िओक्सस के मुख में पाई जाने वाली छल्ले जैसी झिल्ली।

**vena arcuata** **वेना आर्कुएटा, चापीय शिरा**

पंख की प्रथम जुगल शिरा।

**vena cardinalis** **वेना कार्डिनेलिस**

पंख की द्वितीय जुगल शिरा जो प्रायः चापीय शिरा की आधारी शाखा के समान लगती है।

**vena dividens** **विभाजक शिरा, वेना डिविडेन्स**

कुछ ऑर्थोप्टेरा कीटों में रेमिजियम और पंखाभिका (वैनस) के मध्य वलन में उपस्थित द्वितीयक शिरा।

**venation** **शिरा-विन्यास**

कीट के पंख में शिराओं की क्रम-व्यवस्था जो जाति की पहचान का एक साधन होती है।

**venom** **जीविष (जीवविष)**

सांप, बिच्छू, मधुमक्खी आदि कुछ प्राणियों के शरीर में उत्पन्न होने वाला विषैला पदार्थ जिसका उपयोग प्राणी अपनी सुरक्षा या शिकार को मारने के लिए करता है।

**ventral aorta** **अधर महाधमनी**

मछलियों और निम्नतर कशेरुकियों की प्रमुख धमनी, जिसके द्वारा हृदय के निलय-कक्ष से रक्त क्लोम में जाता है। इससे कई महाधमनी चाप निकलते हैं।

**ventral ganglion** **अधर गुच्छिका**

तंत्रिका वलय के पश्च में स्थित त्रिपाली अधर गुच्छिका जिसमें 16-33 तंत्रिओन होते हैं।

**ventral** **अधर**

प्राणियों में उदर की ओर स्थित या नीचे की तरफ या भूमि की ओर वाली (सतह, संरचना या अंग)। वि. dorsal पृष्ठ

**ventricle** **निलय, वेन्ट्रिकल**

1. हृदय का एक कक्ष जिसके सिकुड़ने-फैलने से अलिन्द से आया हुआ रक्त धमिनयों में चला जाता है। पक्षियों तथा स्तनियों में दो निलय होते हैं। एक से फुफ्फुस को और दूसरे से शरीर के अन्य भागों को रुधिर पहुंचता है।

2. कशेरुकियों के मस्तिष्क में प्रमस्तिष्कमेरु तरल से भरी गुहिकाएं; जैसे प्रमस्तिष्क गोलार्ध के प्रथम तथा द्वितीय निलय, थैलामेनसेफ़ैलॉन का तृतीय निलय और मेडुला ऑब्लॉन्गेटा का चतुर्थ निलय।

**ventriculus** **पश्चजठर**

ग्रंथिल जठर या पेषणी के ठीक पीछे स्थित कीट की मध्यांत्र जहां पाचन और अवशोषण की अधिकांश प्रक्रिया सम्पन्न होती है। इसकी उत्पत्ति अंतस्त्वचा से होती है।

**vermicide** **कृमिनाशी**

वह रासायनिक पदार्थ जो कृमियों को नष्ट कर देता है।

**vermiform** **कृमिरूप**

लंबे, पतले, कृमि जैसे आकार के प्राणी।

**vermiform appendix** **कृमिरूप परिशेषिका**

कुछ स्तनियों में अंधनाल (सीकम) के सिरे का लम्बा पतला प्रवर्ध•या सीकम के दूरस्थ सिरे पर स्थित लंबी पतली नली जैसी संरचना। शाकाहारी स्तनियों में कृमिरूप परिशेषिका तथा सीकम काफ़ी लंबे होते हैं और इनमें सहजीवी जीवाणुओं की क्रिया द्वारा सेलुलोस का पाचन होता है।

**vertebra** **कशेरुक**

रीढ़ या कशेरुक-दंड बनाने वाली अनेक छोटी-छोटी अस्थियों या उपास्थियों में से एक। प्रत्येक कशेरुक में प्रायः एक सेन्ट्रम, (एक तंत्रिका-नाल जिसमें होकर मेरुरज्जु निकलती है,) और कई प्रवर्ध होते हैं। मछलियों में सभी कशेरुक लगभग एक जैसे होते हैं किंतु चतुष्पादों में इनमें क्षेत्रीय भेद हो जाते हैं।

**vertebral column** **कशेरुकदंड, मेरुदंड**

पृष्ठ में स्थित छोटे-छोटे कशेरुकों का अनुदैर्घ्य ढांचा जो शरीर को साधे-सम्हाले रखता है। यह कशेरुकियों की प्रमुख विशेषता है।

**vertebrate** **कशेरुकी**

रीढ़ वाले प्राणी जिनमें सुवर्धित मस्तिष्क को ढकने के लिए करोटि और शरीर को सम्हालने के लिए अस्थि या उपास्थि का कंकाल होता है। इनमें पांच प्रमुख वर्ग हैं – मछलियां, उभचर, सरीसृप, पक्षी और स्तनी।

**vertex** **शीर्ष, वर्टेक्स**

कीट-सिर के अधिकपाल का वह भाग जो फ्राँस के ठीक पीछे और संयुक्त नेत्रों के बीच में होता है। इसमें कभी-कभी युग्मित नेत्रक होते हैं, किंतु इसे पृथक् कठक नहीं माना जाता।

**vesicle** **आशय**

प्राणियों में गुहिका या छोटी थैली-जैसी संरचना जिसमें कोई तरल भरा हो; जैसे शुक्राशय।

**vesicula seminalis** **शुक्राशय**

शुक्रवाहक का चौड़ा हुआ भाग जिसमें शुक्राणु एकत्र होते हैं।

**vestibule** **प्रघाण**

ऐसा पथ, अवकाश या गुहिका जो इसी प्रकार की दूसरी संरचना में खुली हो। उदा. नासा-गुहा, कर्ण लैबीरिन्थ की गुहा।

**vestibulum** **बाह्य प्रगुहा**

वह बाह्य जनन-गुहिका जो सातवीं उदरीय उरोस्थि से आठवीं उदरीय उरोस्थि तक बढ़ जाती है।

**vestigial organ** **अवशेषांग**

ऐसा अंग या संरचना, जिसका आकार, रूप या कार्य विकास-क्रम के दौरान इतना छोटा या कम हो गया हो कि अब उसका चिह्न मात्र ही रह जाए। यह शारीरिक क्रियाओं में कोई योगदान नहीं देता किंतु इसके समजात अंग पूर्वजों में अपना विशिष्ट कार्य करते थे; जैसे मानव की परिशेषिका और बाह्य कर्ण की पेशियां।

**vestigial** **अवशेषी**

ऐसे अंग जो पूर्वज रूप में सुपरिवर्धित थे लेकिन विकास-क्रम के दौरान अल्पवर्धित हो गए।

**victim** **पीड़ित**

परजीवी संबंध का अपरजीवी सदस्य (पोषी)।

**villus** **विलस, रसांकुर**

1. कशेरुकियों की आंत्र में अंगुलि जैसे प्रवर्ध जिनसे आंत्र की अवशोषण-सतह काफ़ी बढ़ जाती है।

2. जरायु के प्रवर्धों में से कोई एक जिससे होकर पोषक तत्व भ्रूण तक पहुंचते हैं।

**vinculum** **विन्कुलम**

शल्कपंखी (लेपिडोप्टेरा) कीटों में नवें उदरीय खंड की कक्षाधरीय पट्टिका।

**viper** **वाइपर, घोणस**

एक प्रकार के विषैले सांपों का सामान्य नाम। चल हनुसंधिका (क्वाड्रेट) और जंभिका में छिद्रिल विष-दंत इनके विशिष्ट लक्षण हैं। ये सामान्यतः सजीवप्रजक (जरायुज) होते हैं।

**virga** **वेत्र, वर्गा**

शिश्न के अंतस्थ सिरे पर स्थित शूक जो प्रायः अंतःशिश्न से निकलता है।

**virgin B cell** **अक्षत बी. कोशिका**

बी. कोशिकाएँ जो प्रतिजन के संपर्क में नहीं आतीं।

**virgin lymphocyte** **अक्षत लसीकाणु**

ऐसा अन्–उपक्रमित लसीकाणु जिसका प्रतिजन के साथ समागम न हुआ हो।

**virion** **प्रभोजी**

विभोजी (फाज) का पूर्ण कण, जिसमें न्यूक्लीक अम्ल का क्रोड और प्रोटीन का आवरण होता है।

**viroid** **विषाणुभ**

पादप रोगजनकों का ऐसा वर्ग जिनमें एक संक्रामक, एकल रज्जु मुक्त आर.एन.ए. का असामान्य से कम अणुभार वाला अणु होता है।

**virology** **विषाणुविज्ञान, वाइरसविज्ञान**

विषाणु की प्रकृति, संरचना, भेद तथा क्रियाओं आदि के अध्ययन से संबंधित जीवविज्ञान की शाखा।

**virulence** **उग्रता**

संक्रमित करने की अत्यधिक क्षमता।

**virulent strain** **उग्र प्रभेद**

वह प्रभेद जो किसी परपोषी में बहुत कम संख्या में रहते हुए भी रोग उत्पन्न करने की क्षमता रखता है।

**virus** **विषाणु**

प्रोटीन कोट से आवृत्त डी.एन.ए. या आर.एन.ए. के क्रोड से बने अकोशिकीय तथा अवसूक्ष्मदर्शीय संक्रामक कण; जो सुग्राही परजीवी कोशिका में प्रविष्ट होने पर अपने न्यूक्लीक अम्लों के निर्देशन में तथा परजीवी कोशिका के रासायनिक संश्लेषण तंत्र की सहायता से अपनी वृद्धि और प्रतिकृतियन करते हैं।

**viscera** **अंतरंग**

शरीर के अंदर की गुहा में पाए जाने वाले अंग; जैसे हृदय यकृत्, आंत्र आदि।

**visceral skeleton** **हनुकंकाल**

मछलियों में अस्थि या उपास्थि के वे तत्व जो मिलकर क्लोम-चापों, कंठिका-चाप और चिबुक चाप का निर्माण करते हैं।

**vitamin** **विटामिन**

कार्बनिक अणु जिनकी सामान्य स्वास्थ्य तथा वृद्धि के लिए अत्यंत अल्प मात्रा में आवश्यकता होती है। इनका निर्माण उपापचयी पथ द्वारा नहीं होता, अतः इन्हें आहार के साथ लेना पड़ता है। इनका वर्गीकरण जल–विलेय (विटामिन सी तथा बी काम्लेक्स) और वसा विलेय (विटामिन ए.,डी.,ई., तथा के) के रूप में किया गया है।

**vitellarium** **पोषद अंडाशय, विटेलेरियम**

पीतक ग्रंथि; अंडाशयक, अंड-नलिका का वह भाग जिसमें पीतक (योक) के जमा हो जाने से अंडकों की वृद्धि होकर वे परिपक्व हो जाते हैं।

**vitelline gland** **पीतक ग्रंथि**

अंडाणुओं के चारों तरफ पीतक उत्पन्न करने वाली ग्रंथि, जो चपटे कृमि, रोटिफ़र आदि ऐसे अकशेरुकियों में पाई जाती है जिनके अंडाणु में पीतक नहीं होता।

**vitelline layer** **पीतकी परत**

अधिकांशतः ग्लाइकोप्रोटीन से बनी मोटी पारदर्शी परत जो कशेरुकियों तथा अकशेरुकियों की अंड कोशिका की प्लाज्मा झिल्ली को घेरे रहती है। स्तनधारियों में इसे पारदर्शी अंडावरण कहते हैं।

**vitelline membane** **पीतक झिल्ली**

अंडाणु के चारों और लगी तथा उसी से स्रावित होने वाली झिल्ली। यह जरायु के नीचे लगी रहती हैं। इसे 'प्राथमिक अंड कला' भी कहते हैं।

**vitellophag** **पीतकभोजी**

अंतश्चर्मी कोशिकाएं जो पीतक में फलित होती हैं और पीतक के पाचन में आंशिक रूप से योग देती हैं।

**vitreous chamber** **काचाभ द्रव-कक्ष**

कशेरुकियों की आंख में लेन्स और रेटिना के बीच का कक्ष जिसमें काचाभ द्रव भरा रहता है।

**vitreous humour** **काचाभ द्रव**

कशेरुकियों में आंख के पश्च कक्ष में लेन्स और रेटिना के बीच के भाग में भरा हुआ पारदर्शी अर्धतरल पदार्थ।

**viviparity** **सजीव-प्रजता, जरायुजता**

जनन-मार्ग में अंडों को धारण करने और जरायु के फटने पर शिशुओं को जन्म देने की प्रक्रिया अथवा मादा के शरीर में भ्रूण का बढ़ना-पनपना। यह अवस्था सभी अपरा-स्तनियों में तथा छुट-पुट रूप में कुछ अन्य प्राणियों (जैसे बिच्छू, शार्क आदि) में देखी जाती है।

**viviparous** **सजीवप्रजक**

बच्चों को जन्म देने वाली मादाएँ। सूत्रकृमियों में भ्रूणीय परिवर्धन के दौरान सुस्पष्ट अंडकवच नहीं होता और निक्षेपण से पहले डिंभक गर्भाशय में रहते हैं।

**viviparous** **जरायुज, सजीवप्रजक**

ऐसे मादा प्राणियों के लिए प्रुयक्त जिनमें भ्रूण जन्म से पहले कुछ समय तक शरीर के अंदर पनपते रहते हैं। सभी अपरायुक्त स्तनी इसी श्रेणी में आते हैं।

**vocal cord** **वाक् रज्जु**

श्लेष्मा कला के वलन जो कंठ (लैरिंक्स) की गुहिका में निकले रहते हैं। इनके कंपन से ध्वनि उत्पन्न होती है और ये अधिकांश स्तनियों तथा कुछ अन्य चतुष्पादों में पाए जाते हैं।

**vocal sac** **वाक् कोष**

मुख-गुहा के दोनों तरफ स्थित थैली जैसी अनुनादी संरचनाएं; जैसे कुछ जातियों के नर मेंढकों में।

**voluntary action** **ऐच्छिक क्रिया**

इच्छा के अनुसार होने वाली क्रिया; जैसे रेखित पेशियों की गति।

**voluntary muscle** **ऐच्छिक पेशी**

रेखाओं वाला सकुंचनशील ऊतक जो कशेरुकियों में कई केंद्रकों वाली लंबी कोशिकाओं से बनता है। ये पेशियां कृत्रिम उद्दीपनों के प्रति अनुक्रिया के रूप में या प्राणी की इच्छा के अनुसार कार्य करती हैं। उदा. ऊपरी भुजा की द्विशिरस्क (बाइसेप्स) पेशी।

**vomer** **सीरिका, वोमर**

स्तनियों की करोटि में तालव (पैलेटाइन) के ऊपर और नासा-गुहा के नीचे स्थिति कलास्थि। यह पक्षियों के पार्श्व-जतुक (पैरास्फ़ीनाइड) के समरूप होती है।

**vulva** — भग

1. जनन-कोष्ठ या योनि का बाह्य द्वार जिसका प्रयोग प्रायः मैथुन तथा अंडों के उत्सर्ग के लिए होता है। कीटों में यह कभी-कभी उदर के आठवें या नौवें खंड पर भी स्थित होता है।

2. मादा जनन-तंत्र की बाह्य संरचना।

# W

**wandering cells** **परिभ्रमी कोशिका**

1. रुधिर तथा संयोजी ऊतक की ऐसी कोशिकाएं जो किसी अंग या ऊतक में इधर-उधर घूमती है उदा. अमीबाणु, बृहत्भक्षकाणु आदि।

2. स्पंजों के मेसेन्काइम में इधर-उधर विचरती अमीकाम कोशिकाएँ।

**warfarin** **वारफैरिन**

कृंतकों को मारने के लिए प्रयुक्त बहुमात्रिक प्रतिस्कंदक।

**warm-blooded (homothermal)** **समतापी, नियततापी**

ऐसे प्राणियों के लिए प्रयुक्त शब्द जिनके शरीर का तापमान वातावरण के अनुसार न घट-बढ़ कर एक जैसा बना रहता है। उदा. सभी पक्षी और स्तनी।

**wasp** **बर्र**

हाइमेनॉप्टेरा गण का पंखयुक्त कीट जिसमें शरीर सामान्यतः छरहरा, मुलायम, उदर बारीक वृन्त द्वारा जुड़ा हुआ, पंख सुपरिवर्धित, मुखांग कर्तन प्रकार के तथा मादाओं व कर्मियों में विषैला डंक होता है। इनके कई कुल हैं और इनकी जातियां सामाजिक तथा एकल दोनों प्रकार के स्वभाव वाली होती हैं। नीड बनाने के स्वभाव और भोजन की दृष्टि से इनमें काफी विभिन्नता है किन्तु भ्रमर अथवा मक्षिकाओं के विपरीत ये अधिकांशतः मांसाहारी होते हैं और छत्तों में इल्लियों, कीटों, मकड़ियों आदि को मारकर अपने डिम्भकों के पोषण का प्रबन्ध रखते हैं। बर्र सामान्य रूप से दो अधिकुलों वेस्पाइडिया व स्पीकाइडिया में विभाजित किए गए हैं।

**water vascular system** **जल संवहनी तंत्र**

इकानोडर्मेटों (शूलचर्मियों) के सारे शरीर में जलीय द्रव ले जाने वाली नलिकाएं।

**wax filament** **मोम तंतुक**

छोटी नालियां, जो रंध्र नालों से लगी होती हैं तथा एपीक्यूटिकल और क्यूटिकलीय स्तरों का वेधन करती हैं। ऐसा समझा जाता है कि ये मोम अणुओं को एपीक्यूटिकल तक ले जाती हैं।

**wax gland** **मोम-ग्रंथि**

कुछ कीटों में पाई जाने वाली ग्रंथि-विशेष जो मोम का स्रवण करती है। मधुमक्खियों में ये ग्रंथियां उदर के नीचे होती हैं और इनसे भारी मात्रा में मोम का स्रवण होता है, जिसे 'मधु-मोम' कहा जाता है।

**wax layer** **मोम परत**

क्यूटिकुलीय परत और सीमेन्ट परत के बीच की एपीक्यूटिकुलीय लिपिड परत जोकि क्यूटिकिल की पारगम्यता में सहायक होती है।

**weak link** **दुर्बल कड़ी**

जीव के जीवन इतिहास का ऐसा सर्वाधिक सुभेद्य बिंदु जिस पर नियंत्रण-साधन आसानी से पहुंचाए जा सकते हैं।

**weevil** **घुन**

कुर्कुलिओनिडी कुल के भृंग जिनके लंबे प्रोथ या तुंड बीजों, लकड़ी आदि को वेधते हैं। इनमें से अधिकांश भंडारित उत्पादों और फलों के प्रमुख पीड़क होते हैं।

**weighting (in insect classification)** **वेटिंग**

किसी लक्षण के जातिवृत्तीय सूचना के निर्धारण की विधि; कीटों के उचित वर्गीकरण के लिए लक्षण के संभाव्य योगदान का मूल्यांकन।

**Weismann's ring (ring gland)** **वाइजमान वलय (वलय ग्रंथि)**

घरेलू मक्खी और गुंजन-मक्खी (ब्लोफलाई) जैसे कीटों में प्रमस्तिष्क-गुच्छिका के ठीक ऊपर स्थित मुख्य पृष्ठ रुधिर-वाहिका के चारों ओर एक ग्रंथि विशेष जिससे स्रावित हॉर्मोन प्यूपावरण के निर्माण को प्रेरित करते हैं।

**wettable powder** **क्लेदनीय चूर्ण**

ऐसा पीड़कनाशी संरूपण (ठोस या चूर्ण रूप में) जो पानी में मिलाने पर एक प्रकार का निलंबन बनाता है और फुहारने के काम आता है।

**whale** **ह्वेल, तिमि**

सीटेशिया गण का जलीय, विशेषतया बड़े आकार वाला स्तनी। मछली की आकृति का होने पर भी ये वास्तव में वायु-श्वासी, नियततापी व जरायुज स्तनी है जो अपने शिशुओं को दूध पिलाते हैं। इनमें अग्रपाद क्षेपणी रूप में, पश्चपाद आद्यांगिक व आंतरिक, पूंछ (पुच्छांग) मछलियों की तरह किन्तु क्षैतिज होती है। सिर में एक या दो नासा-छिद्र काफी दूर पर खुलते हैं।

**white ant** **दीमक**

आइसोप्टेरा गण के सामाजिक, बहुरूपी कीट जिनमें रानी, राजा, श्रमिक, सैनिक आदि प्रभेद होते हैं। ये बड़े समुदाय में लकड़ी के अंदर या मिट्टी की बनाई गई सुरंगों में रहते हैं।

**white blood cell** **श्वेत रुधिर-कोशिका**

ऐसी रुधिर-कोशिका जिसमें श्वसन-वर्णक नहीं होता। अभिरंजन-प्रतिक्रिया के अनुसार इनके अम्लरंजी तथा क्षारकरंजी दो भेद हो जाते हैं। मानव रुधिर में इनके कई प्रकार पाए जाते हैं; जैसे एकलाणु (मोनोसाइट), लसीकाणु (लिम्फोसाइट) तथा पोलीमोर्फ।

**white fly** **श्वेत मक्खी**

एल्यूरोडिडी कुल की छोटी समपंखी पादप-जूं जिसका शरीर महीन मोमी चूर्ण से ढका रहता है। यह पत्तियों, छोटे प्ररोहों और फलों से रस चूसती है और मधु जैसा चिपचिपा पदार्थ स्रावित करती है। यह कीट विषाणु रोगों का वाहक होता है।

**white matter** **श्वेतद्रव्य**

मस्तिष्क तथा मेरुरज्जु का वह भाग जो मुख्यतः मज्जावृत तंतुओं से बनता है। यह सामान्यतः धूसर द्रव्य के बाहर उन स्थलों पर होता है जो केंद्रीय तंत्रिका-तंत्र के विभिन्न भागों को जोड़ते हैं।

**white muscardine** **श्वेत मस्काडीन**

विभिन्न डिंभक और कोशित (प्यूपा) अवस्थाओं तथा वयस्क कीटों की कवकार्ति (mycosis) अर्थात् कवक रोग जो *हाइफोमाइसीटोन्स* कवक, *ब्यूवेरिआ बैसिआना* द्वारा होता है।

**whites** **श्वेता**

पियरेडी कुल की तितली जो सफेद, पीली या नारंगी रंग की होती है तथा जिस पर काले चकत्ते होते हैं। पादों के नखर द्विशाखी या दंतुल होते हैं।

**wing coupling** **पंख युग्मन**

(कीटों में) उड़ते समय अग्र-पंखों तथा पश्च-पंखों को जोड़े रखने की क्रियाविधि या युक्ति।

**wing flexion** **पक्ष आनमन**

उदर के ऊपर पश्च की ओर पंखों का वलयन।

**wing pad** **पक्ष तल्प**

किसी अर्भक या कोशित के वक्ष की बाह्य त्वचा से निकला एक छोटा वलन जो वयस्क कीट में पंख बन जाता है। इसे 'पक्ष मुकुल' भी कहते हैं।

**wing veins** **पंख शिरा**

पंखों का अनुदैर्घ्य और अनुप्रस्थ आलंबी ढांचा।

**wing venation** **पक्ष शिराविन्यास**

दे. शिराविन्यास (venation)।

**wing** **पंख, पक्ष**

1. पक्षी, चमगादड़ तथा टेरोडैक्टाइल में उड़ने के लिए रूपांतरित अग्रपाद।
2. कीटों में उड़ने के अंग जो वक्ष की त्वचा से उद्वर्ध के रूप में उत्पन्न हुए हैं।

**wolffian duct** **वोल्फी वाहिनी**

कशेरुकियों में दोनों तरफ एक–एक वृक्कीय वाहिनी जो भ्रूण में प्राक्वृक्क के क्षेत्र से निकलती है किंतु बाद में मध्यवृक्क की वाहिनी बन जाती है। मछलियों और उभयचरों में यह संरचना मादा में मूत्र-वाहिनी और नर में जनन-मूत्र-वाहिनी बन जाती है। सरीसृपों,

पक्षियों तथा स्तनियों में (जहां प्रकार्यात्मक वृक्क (पश्चवृक्क) में अलग वाहिनी (यूरेटर) होती है), वहीं यह केवल नर में पाई जाती है और शुक्रवाहक बन जाती है।

**worker (insect)** **कर्मी (कीट)**

सामाजिक कीटों– चींटियों, मक्षिकाओं (भ्रमर) और दीमकों में बंध्य व्यष्टि। कर्मी सामान्यतया (दीमकों को छोड़कर), मादाएं होती हैं जिनमें लैंगिक अंग अपूर्ण रूप से परिवर्धित होते हैं। अन्य व्यष्टियों की अपेक्षा इनकी संख्या अधिक होती है और नीड बनाना, भोजन लाना व जमा करना तथा समुदाय के अन्य सदस्यों को भोजन खिलाना इनके मुख्य कार्य होते हैं।

**worm** **कृमि**

प्लेटीहेल्मिन्थीज, नेमेटोडों तथा एनीलिड प्राणियों का सामान्य या प्रचलित नाम।

**wound parasite** **घाव परजीवी**

वह परजीवी जो परपोषी पर तभी आक्रमण कर पाता है जब वह पहले से ही क्षतिग्रस्त ऊतक में स्थापित हो गया हो।

# X

**xanthopterin** **जैन्थोप्टेरिन**

बर्रों के शरीरों और कुछ तितलियों के पंखों में पाया जाने वाला, टेरिडीन से व्युत्पन्न, एक पीला वर्णक।

**X-chromosome** **एक्स. गुणसूत्र**

वह लिंग गुणसूत्र जो समयुग्मकी व्यष्टि में तो दो लेकिन विषमयुग्मकी व्यष्टि में एक पाया जाता है जैसे मानव नर में एक और मादा में दो। वाई. गुणसूत्र की अपेक्षा महत्वपूर्ण जीन इसमें अधिक पाये जाते हैं।

**xenoantibody** **परप्रतिरक्षी**

किसी जाति में बना कोई प्रतिरक्षी जिसका समजात प्रतिजन दूसरी जाति से व्युत्पन्न होता है।

**xenodiagnosis** **पोषी निदान**

रोगवाहक द्वारा संचरित रोग के निदान की विधि।

**xenogamy** **परनिषेचन**

भिन्न व्याष्टियाँ (विशेषतः भिन्न जीन प्ररूपों वाली व्यष्टियाँ) के नर तथा मादा युग्मकों का संलयन।

**xenos (stylops)** **जेनोस (स्टाइलोप्स)**

स्ट्रेप्सिप्टेरा का एक वंश जिसके डिंभक और पंखहीन मादाएं बर्रों पर परजीवी होते हैं और स्टाइलेपिजेरान का कारण बनते हैं, उदा. –*जेनोस वेस्पेरम*। इस वंश के कीटों को आमतौर पर स्टाइलोप्स कहा जाता है।

**xeromorphic insect** **शुष्कतानुकूलित कीट**

मोटी क्यूटिकल, रोमों के आवरण और इन्हीं के समान संरचनात्मक अभिलक्षणों द्वारा सतही वाष्पन की अत्यधिक हानि से सुरक्षित कीट।

**xiphisternum** **पश्चउरोस्थि, जिफ़िस्टर्नम**

अधिकांश कशेरुकियों में उरोस्थि का पश्चीय तथा सामान्यतः उपास्थिमय भाग (खंड)। मानव में यह खड्गाकार प्रवर्ध (ensiform process) कहलाता है।

# Y

**Y-chromosome** **वाई-गुणसूत्र**

केवल विषमयुग्मी व्यष्टि में पाया जाने वाला लिंग गुणसूत्र। यह गुणसूत्र अधिकांश स्तनी प्राणियों के नरों की कोशिकाओं में पाया जाता है। इसमें एक्स. गुणसूत्र की अपेक्षा नगण्य महत्वपूर्ण जीन होते हैं।

**yellow jacket (wasp)** **पीतांशक (बर्र)**

पीले या काले रंग की बर्र के लिए प्रयुक्त सामान्य नाम।

**yolk cells** **पीतक कोशिका**

पीतक में पाई जाने वाली विदलन कोशिकाएं जो कोरकचर्म (ब्लास्टोडर्म) के निर्माण में भाग नहीं लेतीं।

**yolk cleavage** **पीतक विदलन**

पीतक का पिंडों में विभाजन जिनमें एक या अनेक केंद्रक हो सकते हैं।

**yolk plug** **पीतक प्लग**

उभयचरों की कंदुक (गैस्ट्रुला) अवस्था में कोरकरंध्र (ब्लास्टोपोर) के अंदर दिखाई देने वाली वर्णकहीन पीतक-कोशिकाएं।

**yolk sac** **पीतक कोश, योक सैक**

पक्षियों सरीसृपों तथा कुछ मछलियों के भ्रूणों में पीतक से भरा कोश जो आंत्र से संपर्क बनाए रखता है या उससे लगा रहता है। स्तनियों के भ्रूण में यह कोश छोटा तथा पीतकहीन होता है।

**yolk** **पीतक, योक**

अधिकांश प्राणियों के अंडों में अंडकोशिका में निर्मित पोषक पदार्थ जो पीतकी झिल्ली द्वारा घिरा रहता है और जिसमें प्रोटीन और वसा कणिकाएं होती हैं। कुछ कृमियों में यह अंडाणु में उत्पन्न न होकर पीतकी ग्रंथियों द्वारा उत्पन्न होता है।

**y-vein** **वाई-शिरा**

दो आसन्न शिराएं जो दूरस्थ रूप से युग्मित होकर अंग्रेजी के "वाई" अक्षर की आकृति बनाती हैं, उदाहरण के लिए विपोनोम्यूटिडी कुल (फेमिली) के कीटों के अगले पंख की पक्षांत शिरा।

# Z

**zarhopalus** **जारोपैलस**

एन्सिर्टिडी कुल के सूक्ष्म परजीवी बर्रों का एक वंश जिसके कीट एफ़िडों के शरीर में अंडे देते हैं।

**zona pellucida** **पारदर्शी अंडावरण**

स्तनियों में अंडाणु के चारों तरफ की रेखित झिल्ली या समांगी कला जो गर्भाशय में गर्भरोपण के पहले ही लुप्त हो जाती है। यह मोटी पारदर्शी परत अंडाणु को परिवेशी कणिकामय कोशिकाओं से पृथक करती है।

**zoogeography** **प्राणिभूगोल**

पृथ्वी पर विभिन्न प्राणियों के वितरण के अध्ययन से संबंधित प्राणिविज्ञान की शाखा।

**zooid** **जीवक**

आपस में जुड़े हुए निवही प्राणियों की एक इकाई, जैसे सीलेन्टेरेट प्राणियों में पॉलिप। मूल रूप से समान होते हुए भी पॉलिपों में आकार, व्यवहार या कार्य संबंधी काफी भिन्नता पाई जाती है; जैसे पोषण से संबंधित पॉलिप गैस्टीरोजोइड और जनन से संबंधित पॉलिप गोनोजोइड कहलाते हैं।

**zoological classification** **प्राणी वर्गीकरण**

प्राणियों को उनके संबंधों (सान्निध्य, समानताओं अथवा दोनों) के आधार पर समूहों में क्रमबद्ध करना।

**zoologist** **प्राणिविज्ञानी**

वह वैज्ञानिक जो प्राणियों की वृद्धि, पाचन, परिसंचरण, अनुक्रिया, समंजन, जनन तथा व्यवहार, आदि विविध जैविक क्रियाओं या प्रक्रियाओं का अध्ययन करता है।

**zoology** **प्राणिविज्ञान**

प्राणियों के अध्ययन से संबंधित जीवविज्ञान की शाखा।

(दे. zoologist)

**zooplankton** **प्राणिप्लवक**

पानी में सामान्यतः ऊपरी सतह पर या उसके आस-पास बहते-तैरते हुए सूक्ष्म प्राणियों का सामूहिक नाम। इसमें कई प्रोटोजोआ, क्रस्टेशिया, कुछ मोलस्क, कृमि तथा कई प्राणियों के लारवा आते हैं।

**zootermopsis** **जुओटर्मोप्सिस**

दीमकों का एक वंश (जीनस) जो पश्चिमी कनाडा और संयुक्त राज्य अमरीका के जंगलों में गीली लकड़ी के अंदर रहता है। यह दीमक की पूर्वज (आदिम) जाति है।

**Zoraptera** **ज़ोरेप्टेरा (अचिरपंखी गण)**

सपंखी या अपंखी कीट जिनकी शृंगिकाएं नौ-खंडीय मालाकार होती हैं। अधिकपालीय सीवन अंग्रेजी के अक्षर वाई जैसा। जंभिका प्रसामान्य; अधरोष्ठस्पर्शक त्रिखंडीय; पंख यदि हों तो उन्हें आधारी विभंगों द्वारा गिराया जा सकता है; शिराविन्यास लघुकृत। अग्रवक्ष सुपरिवर्धित; गुल्फ द्विखंडीय; लूम बहुत छोटे व एकखंडीय; अंडनिक्षेपक नहीं होता। नर जननांग विशिष्टीकृत और कभी-कभी असममितीय; कायांतरण थोड़ा-सा। उदा.–**जोरोटाइपस**।

**zygapophysis** **योजिप्रवर्ध**

कशेरुक में एक उभार या संधितल जिसके ज़रिए दो कशेरुक आपस में जुड़े या लगे रहते हैं। सामान्यतः अगले कशेरुक के पश्चयोजिप्रवर्ध ठीक पीछे स्थित कशेरुक के अग्रयोजिप्रवर्ध से मिलते हैं। इस प्रकार सभी कशेरुक बिना अपनी जगह से हटे थोड़ा बहुत हिल-डुल सकते हैं।

**Zygentoma** **जाइगेन्टोमा**

थाइसैन्यूरा (शूक पुच्छ) का एक उपगण जिसमें रजताभ मीन (सिल्वर फिश– *लेपिज्मा*) और फायरब्रैट (*थर्मोबिया*) आते हैं।

**zygodactyly** **युग्मांगुलिता**

पैर की दो अंगुलियों का आगे होना और दो अंगुलियों का पीछे की ओर मुड़ा होना; जैसे कुछ चिड़ियों में पहली तथा चौथी पादांगुलि का पीछे और दूसरी तथा तीसरी पादांगुलि का आगे की ओर होना।

**zygoid parthenogenesis** **जाइगॉइड अनिषेकजनन**

कीटों में, अंड से अलैंगिक जनन जो अपने परिवर्धन की अवधि में द्विगुणित बना रहता है।

**zygomatic arch** **गंडचाप**

स्तनियों की कपोल-अस्थि बनाने वाला चाप, जिसमें गंडिकास्थि का पश्च प्रवर्ध शलकास्थि के अग्रप्रवर्ध से जुड़ा रहता है। यह नेत्रकोटर की निचली सीमा बनाता है।

**Zygoptera** **ज़ाइगोप्टेरा**

डेमसल फ्लाई तथा व्याध पतंग (ड्रेगनफ्लाई) के समान कीटों का पतले शरीर और तंग आधार के पंखों वाले कीटों का गण जिसमें पंख विश्राम की स्थिति में उदर के ऊपर ऊर्ध्वाधर रूप में खड़े रहते हैं। पिछले पंख आगे के पंखों से ज्यादा भिन्न नहीं होते–जैसे कि यथार्थ व्याध पतंग (एनआइसोप्टेरा) में होते हैं। डेमसल फ्लाई के उदर के पिछले सिरे पर तीन लंबे पुच्छक्लोम (कॉडल गिल) होते हैं।

**zygote** **युग्मज**

निषेचित अंडाणु अर्थात् नर और मादा युग्मकों के परसार मिलने से बनी कोशिका।

**zygotene** **ज़ाइगोटीन**

अर्धसूत्रण के प्रथम विभाजन में प्रोफेज की एक अवस्था जब युग्मित गुणसूत्र पहली बार लंबे धागे के जोड़ों की तरह दिखाई देते हैं। इन जोड़ों में सूत्रयुग्मन (सिनैप्सिस) होता है तथा इस अवस्था के दौरान सेक्स-क्रोमेटिन स्पष्ट दिखाई देती है और क्रोमोमियर बिल्कुल लुप्त हो जाता है। यह पैकीटीन के पहले और लेप्टोटीन के बाद की अवस्था है।

**zygotic meiosis** **युग्मज अर्धसूत्रण**

अगुणित प्रावस्था प्रधान जीवन चक्र में अगुणित कायिक कोशिकाओं के बनने से पहले युग्मज में होने वाला अर्धसूत्री विभाजन।

**zymodeme** **ज़ाइमोडीम**

किसी वर्गक की उपसमष्टि।

**zymogen** **जाइमोजन**

किसी एन्जाइम का निष्क्रिय पूर्वगामी (विशेष रूप से अग्न्याशयी कोशिकाओं में पाया जाने वाला पाचक एन्जाइम) जिसकी पॉलिपेप्टाइड शृंखला के सीमित अपघटन से सक्रिय एन्जाइम बनता है।

# परिशिष्ट-1
## देवनागरी का अकारादिवर्णक्रम

**स्वर :** अँ अं अः/अ आँ आं आ ऑ इं इ ईं ई उँ उं उ ऊँ ऊं ऊ ऋ एँ एं ए ऐं ऐ ओं ओ औं औ।

**व्यंजन :** क क्ष ख/ख़ ग/ग़ घ च छ ज/ज़ ज्ञ झ ट ठ ड/ड़ ढ/ढ़ ण त त्र थ द ध न प फ/फ़ ब भ म य र ल व श श्र ष स ह

**उदाहरण :**

1. कँ कं कः/क काँ कां का कॉ किं कि कीं की कुँ कुं कु कूँ कूं कू कृँ कृ कें के कैं कै कों को कौं कौ

2. कँकड़ीला, कंकण, कंकत, कंकाल, कंगन, कंगूरा, कंचुकी, कठ, कंठ्य, कक्का, कक्षा, कलाकार, काँच, कांत, कालानुक्रम, कॉलिज, किताब, कीट, कुंचन, कुंडल, कुत्ता, कूंज, कूदना, कृंतक, कृपा, केंद्र, केला, कैंची, कैद, कोंपल, कोटि, कोड़ा, कौंध, कौतुक, कौशल, कौषेय, कौस्तुभ, क्यारी, क्यों, क्रंदन, क्रम, क्रांति, क्रिया, क्रीड़ा, क्रुद्ध, क्रूर, क्रेता, क्रोध, क्रौंच, क्लांति, क्लिष्ट, क्वण, क्वांरा, क्षण, क्षत्रिय, क्षमा, क्षय, क्षरण, क्षितिज, क्षीण, क्षुद्र, क्षेत्र, क्षैतिज, क्षोभ, क्षौर।

**वर्णानुक्रम के सामान्य नियम :**

1. कोश के वर्णक्रम में पूर्ण अक्षर से पहले अनुनासिक व अनुस्वार चिह्न ँ, ं युक्त वर्ण आएगा, जैसे हँस, हंस, हस, हास, हास।

2. आधे अक्षर पूर्ण अक्षरों के बाद आएंगे, जैसे कर, कर्कट, कौन, क्या।

3. संयुक्ताक्षरों का वर्णक्रम उनके घटकों के क्रम से निर्धारित होता है, जैसे क्ष = क्+ष, त्र = त्+र, ज्ञ = ज्+ञ्, श्र = श्+र, क्रम = क्+र+म, कर्म = क+र्+म, द्व = द्+व

## परिशिष्ट—2

# पारिभाषिक शब्दावली
# हिंदी-अंग्रेजी

| | |
|---|---|
| अंकुश | hook |
| अंकुश कृमि | hook worm |
| अंगक | organelle |
| अंगघात | paralysis |
| अंगुलास्थि | phalanx |
| अंगुलि | digit |
| अंगुलिचारी | digitigrade |
| अंगुलि सूत्र | digital formula |
| अंड | egg |
| अंडक | oocyte |
| अंडक्षेपक | ovijector |
| अंडज | oviparous |
| अंडजता | oviparity |
| अंडजनन | 1. spawn/spawning<br>2. oogenesis |
| अंडजननी | oogonium |
| अंडजरायुज | ovoviviparous |
| अंडजोत्पत्ति | hatching |
| अंडजोत्पत्ति कारक | hatching factor |
| अंडद्वार | micropyle |
| अंडधानी | oogonium (in plants) |
| अंडनिक्षेपक | ovipositor |

| | |
|---|---|
| अंडप्रजक | oviparous |
| अंडप्रजकता | oviparity |
| अंडवाहिनी | oviduct |
| अंडसजीवप्रजक | ovoviviparous |
| अंड संहति | egg mass |
| अंडा | egg |
| अंडाकार गवाक्ष | fenestra ovalis |
| अंडाणु | ovum (ova) |
| अंडाशय | ovary |
| अंडाशयक | ovariole |
| अंडोत्सर्ग | ovulation |
| अंतःकंकाल | endoskeleton |
| अंतःकटक | crista |
| अंतःकाय | endosome |
| अंतःकोशिकता | endocytosis |
| अंतःक्यूटिकल | endocuticle |
| अंतःक्रमण | invasion |
| अंतःपरजीवी | endoparasite |
| अंतःप्रकोष्ठिका | ulna |
| अंतःप्रजनन | inbreeding |
